# शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

अधिकतम : $34^{0}$C
न्यूनतम : $22^{0}$C

मेरठ, सोमवार 8 जून 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 20 अंक 1 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 21 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




अखिलेश यादव ने राम मंदिर में चढ़ावे की रकम को लेकर उठाए गंभीर सवाल पेज 2



मुल्लांपुर टेस्टः भारत ने कसा अफगानिस्तान पर शिकंजा खेल टाइम्स



गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं सभी महासागर सम्पादकीय



उत्तर कोरिया ने अमेरिका को दी खुली चुनौती, परमाणु हथियार नहीं छोड़ेंगे पेज 12

## रसोई गैस ने दिया एक और महंगाई का झटका

# LPG सिलेंडर ₹29 महंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपये महंगा हो गया है। नई दरें रविवार रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। दिल्ली में अब 14.2 किलो वाला गैस सिलेंडर 913 से बढ़कर 942 रुपये का हो गया है। तीन महीने में दूसरी बार एलपीजी की कीमत बढ़ाई गई है। इससे पहले 7 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 बढ़ाए गए थे। इस तरह 3 महीने के अंदर घरेलू सिलेंडर 89 रुपये महंगा हो गया है।



- दिल्ली में अब 942 रुपये में मिलेगा घरेलू गैस सिलेंडर
- तीन महीने में दूसरी बार एलपीजी की कीमत बढ़ाई गई
- तीन महीने में कुल 89 रुपये बढ़े

सूत्रों के अनुसार, तेल कंपनियों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ी ऊर्जा लागत और घरेलू बिक्री पर नुकसान के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ी हैं। इस बीच सरकार का कहना है कि दुनिया भर में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय परिवारों को सबसे सस्ती कुकिंग गैस मिल रही है। भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत पड़ोसी देशों और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसी एडवांस इकोनॉमी के मुकाबले काफी कम है। वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत का बोझ सरकार खुद उठा रही है और इसे आम उपभोक्ताओं पर पास-ऑन नहीं होने दिया गया है। भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जुड़ी हुई हैं। इसके बावजूद सरकार घरेलू एलपीजी की कीमतों को नियंत्रित रखती है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को हर साल रिफिलिंग पर प्रति सिलेंडर 300 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी सीधे बैंक खाते में मिलती है। यह छूट साल के पहले 4 सिलेंडरों पर लागू होती है, जिससे उन्हें एक सिलेंडर प्रभावी रूप से 642 रुपये का पड़ता है। भारत में 10.58 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला कनेक्शन हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के बाद भारत में एक घरेलू एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई लागत (कास्ट टू सप्लाई) 1,600 रुपये से ऊपर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि सरकारी तेल कंपनियों को हर घरेलू सिलेंडर पर करीब 700 रुपये की अंडर-रिकवरी (नुकसान) हो रही है। इस अंडर-रिकवरी के अंतर को पब्लिक सेक्टर की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां झेल रही हैं, जिसकी आंशिक भरपाई सरकार द्वारा की जाती है। पिछले वित्त वर्ष के अंत तक घरेलू एलपीजी पर कुल अंडर-रिकवरी बढ़कर 60,000 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो इससे पिछले साल 41,338 करोड़ रुपये थी।

# नीट पेपर लीक के बाद एनटीए सिस्टम बदलेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी
- एक्सपर्ट्स सवाल तैयार तो करेंगे, पर पता नहीं होगा, किस एग्जाम के लिए किया

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक और सीबीएसई की मार्किंग गड़बड़ियों के बाद सरकार परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, एनटीए ऐसा नया सिस्टम बनाने पर काम कर रही है, जिसमें सवाल तैयार करने वाले एक्सपर्ट्स को भी पता नहीं होगा कि वह किस एग्जाम के क्वेश्चन पेपर बना रहे हैं।

नई योजना के तहत अलग-अलग विषयों के एक्सपर्ट्स केवल सवाल तैयार करेंगे। इन सवालों को एक बड़े डिजिटल बैंक में रखा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक इसमें करीब 10 हजार सवाल हो सकते हैं। बाद में टेक्नीक की मदद से इन सवालों से फाइनल एग्जाम पेपर तैयार होगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिक जिम्मेदारी ली है। मंत्री जिम्मेदारी से नहीं भाग रहे, बल्कि व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार कदम उठा रहे हैं। एनटीए से जुड़े अधिकारी ने कहा कि हम चाहते हैं कि पूरे प्रश्नपत्र की जानकारी बहुत कम लोगों तक पहुंचे। सिस्टम को लोगों पर नहीं, प्रोसेस पर भरोसा करना चाहिए। पेपर लीक मामले में ट्रांसलेशन करने वालों की गिरफ्तारी के बाद एनटीए ट्रांसलेशन प्रोसेस में भी बदलाव करना चाहती है।

### नीट के तथ्य सामने लाने के लिए राहुल गांधी ने की सार्थक की प्रशंसा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट और सीबीएसई से जुड़ी कथित अनियमितताओं के मामले में तथ्य सामने लाने वाले 18 वर्षीय सार्थक और उसके साथी निसर्ग की सराहना करते हुए कहा है कि देश की युवा शक्ति सत्ता और शासन से सवाल पूछने और सच उजागर करने का साहस रखती है। राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सार्थक मात्र 18 वर्ष का है, लेकिन उनकी सोच, साहस और सिद्धांत किसी से कम नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मलयालम अभिनेता सलीम कुमार का निधन



**कोच्चि।** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता मलयालम अभिनेता सलीम कुमार का शनिवार देर रात यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे। अमृता हॉस्पिटल के मेडिकल बुलेटिन के अनुसार सलीम कुमार को शनिवार को बुखार और सांस लेने में तकलीफ एवं अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका गहन इलाज के बावजूद दिल का दौरा पड़ने से देर रात 10:43 बजे निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी सुनीता और दो बेटे, चंदू और आरोमल हैं। उनके पार्थिव शरीर को रविवार सुबह से अंतिम संस्कार से पहले लोगों के श्रद्धांजलि देने के लिए पारवूर टाउन हॉल में रखा जाएगा।

### बागपत में तैनात घूसखोर डीएसओ व एआरओ निलंबित

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत में तैनात रहे जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) अनूप तिवारी और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी (एआरओ) जोगेंद्र सिंह को आठ दिन पूर्व हुए रिश्वत प्रकरण मामले में शासन ने दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। दरअसल, पिलाना ब्लॉक के ग्राम बुढ़सैनी निवासी राशन डीलर नरेंद्र सिंह से खाद्यान्न वितरण के कमीशन के नाम पर 29 मई को जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी ने 40 हजार और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी जोगेंद्र सिंह ने 10 हजार रुपये लिए थे। उसी समय विजिलेंस की टीम ने छापामारी कर डीएसओ को कार्यालय से ही रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एआरओ टीम हापुड़ जनपद के ग्राम निजामपुर स्थित एक ढाबे से गिरफ्तार कर लिया था।

### इंडिया गठबंधन की बैठक आज, शामिल होंगे 23 दल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की सोमवार (आज) को यहां होने वाली बैठक में 23 दलों ने भाग लेने की पुष्टि कर दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यहां कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित इस बैठक में इंडिया गठबंधन के 23 दल शामिल हो रहे हैं।

## सरकार ने ट्रेलर देखा कॉकरोच क्या कर सकते हैं, लेकिन बात खत्म नहीं हुईः अभिजीत

छत्रपति संभाजीनगर, वार्ता




- आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा, जब तक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते

**कॉकरोच जनता पार्टी** (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को कहा कि नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर उनका आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा, जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते।'

दीपके ने कहा कि शनिवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन काफी सफल रहा। 7,000 लोगों ने हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन ने सरकार को एक ट्रेलर दिखाया है। बात अभी खत्म नहीं हुई है। अब यह आंदोलन पूरे देश में किया जाएगा। सीजेपी फाउंडर रविवार सुबह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के वालुज इलाके में अपने घर पहुंचे, जहां उनके परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। अभिजीत ने घर पहुंचने के बाद अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि वे इंस्टाग्राम लाइव पर फालोअर्स को संबोधित करेंगे। संबोधन कब होगा, यह नहीं बताया है। जब तक हम आवाज नहीं उठाएंगे तब तक परिवर्तन नहीं हो सकता। धर्मेंद्र प्रधान ने पूरी पीढ़ी के साथ अन्याय किया है। वे अगर इस्तीफा नहीं देते, तो 13 जून को फिर प्रदर्शन होगा।

## टीएमसी नेता का सिर मुंडवाया, जूते की माला पहनाकर परेड निकाली



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद टीएमसी नेताओं के खिलाफ लोगों का गुस्सा सामने आ रहा है। कोलकाता में रविवार को गिरफ्तार टीएमसी पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता को कोर्ट ले जाते समय लोगों ने उनकी गाड़ी पर अंडे फेंके। वहीं, सोशल मीडिया पर दो और वीडियो वायरल हैं। भाजपा ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें पुलिस से बचने के लिए एक नेता साड़ियों के नीचे छिपा मिला। दूसरा वीडियो हावड़ा का है। इसमें कट मनी वसूल करने वाले एक नेता का लोगों ने पहले सिर मुंडवाया। फिर जूते-चप्पल की माला पहनाकर उसकी परेड निकाली। ये वीडियो भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भी एक्स पर शेयर किए हैं। हावड़ा के अमरदाहा गांव में ग्रामीणों ने टीएमसी नेता सन्यासी मन्ना का सिर मुंडवाकर उन्हें जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया। ग्रामीणों का आरोप है कि वह सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे वसूलता था।

### मानसून महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में पहुंचा

**नई दिल्ली।** मानसून रविवार को चार और राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश में पहुंच गया। महाराष्ट्र में मानसून केवल दक्षिण कोंकण तक बढ़ा। इसके चलते 9 जून तक सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी में भारी बारिश हो सकती है। हालांकि अगले हफ्ते तक राज्य में बारिश का पैटर्न कमजोर रहने का अनुमान है। मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर गया। देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई।

## बांग्लादेश लौटने के लिए खुद सामने आ रहे अवैध प्रवासी

- बंगाल में रोज 200-300 लोगों का वेरिफिकेशन
- बॉर्डर पर दोनों देशों में एक जैसा तनाव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की हकीमपुर चेकपोस्ट पर इन दिनों अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की भीड़ जुट रही है।

ये लोग खुद अपनी पहचान बताकर बांग्लादेश लौटने की इच्छा जता रहे हैं। हालांकि, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) उन्हें सीधे सीमा पार भेजने के बजाय बायोमीट्रिक और अन्य पहचान पत्र लेकर बंगाल में बनाए गए होल्डिंग सेंटरों में भेज रही है। हकीमपुर बॉर्डर पर वेरिफिकेशन सेंटर पर रोजाना करीब 200 से 300 लोग वेरिफिकेशन के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से कई लोग सालों पहले अवैध रूप से भारत आए थे और अब बदलते हालात के बीच अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कई लोगों के पास भारतीय दस्तावेज हैं, लेकिन बांग्लादेशी पहचान संबंधी कागजात नहीं हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पहली बार ऐसी स्थिति बनी है जब अवैध प्रवासियों को तलाशने की जरूरत नहीं पड़ रही। लोग खुद वेरिफिकेशन कराने और अपनी पहचान दर्ज कराने के लिए चेकपोस्ट पर पहुंच रहे हैं। सुबह से शाम तक लोगों की लंबी कतारें लगी रहती हैं और वेरिफिकेशन में काफी समय लग रहा है।




## संक्षिप्त समाचार

### 24 घंटे पहले टेलीग्राम पर शेयर हुआ क्यूआर कोड

**लखनऊ।** यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2026 शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अभ्यर्थियों को ठगने की बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म टेलीग्राम पर फर्जी चैनल बनाकर कुछ शातिर लोग परीक्षा का कथित असली प्रश्नपत्र बेचने का दावा कर रहे थे। मामले की जानकारी मिलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करते हुए लखनऊ के हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार टेलीग्राम पर यूपीपी एग्जाम पेपर नाम से संचालित एक फर्जी चैनल पर अभ्यर्थियों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की जा रही थी कि पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो चुका है।

### सरकार जनता को राहत देने में नाकाम: टीएमसी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भी सिलेंडर के दामों में वृद्धि के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि वैश्विक संकटों का पूरा बोझ आम लोगों पर डाला जा रहा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि सरकार भविष्य की चुनौतियों के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाती और हर बार कीमतों का भार सीधे जनता पर डाल देती है। टीएमसी ने कहा कि अमीरों के लिए यह मामूली बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन करोड़ों परिवारों के लिए यह घरेलू बजट पर बड़ा झटका है। विशेषज्ञों के मुताबिक ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी की प्रमुख वजह मिडिल ईस्ट में जारी तनाव है। फरवरी के अंत में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा कल से, चलेंगी अतिरिक्त बसें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा आठ, नौ और 10 जून को प्रदेशभर में कराई जा रही है। इसमें 28 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होने की उम्मीद है। ऐसे में अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है।

परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने सुरक्षित आवागमन व सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रोडवेज के प्रबंध निदेशक पीएन सिंह को क्षेत्रीय प्रबंधकों और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को विशेष निर्देश जारी करने को कहा है। मंडल व जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। जो जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। प्रमुख बस स्टेशनों पर परीक्षा सहायता डेस्क स्थापित किए जाएंगे।



■ 28 लाख अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना

यहां अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन व आवश्यक जानकारी मिलेगी। परीक्षा केंद्रों तक पहुंच के लिए बसों का अस्थायी रूट डायवर्जन व अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन राज्यमंत्री ने निर्देशित किया कि पर्याप्त संख्या में बसें, चालक और परिचालक उपलब्ध कराए जाएं। चालकों और परिचालकों को परीक्षार्थियों के प्रति संवेदनशील व सहयोगात्मक व्यवहार करने के निर्देश दिए गए हैं। बसों की उपलब्धता और संचालन की निगरानी वीएलटीडी और जीपीएस प्रणाली से वास्तविक समय में होगी। सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली सक्रिय रहेगी। साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन और अन्य यात्री सुविधाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध होंगी। सभी बसें तकनीकी रूप से सुचारु और सुरक्षित अवस्था में संचालित होंगी। प्रत्येक बस में अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार किट, अतिरिक्त पहिया व आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहेंगे। आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मार्गों पर प्रवर्तन दल लगातार सक्रिय रहेंगे। सभी डीजल पंप चौबीसों घंटे संचालित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। परिवहन राज्यमंत्री ने अभ्यर्थियों से यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने की अपील की।

## नवीं-दसवीं में तीसरी भाषा शामिल करने का फैसला वापस हो: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** शिक्षा संबंधी संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नवीं-दसवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में तीसरी भाषा को शामिल करने के फैसले पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने इस फैसले को 'मनमाना और अनियोजित' बताया है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। रमेश ने बताया कि सिंह ने प्रधानमंत्री से इस कदम के खिलाफ दखल देने का आग्रह किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फैसले को स्थापित शैक्षणिक योजना के मानकों का उल्लंघन कर और सीबीएसई की प्रबंधकीय निकाय के पहले ही लिए जा चुके निर्णयों के विपरीत लागू किया गया है।

# रसोई गैस दर बढ़ाकर जनता को लूट रही है सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि वह अब रसोई गैस के बहाने जनता को लूट रही है और 12 साल में उसने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 530 रुपये की वृद्धि की है। खड़गे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मोदी सरकार ने पिछले चार महीनों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में 89 रुपये की बढ़ोतरी की है। संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर 41 देशों से ईंधन विविधीकरण (फ्यूल डाइवर्सिफिकेशन) की बात कही थी, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी एलपीजी की किल्लत बनी हुई है। उन्होंने सवाल किया कि 2025-26 में उज्ज्वला योजना के 5.56 करोड़ परिवारों ने केवल एक बार या एक भी बार रिफिल नहीं कराया। इनमें से 3.30 करोड़ परिवारों ने तो एक भी सिलेंडर रिफिल नहीं लिया। उन्होंने पूछा कि क्या यह स्थिति सरकार की नीतियों और बढ़ती कीमतों का परिणाम नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेता और मोदी पहले महंगाई के मुद्दे पर यूपीए सरकार को घेरते थे, लेकिन अब घरेलू एलपीजी की कीमतों में लगातार वृद्धि के बावजूद भाजपा के नेता चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने सवाल किया कि जो नेता पहले महंगाई के विरोध में सिलेंडर लेकर सड़कों पर बैठते थे, वे अब विरोध क्यों नहीं कर रहे हैं। खड़गे ने कहा कि बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की ऊंची कीमतों का सबसे अधिक असर गरीब तथा मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है और सरकार को इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए।

■ मोदी सरकार ने चार महीनों में घरेलू सिलेंडरों के दामो में 89 रुपये बढ़ाए



# दिल्ली-एनसीआर में रहेगा फिलहाल गर्मी का सितम

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ मौसम विभाग ने 25 से 30 जून तक मानसून पहुंचने की जताई उम्मीद

दिल्ली- एनसीआर के लोगों को अभी कुछ दिन और गर्मी और तपिश झेलना पड़ेगा। मौसम विभाग की तरफ से संभावना जताई गई है कि 25 से 30 जून के बीच मानसून दिल्ली पहुंच सकता है। रविवार सुबह 7 बजे दिल्ली का तापमान 32 डिग्री सेल्सिसय दर्ज किया गया।

हाल ही में बारिश के चलते दिल्ली-एनसीआर में लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन एक बार फिर झुलसा देने वाली गर्मी जीना दुश्वार कर सकती है। वहीं 8 जून को मौसम के और भी गर्म होने की संभावना जताई गई है। इस दिन दिल्ली में अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जा सकता है। इसके बाद 9, 10 और 11 जून को दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किए जाने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह 7 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 152 अंक दर्ज किया गया। दिल्ली के इलाकों की बात करें, तो आनंद विहार में 276, आया नगर में 138, बवाना में 146, चांदनी चौक में 131, डीटीयू में 126, इहबास दिलशाद गार्डन में 150, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम क्षेत्र में 156, एनएसआईटी द्वारका में 161, डीयू नॉर्थ कैंपस में 152, पटपड़गंज में 174, आरके पुरम में 153, सिरीफोर्ट में 163 और वजीरपुर में एक्यूआई 208 दर्ज किया गया।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव ने की कोर्ट से जांच की मांग

# राम मंदिर के चढ़ावे पर उठाए गंभीर सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को अयोध्या के राम मंदिर में भक्तों की ओर से दिए जाने वाले चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब होने का सनसनीखेज बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है और कोई भी इस पर सफाई देने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायालय को मामले में स्वत: संज्ञान लेकर जांच करनी चाहिए।

उन्होंने सरकार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवेदनशील समाचार है कि 'राम मंदिर' के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पाई गई है। ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है। कोई भी सफ़ाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है। न्यायालय से स्वत: संज्ञान लेने की मांग है, क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। उनके इस बयान से लोग हैरान हैं और सोशल मीडिया पर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं अभी तक ट्रस्ट की तरफ से कुछ भी नहीं कहा गया है।



■ चढ़ावे की रकम में करोड़ों रुपये गायब पाए गए, जो भगवान राम के उपासकों के लिए बेहद संवेदनशील है

### महंगाई से टूटी जनता की कमर: आप

आम आदमी पार्टी (आप) ने भी गैस सिलेंडर के बढ़े दामों को लेकर केंद्र सरकार को घेरा। पार्टी ने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता पर यह एक और बड़ा बोझ है। आप के मुताबिक तीन महीने के भीतर दूसरी बार सिलेंडर महंगा किया गया है, जिससे घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ेगा और आम परिवारों की मुश्किलें और बढ़ेंगी। 29 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 14.2 किलोग्राम वाला सिलेंडर 942 रुपये का हो गया है। महंगाई ने पहले ही जनता की कमर तोड़ दी है।

### रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठ: सपा गैस सिलेंडर 29 रुपये हुआ महंगा

**लखनऊ।** देशभर में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 29 रुपए तक की वृद्धि पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शायराना अंदाज में सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठ, बीजेपी से अब तो हर आस गई टूट। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट किया कि महंगाई मैन मोदी का चाबुक फिर चला है। अब घरेलू गैस सिलेंडर 29 रुपए महंगा कर दिया गया। पीएम मोदी का फंडा साफ है- जनता से वसूली करो, अमीर दोस्त की तिजोरी भरो। बता दें कि सरकारी तेल कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमत में 29 रुपए की वृद्धि की है। इसके साथ ही दिल्ली में सिलेंडर की कीमत 913 रुपए से बढ़कर 942 रुपए हो गई है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


# बिज़नेस-टाइम्स

**सेंसेक्स** 74243.34
**निफ्टी** 23366.70

# शेयर बाजार पर दिखेगा जीडीपी के आंकड़ों का असर

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों का असर दिखेगा। जीडीपी के आंकड़े शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद जारी किए गए थे, इसलिए इनका असर सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा। वित्त वर्ष 2026.27 में जीडीपी की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जबकि चौथी तिमाही में यह 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई। इसके अलावा निवेशकों की नजर मानसून की प्रगति पर भी रहेगी। तीन दिन की देरी से मानस. ून 4 जून को केरल पहुंचा था। गत सप्ताह एक बार फिर शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई का सेंसेक्स 532.40 अंक (0.71 प्रतिशत) टूटकर शुक्रवार को 74243.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 181.05 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 23,366.70 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार पर भी दबाव रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1. 67 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.21 प्रतिशत फिसल गया। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। एनटपीसी ने सबसे अधिक 6.49 प्रतिशत का नुकसान उठाया। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 4.70 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 4.57, एलएंडटी का 3.01, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2.52, टीसीएस का 2.47, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.22 और आईटीसी का 2.18 प्रतिशत गिर गया। कोटक महिंद्रा बैंक में 1.87 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 1.72, भारती एयरटेल में 1.68, ट्रेंट में 1. 67, पावरग्रिड में 1.52, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.17, एक्सिस बैंक में 1.15 और टाटा स्टील में 1.01 प्रतिशत की गिरावट रही। सन फार्मा, बीईएल और मारुति सुजुकी के शेयर भी नीचे बंद हुए। टाइटन में सबसे अधिक 4.55 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त रही। इंफोसिस का शेयर 3.21 प्रतिशत, इटरनल का 2.21, इंडिगो का 1. 65, भारतीय स्टेट बैंक का 1.43 और अडानी पोर्ट्स का 1.02 प्रतिशत चढ़ा।



# चावल, चीनी में साप्ताहिक बढ़त, दालों और खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीनी में भी तेजी देखी गई जबकि गेहूं के भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,794 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे का भाव चार रुपये बढ़कर 3,282 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। सप्ताह के दौरान चना दाल की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल नौ रुपये और तुअर दाल आठ रुपये महंगी हुई। उड़द दाल नौ रुपये की नरमी रही। मूंग दाल के दाम में कोई साप्ताहिक बदलाव नहीं देखा गया। बीते सप्ताह सरसों तेल की कीमत 109 रुपये और पाम ऑयल की 102 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 94 रुपये और सोया तेल 39 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति भी 29 रुपये मजबूत हुआ।



वहीं मूंगफली तेल में 83 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट देखी गई। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी पांच रुपये महंगी हुई। अजीत, जांगिड़ सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7730.43 रुपये, मसूर काली 8109.24 रुपये, मूंग दाल 10192.53 रुपये, उड़द दाल 10847.65 रुपये, तुअर दाल 11264.38 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2793.86 रुपये और चावल 3851.22 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3281.74 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़: चीनी एस 4351.65 रुपये और गुड़ 5088 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अखिलेश यादव पर बरसे ओपी राजभर

## राजभर समाज की 6 हत्याएं गिनाकर सपा चीफ को दी खुली चनौती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सवाल उठाया कि पीडीए की राजनीति करने वाली समाजवादी पार्टी राजभर समाज के लोगों के साथ हुई इन घटनाओं पर खुलकर आवाज क्यों नहीं उठाती। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट लिखकर आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की राजनीति का दावा करती है, लेकिन राजभर समाज के लोगों के साथ हुई हिंसक घटनाओं और हत्याओं पर चुप्पी साध लेती है।

कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पोस्ट की शुरुआत सीधे अखिलेश यादव को संबोधित करते हुए की। उन्होंने लिखा कि पीडीए की माला जपने वाले नेता राजभर समाज के मुद्दों पर मौन क्यों हैं? उन्होंने दावा किया कि पिछले एक वर्ष में राजभर समाज से जुड़े जिन हत्या के मामलों की चर्चा हुई, उनमें समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों की भूमिका सामने आई। उन्होंने गिनवाया कि 26 जनवरी 2025, को श्रावस्ती के पूरेमंशाराम गांव में संजय राजभर की हत्या का मामला आया था। राजभर का दावा है कि इसमें एक सपाई का नाम सामने आया। 16 जनवरी 2026 को जौनपुर के खेतासराय क्षेत्र में सुनील राजभर की हत्या के मामले में जीशान के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।14 फरवरी 2026 को महराजगंज के श्यामदेउरवा में 15 वर्षीय अंकुश राजभर की हत्या का जिक्र किया, जिसमें रामनरेश यादव का नाम आया था। 28 मार्च 2026 को बाराबंकी के टिकैतनगर में आइसक्रीम विक्रेता बबलू राजभर की हत्या का मामला सामने आया था, जिसमें शंकर यादव पर आरा. ेप लगा था। 20 अप्रैल 2026 को देवरिया के भटनी क्षेत्र में सूरज राजभर की हत्या का जिक्र हुआ था, जिसमें अशोक यादव का नाम आया था। 29 मई 2026 को मऊ के हलधरपुर में राजजन्म राजभर की हत्या का मामला, जिसमें रामबदन यादव का नाम आया था।



■ सपा राजभर समाज के लोगों के साथ हुई आपराधिक घटनाओं पर आवाज क्यों नहीं उठाती

# दिल्ली में एसआईआर पर पैनी नजर रखेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चुनाव प्रक्रिया को और अधिक सटीक, पारदर्शी और सुगम बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो चुकी है। वहीं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी एसआईआर को लेकर पैनी नजर रखे हुए है। एसआईआर के दौरान किसी भी बूथ पर ऐसे मतदाता का वोट न कटे, जो बीजेपी को वोट न देता हो। बूथों पर वोटर लिस्ट पर पैनी नजर रखने के लिए बीएलए-1 और बीएलए-2 बनाए गए हैं। साथ ही उनको ट्रेनिंग देकर के तैयार किया जा रहा है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन अनुज अत्रेय ने बताया कि दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली में संभावित एसआईआर प्रक्रिया की तैयारी के मद्देनजर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दिल्ली कांग्रेस के बूथ मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के चेयरमैन राजेश गर्ग द्वारा बीएलए-1 के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उदेश्य एसआईआर के नाम पर भारतीय जनता पार्टी के दबाव में चुनाव आयोग द्वारा वैध मतदाताओं के नाम काटे जाने और संभावित वोट चोरी की आशंकाओं को रोकना है। अनुज अत्रेय ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला में बीएलए-1 साथियों को ट्रेनिंग दी गई है।

**हर बूथ पर बीएलए-1 और बीएलए-2 को ट्रेनिंग देकर किया जा रहा तैयार**

# इंडिया गठबंधन के पास कोई विजन नहीं, सिर्फ डिविजन है: बीजेपी

**नई दिल्ली, वार्ता**

इंडिया अलायंस की 8 जून की बैठक से पहले बीजेपी ने विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। बीजेपी नेताओं ने दावा किया है कि इस गठबंधन में आंतरिक कलह और समन्वय की कमी है, जो इसे केवल कागजी बना रही है। उन्होंने झारखंड, बंगाल और तमिलनाडु में सहयोगियों के बीच मतभेदों का भी हवाला दिया। यह बैठक दिल्ली में होनी है।

इस बैठक पर बीजेपी के नेता निशिकांत दुबे, शहजाद पूनावाल सहित बीजेपी के कई नेताओं का बयान सामने आया है। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि अब इंडिया गठबंधन में कौन है? सीपीएम कह रही है कि हम साथ नहीं हैं, मैं रांची से आ रहा हूं, जहां जेएमएम कह रही है कि हम दूसरा उम्मीदवार उतारेंगे, डीएमके अलग सीट पर जाकर बैठ गई है और तृणमूल कांग्रेस का तो कोई अता-पता ही नहीं है। इस गठबंधन का कोई अस्तित्व ही नहीं है। पूनावाल ने कहा कि इस इंडिया गठबंधन का कोई मकसद नहीं है, इसमें केवल डिविजन है। राज्यसभा सीट को लेकर जेएमएम और कांग्रेस के बीच झगड़ा चल रहा है। उन्होंने बताया कि एनसीपी(एसपी) शायद बैठक में शामिल नहीं हो रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ये गठबंधन सिर्फ कागजों पर है, लेकिन वास्तविकता में कहीं पर भी नहीं है। वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि इंडिया गठबंधन में भगदड़ मची हुई है, इनमें आपस में समन्वय नहीं है और एनडीए एकजुट है। इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक पर बीजेपी नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि ये जो इंडिया गठबंधन है, वो रुष्ट राजनी. तिक रंगबाजों का रंगमंच बनता जा रहा है। यदि कोई गठबंधन रुष्ट राजनीतिक रंगबाजों का रंगमंच बनता जा रहा हो, तो आपको इसी तरह के हालात और नजारे दिखाई देंगे। वे भी अच्छे से जानते हैं कि उनका 'जुगाड़ का जमघट', 'जनादेश के पनघट' से कोसों दूर है, लेकिन फिर भी वे जुगाड़ का जमघट करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी शुभकामनाएं हैं, ये लोग प्रधानमंत्री मोदी से लड़ने की बात करते हैं, लेकिन आपस में भिड़ने में इनका ज्यादा समय जाता है।



■ बैठक से पहले गरमाई सियासत, इंडिया गठबंधन की बैठक पर बोला बड़ा हमला

# परतापुर क्षेत्र में हर रोज ट्रकों से सरिया व गाटर किया जा रहा चोरी!

## मुजफ्फरनगर फैक्ट्रियों से आने वाले ट्रक ड्राइवर दे रहे हैं घटना को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परतापुर।** थाना परतापुर क्षेत्र में सरिया, गाटर व जीएसटी चोरी की कथित तस्करी का मामला सामने आया है। स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि मोइनुद्दीनपुर और परतापुर के बीच पिलर नंबर 30-32 के पास मंदिर के नजदीक एक खाली प्लॉट में रोजाना 10 से 15 ट्रकों से सरिया उतारा जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, मुजफ्फरनगर और पंजाब की ओर से आने वाले ट्रकों के ड्राइवर साइड में गाड़ी लगाकर ट्रक-टू-ट्रक माल शिफ्ट करते हैं। आरोप है कि हर गाड़ी से 1 से 2 टन सरिया उतार लिया जाता है और वजन पूरा दिखाने के लिए ट्रकों में बने अलग बॉक्सों में मिट्टी या अन्य सामान भर दिया जाता है। स्थानीय लोगों का दावा है कि चोरी का यह माल मेरठ की लोकल दुकानों तक पहुंच रहा है।

**दौराला व सरधना क्षेत्र के मास्टरमाइंड कर रहे हर रोज कई टन सरिया चोरी**

फैक्ट्री से आने वाले गाटर को लेकर भी इसी तरह के आरोप लग रहे हैं। इस पूरे मामले में दौराला और सरधना क्षेत्र के कुछ लोगों के नाम कथित मास्टरमाइंड के तौर पर लिए जा रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का आरोप है कि थाना परतापुर पुलिस को मामले की जानकारी है या नही यह तो नही पता लेकिन ऐसे में सवाल भी बनता है कि जब हर रोज सरिया तस्करी की जा रही है तो फिर स्थानीय पुलिस कैसे अनजान रह सकती है अब या तो स्थानीय पुलिस किसी खास वजह से जानबूझकर अंजान बन रही है या फिर उसे वाकई इस तस्करी का पता नही यह तो जांच का विषय है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ फैक्ट्री संचालकों ने बताया कि वे लगातार घाटे में चल रहे हैं। टैक्स और बिजली की लागत के अलावा उन्हें स्टाक में कमी का भी सामना करना पड़ रहा है। अगर सरिया व गाटर की चोरी हो रही है तो पुलिस को बड़ी कार्रवाई करनी होगी क्योंकि योगी की सरकार में कहीं पर भी कोई गलत काम होता है तो आरो. पियों को बुलडोजर का सामना करना पड़ता है। मेरठ पुलिस व परतापुर पुलिस को इस विषय पर गहन जांच करनी चाहिए और क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध काम हो रहा है तो उस पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देना चाहिए। इस संबंध में जब थाना परतापुर पुलिस से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो सम्पर्क नही हो सका। और खबर लिखे जाने तक कोई आधिकारिक बयान नहीं मिल सका। अब देखना यह है कि इन चोरी करने वाले लोगों पर कब पुलिस कार्रवाई करती है।

# नौचंदी मेले में प्याऊ का उद्घाटन सैकड़ों राहगीरों को मिली राहत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऐतिहासिक नौचंदी मेले में भीषण गर्मी के बीच राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए सैफी खिदमत-ए-खल्क फाउंडेशन रजि. द्वारा किश्ती वाला गेट, जय जवान जय किसान स्थल के पास शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन रविवार रात्रि 8 बजे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खुशी स्पोर्ट्स इंडस्ट्रीज के अहसान सैफी रहे। उन्होंने फीता काटकर प्याऊ का शुभारंभ किया और कहा, प्यासों को पानी पिलाना सबसे बड़ी इबादत है। गर्मी में मेले में आने वाले हर व्यक्ति तक ठंडा पानी पहुंचे, यही हमारा मकसद है। विशिष्ट अतिथि दक्षिण विधानसभा से जानू लोहार ने कहा कि ऐसे जनसेवा के कार्य ही समाज में भाईचारा मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में पूर्व मंत्री उप्र शकील भारती भी मौजूद रहे। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि नौचंदी मेला समाप्त होने तक यह प्याऊ रोजाना सुबह से देर रात तक चलेगी। उद्घाटन के बाद पहले दिन ही सैकड़ों श्रद्धालुओं और दुकानदारों ने शीतल जल ग्रहण किया। कार्यक्रम में हिंदू मुस्लिम सिख-ईसाई, आपस में हैं भाई-भाई और एक ही नारा, अपने देश में बना रहे भाईचारा के नारे गूंजे। इस दौरान पूर्व मंत्री शकील भारती, वसीम गुल्लू, हाजी सलीम, हाजी इमरान व बाबर कस्सार मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में बिजली की मार, सूख रही फसलें, आक्रोशित किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच फलावदा क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती ने किसानों का जीना मुहाल कर दिया है। पर्याप्त बिजली न मिलने के कारण खेतों में खड़ी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं, जिससे क्षेत्र के किसानों में विद्युत विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश पनप रहा है।

### मात्र दो से चार घंटे मिल रही बिजली, फसलें हुई बे पानी

क्षेत्र के गांव नगला काटर, नैडू, गगसोना, दादूपुर, अमरोली उर्फ बड़ा गांव, और नगला हरेरू के किसानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है। दिनभर में मात्र 2 घंटे और रात में केवल 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। टुकड़ों में आ रही इस बिजली से खेतों में खड़ी फसलों की सिंचाई करना नामुमकिन हो गया है। अगर यही हाल रहा तो हमारी मेहनत पूरी



तरह बर्बाद हो जाएगी। रामफूल, ब्रजवीर, गौरव और अमित कुमार आदि ग्रामीणों के अनुसार, बिजली की इस आंख-मिचौली से न सिर्फ खेती प्रभावित हो रही है, बल्कि इस भीषण गर्मी में आम जनजीवन और मवेशी भी बेहाल हैं।

### शिकायत के बाद भी अधिकारी मौन, ग्रामीणों में पनपा आक्रोश

किसान मनोज, राहुल, आदेश चौधरी, सतबीर, रामबीर, लोकेश कुमार और बिरेंद्र आदि का कहना है कि बिजली संकट को लेकर कई बार विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। अधिकारियों के इस रवैये से नाराज



किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं की गई, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### अधिकारियों ने रखा पक्ष फाल्ट के कारण बाधित हो रही आपूर्ति

जब इस पूरे मामले को लेकर विद्युत विभाग के अवर अभियंता JE अशोक कुमार से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि कारण मुख्य विद्युत लाइनों में तकनीकी फाल्ट होने के कारण पिछले कुछ दिनों से आपूर्ति बाधित हो रही थी। तकनीकी टीम निरन्तर काम कर रही है। देर शाम तक सभी फाल्ट दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति को पूरी तरह सुचारू कर दिया जाएगा। अब देखना यह होगा कि विभाग के दावों के बाद किसानों को राहत मिलती है या फिर उन्हें अपनी फसलों को बचाने के लिए अंधेरे में ही रातें काटनी पड़ेंगी।

# एसआईआर में योगदान देने वाले भाजपा कार्यकर्ता सम्मानित

## शहर सीट से इस बार सपा के मठाधीश को उड़ा देना है: पंडित सुनील भराला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रेलवे रोड स्थित वर्धमान एकेडमी में पंडित सुनील भराला के नेतृत्व में एसआईआर में कार्य कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने अपने-अपने तर्क रखे। भाजपा नेता विनीत शारदा ने कहा कि इस बार 2027 में भाजपा की सरकार बनने जा रही है उन्होंने अपने भाषण में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को जमकर कोसा, सेंट्रल मार्केट प्रकरण में विनीत शारदा ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आवास विकास के उन अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है जो इस प्रकरण में दोषी हैं। वहीं पंडित सुनील भराला ने कहा कि एसआईआर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिन रात एक करके लोगों को जागरूक किया और जिन लोगों के वोट नहीं बने थे उन लोगों को मतदान करने का अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता दिन-रात एक करके काम करता है एसआईआर में जिन लोगों की वोट बनी है 2027 में उन सभी लोगों को मतदान करना होगा तभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाएगी। इस दौरान सम्मानित होने वाले कार्यकर्ताओं के अलावा संजय शर्मा, अजय भारद्वाज, विनीत शारदा आदि मौजूद रहे।



### शहर सीट पर किया मंथन

कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते हुए पंडिल सुनील भराला ने कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता दिन रात मेहनत करता है हमें इस बार समाजवादी पार्टी के मठाधीश को उड़ा देना है और यह तभी संभव होगा जब कार्यकर्ता बुथ पर पूरी लगन और मेहनत से काम करेगा। हमें एक-एक वोट भाजपा के प्रत्याशी को डलवाना होगा।

### श्रमिकों के लिए किया है काम

पूर्व राज्यमंत्री सुनील भराला ने कहा कि उन्होंने पार्टी को मजबूत करने का कार्य हमेशा किया है। पूरे उत्तर प्रदेश में भाजपा की उन योजनाओं को श्रमिकों तक पहुंचाने का काम किया है। जिसकी उन्हे वास्तव में जरूरत थी। लॉक डाउन की याद दिलाते हुए कहा कि जब सब लोग घर से निकलने में डर महसूस कर रहे थे उस समय वह सड़कों पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ गरीब वर्ग की तलाश कर उनकी मदद करने का काम कर रहे थे।

# गो-माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने ने लिए अग्नि तपस्या जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** गौ माता को राष्ट्र माता का गौरवपूर्ण दर्जा दिलाने के लिए कस्बे के काले सिंह मंदिर परिसर में गुरु गोरखनाथ जाहरवीर ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित 11 दिवसीय अलौकिक धार्मिक अनुष्ठान के सातवें दिन रविवार को भी महंत गुरु श्री विक्रम भगत जी की अत्यंत कठिन अग्नि तपस्या जारी रही।

कार्यक्रम के सातवें दिन की शुरुआत महंत गुरु श्री विक्रम भगत जी द्वारा गौ माता को फूल-माला पहनाकर, तिलक लगाकर और विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद मंदिर परिसर में आयोजित भव्य हवन में आहुतियां प्रदान की गईं। इस दौरान वहां मौजूद भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने महंत विक्रम भगत जी को माला पहनाई और उन पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत महंत जी पूर्ण निष्ठा के साथ अग्नि तपस्या में लीन हो गए। यह कठिन तपस्या प्रातः काल सूर्योदय के साथ शुरू होती है और सूर्य सूर्यास्त के बाद ही पूर्ण होती है। कार्यक्रम स्थल पर महंत जी के चारों तरफ धधकते उपलों (अग्नि) के बीच एक चक्र के केंद्र में बैठकर इस भीषण गर्मी में तपस्या कर रहे हैं कार्यक्रम स्थल पर चारों ओर स्लोगन लिखी तख्तियां लगी हुई हैं, जिन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल के नाम ज्ञापन पत्र के साथ उनकी मांगें अंकित की गई हैं। तख्तियों पर गौ माता राष्ट्र की शान है और हमारी संस्कृति की पहचान है जैसे प्रेरक नारे लिखे हुए हैं। इस दौरान जहां दिन में कठिन तपस्या देखने और महंत जी का आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा है, वहीं प्रतिदिन शाम 6 बजे से प्रभु इच्छा तक भव्य प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर आध्यात्मिक लाभ ले रहे हैं।

**गाय पशु नहीं, हमारी संस्कृति की आत्मा है:** शाम को आयोजित कार्यक्रम में महंत विक्रम भगत जी ने कड़े शब्दों में अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि गाय केवल एक चौपाया पशु नहीं है, बल्कि वह हमारी सनातन संस्कृति की आत्मा है।

## एक नजर

### किन्नरों ने मचाया आतंक, रोडवेज बस के कंडक्टर का सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर में एक बार फिर फर्जी किन्नरों का आतंक देखने को मिला है। आरोप है कि उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस में जबरन वसूली का विरोध करना कंडक्टर को भारी पड़ गया। कथित फर्जी किन्नरों ने पहले कंडक्टर के साथ मारपीट की और फिर फावड़े नुमा औजार से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि चअे रोड पर 5 फर्जी किन्नरों ने यात्रियों और स्टाफ से पैसे मांगने शुरू कर दिए। विरोध करने पर कंडक्टर को घेर लिया गया और उसके साथ जमकर मारपीट की गई। घायल कंडक्टर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी हापुड़ चुंगी क्षेत्र में जबरन वसूली के वीडियो सामने आ चुके हैं। वहीं कुछ दिन पूर्व प्रेम हॉस्पिटल के बाहर भी किन्नरों के बीच विवाद के दौरान फायरिंग हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति के पैर में गोली लगी थी। घटना के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। वहीं कंडक्टर का इलाज चल रहा है।

### भाजपा की मासिक बैठक में संगठन विस्तार और जनकल्याण योजनाओं पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** भाजपा सरधना नगर मंडल की मासिक बैठक रविवार को खंड विकास कार्यालय में हुई। बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के विषय पर केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए ऐतिहासिक योजनाएं चलाईं। कार्यकर्ताओं से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनोद जैन ने की। बैठक में तय हुआ कि 14-16 जून तक सभी शक्ति केंद्रों पर शिविर लगाकर पात्रों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। 21 जून को के, के पब्लिक स्कूल में योग दिवस पर विशाल शिविर होगा, जिसके संयोजक संजीव कर्णवाल हैं। बैठक में महामंत्री रक्षित गर्ग, ललित गुप्ता, उमा त्यागी, मोहित ठाकुर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नौचंदी मेले में कवि सम्मेलन एकता-देशभक्ति के रंग में रंगा मंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऐतिहासिक नौचंदी मेले में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बना। संयोजिका डॉ. अनामिका जैन अम्बर के काव्यपाठ पर श्रोता देर तक झूमे। राम भक्त ही राज करेगा व आई अब किसना की बारीष्पर जमकर नृत्य हुआ। पद्मश्री गीतकार संतोष आनंद ने पुरवा सुहानी आई रे गाकर माहौल भावुक कर दिया। बोले- आखिरी समय है, पर मेरठ का प्रेम कम नहीं हुआ। डॉ. आदित्य जैन ने राणा प्रताप, प्रीति पाण्डेय ने तिरंगे को नमन किया। प्रताप फौजदार ने हास्य से गुदगुदाया, डॉ. शिखा दीप्ति ने सीता का संकल्प सुनाया। संचालक सौरभ जैन सुमन ने कहा हिंदू से न मुस्लिम से, दोनों से हिंदुस्तान है। अध्यक्षता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने की। उद्घाटन राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर व दीप प्रज्वलन डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई ने किया। इस दौरान डीएम वीके सिंह, गौरव चौधरी, सीए डॉ. संजय जैन, नासिर सैफी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। नवचंडी मंदिर व बाले मियां की मजार वाला यह मेला सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल है। रक्षित गर्ग, ललित गुप्ता, उमा त्यागी, मोहित ठाकुर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बहसूमा पुलिस ने 11 लोगों का शांतिभंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बहसूमा थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 11 लोगों को गाली गलौज, मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी रविंद्र पंवार ने बताया कि क्षेत्र के गांव रहमपुर निवासी राजेन्द्र पुत्र धीर सिंह, श्याम सिंह पुत्र धीर सिंह, अक्षय पुत्र श्याम सिंह, संजय पुत्र रमेश, संदीप पुत्र संजय, कुलदीप पुत्र संजय पड़ोस में रहने वाले एक महिला से गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी थी। जिसमें पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया है। वहीं दूसरी और माखननगर निवासी कौसिन्द्र पुत्र धनवीर को गाली गलौज कर मारपीट करने के आरोप में शांतिभंग में चालान कर दिया है। सैफपुर फिरोजपुर निवासी राजेश पुत्र समय सिंह, मोनू पुत्र समय सिंह को खेत में घुस ने पर कुत्ते से कटवाने के मामले में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया है। नगर के मोहल्ला चैनपुरा निवासी राकेश कुमार पुत्र स्व. स्वामी, पाले पुत्र स्व. स्वामी पैसे के लेनदेन को लेकर आपस में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई थी जिसमें पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया है।

# फ्रूट कवर बैग से बढ़ा आम का उत्पादन

## फ्रूट कवर बैग तकनीक से तैयार हो रहे बेहतरीन किस्म के आम, अमरूद और आड़ू

- प्रदेश सरकार जिले के किसानों को दे रही है 50 प्रतिशत तक अनुदान
- बागवानी किसानों को पचास हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तक मिलेगी मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिले के बागवानी किसानों को बेहतर फसल उत्पादन की सौगात देने के लिए प्रदेश सरकार फ्रूट कवर बैग योजना को प्रोत्साहन दे रही है। फ्रूट कवर बैग का इस्तेमाल करने से किसानों को बेहतर उत्पादन के साथ ही फसल के दोगुने दाम मिल रहे हैं। इस योजना के तहत प्रदेश सरकार की तरफ से किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

आम उत्पादन के मामले में मेरठ और आस-पास के जिलों का प्रदेश में अग्रणी स्थान हैं। बागवानी किसानों की समस्या रहती है कि मिज, हॉपर, फ्रूट फ्लाई जैसे कीट फलों को काफी नुकसान पहुंचाते है। इससे उत्पादन घट जाता है। ऐसे में कृषि वैज्ञानिक आम, अमरूद, आड़ू जैसे फलों को बचाने के लिए फ्रूट बैग लगाने पर जोर दे रहे हैं। इन फ्रूट कवर बैग से कीटो और रोगों से फलों का बचाव होता है। वहीं इनसे फल का आकार बड़ा और स्वाद भी अच्छा होता है। फ्रूट कवर बैग तकनीक से तैयार फलों की निर्यात बाजार में भी अधिक मांग है। इसके चलते किसानों को अच्छा दाम भी मिलता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इस तकनीक को सबसे ज्यादा अपनाया जा रहा है। ऐसे में प्रदेश सरकार बागवानी किसानों की मदद के लिए आगे आई है। मेरठ जिले के किसानों को फ्रूट कवर बैग अपनाने के लिए 50 प्रतिशत तक की अनुदान राशि प्रदान की जा रही है। इस वित्तीय वर्ष में 50 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर की दर से यह अनुदान राशि वितरित की जाएगी। प्रदेश सरकार की ओर से अभी तक फल पट्टी योजना के तहत किसानों को अधिकतम 1200 रूपये के ही फ्रूट



कवर बैग प्रदान किए जा रहे थे, लेकिन इस बार से सरकार ने इस योजना को राज्य उद्यानिक मिशन के तहत शामिल किया है। जिला उद्यान अधिकारी अरूण कुमार ने बताया कि इस तकनीक में पेड़ पर लग रहे फल को एक लिफाफे (फ्रूट कवर बैग) में बांधकर छोड़ देते हैं, जिससे फ्रूटफ्लाई, हापर, मिज, थ्रिप्स जैसे कीट फलों पर नहीं बैठ पाते हैं। कीड़ों और फंगस के प्रभाव से बचे रहने पर फल का आकार बड़ा हो जाता है। इसके साथ ही आंधी और मौसम के प्रतिकूल प्रभाव से भी फल सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में किठौर और जानी क्षेत्र में बागवानी किसान इस तकनीक का सबसे अधिक फायदा ले रहे हैं।

# सपा कार्यालय में शिक्षक सम्मेलन आयोजित

## 2027 चुनाव पर भी हुई विचार गोष्ठी, कार्यकर्ताओं ने बनाई रणनीति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय जेल चुंगी जेल रोड पर जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी की अध्यक्षता में शिक्षक सभा समाजवादी पार्टी जनपद मेरठ का शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि परमिंदर भाटी एडवोकेट एवं डॉ. नितिन तोमर प्रत्याशी शिक्षक एमएलसी समाजवादी पार्टी डॉ. नागेंद्र सिंह प्रदेश सचिव शिक्षक सभा कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्नातक व शिक्षक एमएलसी चुनाव की रणनीति तैयार की गई, तथा शिक्षक सभा की व महानगर की कार्यकारिणी के मनोनय पत्र कार्यकर्ताओं को दिए गए व 2027 में अखिलेश यादव को सीएम बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी, सलाउद्दीन सैफी जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा, सतवीर जाटव लिसाड़ी, जलीस अहमद, महासचिव योगेंद्र जाटव, डॉक्टर अनीता पुंडीर राष्ट्रीय सचिव शिक्षक सभा, आफतारा राजपूत, डॉ. संदीप यादव, दिनेश कुमार, शादाब अख्तर, हितेश कुमार, मोहन कुमार, धीरज कुमार, मोहन कुमार, डॉ. हरविंदर, रविंद्र प्रेमी, एहतेशाम इलाही, डॉक्टर मोहसिन उत्कर्ष शर्मा, अंकुर त्यागी, मास्टर डालचंद, राजेंद्र मावी, अरुण कुमार, भारत भूषण, हरप्रीत आहूजा, ओमप्रकाश खटीक, अनिल, दीपक ढिल्लोंर, अशोक कुशवाहा, सालिम अल्वी लिसाड़ी, गिरेंद्र प्रधान आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोडकला में जर्जर बिजली तारों से हादसे का खतरा, ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव मोड कला में जर्जर एवं अव्यवस्थित बिजली के तार ग्रामीणों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। गांव के कई मोहल्लों में बिजली के तार मकानों के ऊपर झूल रहे हैं और कई स्थानों पर सड़क के बीचों-बीच उलझे तार हादसे की आशंका बढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई जगह तार इतने नीचे लटक रहे हैं कि राहग. ीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी होती है। बरसात व तेज हवा के दौरान तारों के टूटने या आपस में टकराकर चिंगारी छोड़ने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार बिजली विभाग को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने जल्द जर्जर तार बदलने और मरम्मत कराने की मांग की है। वही इस संबंध में जेई मोडखुर्द विनित चौधरी ने बताया कि जर्जर तार बदलने के लिए प्रस्ताव बनाकर बजट हेतु भेज दिया गया है। बजट स्वीकृत होते ही गांव में पुराने तार बदलने का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।



# सीसीएसयू: नित्य योग शिविर में पंचकोशों पर हुआ विशेष व्याख्यान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय के योग विज्ञान विभाग में चल रहे नित्य योग शिविर के सातवें दिन योगाचार्य अमरपाल ने पंचकोशों के महत्व पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने बताया कि योग दर्शन के अनुसार मानव शरीर अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय कोश से बना है। इनका संतुलन ही शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास का आधार है। योगाचार्य ने कहा कि अन्नमय कोश शरीर का स्थूल रूप है जो सात्विक आहार से स्वस्थ रहता है। प्राणमय कोश जीवन ऊर्जा का प्रतीक है जिसे प्राणायाम से संतुलित किया जाता है। मनोमय कोश विचारों-भावनाओं से जुड़ा है, ध्यान व सकारात्मक चिंतन से शुद्ध होता है। विज्ञानमय कोश बुद्धि-विवेक देता है जबकि आनन्दमय कोश सबसे सूक्ष्म है जो योग-ध्यान से परम शांति का अनुभव कराता है। सत्र में वैदिक मंत्रों के साथ शीर्षासन, वकासन सहित उन्नत आसन कराए गए। साधकों ने नाड़ी शोधन, चंद्रभेदी, शीतली व भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया। योगाचार्य ने बताया कि इनसे तनाव घटता है और मन एकाग्र होता है। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. विवेक कुमार त्यागी, डॉ. कमल शर्मा, अंजुम मलिक, अरुण सिसोदिया, विवेक कुमार समेत अनेक साधक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया


राजस्व विभाग व नगर पालिका की संयुक्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए राजस्व विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कब्रिस्तान के रूप में दर्ज सरकारी संपत्ति से अवैध कब्जा हटवाया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने भूमि की पैमाइश कर अभिलेखों का मिलान किया तथा अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई कराई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित खसरा संख्या 1245 की भूमि सरकारी अभिलेखों में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण की शिकायत मिलने के बाद राजस्व विभाग द्वारा जांच कराई गई थी। शिकायत सही पाए जाने पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। संयुक्त टीम में राजस्व विभाग के लेखपाल अनिल कुमार, पालिका ईओ विजेंद्र सिंह पाल, चेयरमैन शेख फैसल वारसी, संपत्ति लिपिक अमित कुमार, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, मौहम्मद शान सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर अभिलेखों के आधार पर भूमि की स्थिति स्पष्ट की और कब्जाधारकों को कब्जा हटाने के निर्देश दिए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सरकारी संपत्ति पर कुछ भू-माफिया द्वारा लंबे समय से कब्जा करने के प्रयास किए जाते रहे हैं। शिकायतों के आधार पर नगर पालिका प्रशासन और राजस्व विभाग कई बार अवैध निर्माण रुकवा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद लगातार सरकारी भूमि पर कब्जे के प्रयास किए जाते रहे है। लोगों का आरोप है कि कार्रवाई के बाद भी कुछ लोग दोबारा कब्जा करने की कोशिश करते हैं। जिससे सरकारी संपत्ति की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। क्षेत्र में यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि कब्रिस्तान तक जाने वाले रास्ते पर भी कुछ स्थानों पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। नगरवासियों ने मांग की है कि राजस्व विभाग और नगर पालिका इस मामले का भी संज्ञान लेते हुए कब्रिस्तान के रास्ते को कब्जामुक्त कराएं, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि संबंधित भूमि सरकारी अभिलेखों में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। शिकायत प्राप्त होने के बाद जांच कराई गई थी। जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की गई उन्होंने कहा कि सरकारी एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# गुरुशरण सिंह उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के वरिष्ठ व्यापारी एवं समाजसेवी गुरुशरण सिंह को उ.प्र.उद्योग व्यापार मंडल (पंजीकृत) में प्रदेश उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन द्वारा जारी मनोनयन पत्र में उनके नाम की घोषणा होने के बाद व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से जनपद से गुरुशरण सिंह (धामपुर) को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन ने उनसे व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, उनके हितों की रक्षा तथा व्यापारिक गति. विधियों को मजबूती प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि गुरुशरण सिंह संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा व्यापारियों की आवाज को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि गुरुशरण सिंह लंबे समय से व्यापारिक एवं सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं और क्षेत्र में उनकी पहचान एक सक्रिय एवं जनहितैषी व्यक्तित्व के रूप में रही है।

# नजीबाबाद में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत विभाग ने एक विशेष चैकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान विभागीय टीम ने क्षेत्र के कई मौहल्लों में पहुंचकर बिजली कनेक्शनों की गहनता से जांच की।

जांच के दौरान टीम ने उपभोक्ताओं के मीटर, केबल और विद्युत भार की पड़ताल की। एसडीओ शंभू नाथ ने बताया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद इसे रोकने के उद्देश्य से यह चैकिंग की गई। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी से न केवल विभाग को आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि इससे आम उपभोक्ताओं को भी विद्युत संकट और लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विभाग ने लोगों से वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करने की अपील की है। भीषण गर्मी के मद्देनजर, विभाग ने उन उपभोक्ताओं से भी आग्रह किया है, जो अपने घरों में एयर कंडीशनर चला रहे हैं। वह कार्यालय में पहुंचकर अपने कनेक्शन पर विद्युत भार बढ़वा लें। ऐसा करने से वह चैकिंग के दौरान संभावित जुर्माने से बच सकेंगे। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने यह भी बताया कि बिजली चोरी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ऐसे चैकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# थाना परिसर में जन सेवा केंद्र संचालकों की बैठक

## संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बढ़ते साइबर अपराधों और जन सेवा केंद्रों पर होने वाले वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए थाना परिसर में जन सेवा केंद्र संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक सिंह ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए सीओ आलोक सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। जन सेवा केंद्रों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग बैंकिंग एवं ऑनलाइन सेवाओं के लिए पहुंचते हैं। इसलिए संचालकों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने संचालकों से ग्राहकों की बैंकिंग जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड और अन्य गोपनीय सूचनाओं को सुरक्षित रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आह्वान किया।

उन्होंने सभी जन सेवा केंद्रों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने और उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीओ ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ किसी भी घटना के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा उन्होंने संचालकों को सलाह दी कि वह अपने केंद्रों पर आवश्यकता से अधिक नकदी न रखें और समय-समय पर उसे सुरक्षित स्थान पर जमा करते रहें।

बैठक में साइबर जागरूकता पर भी विशेष जोर दिया गया। सीओ आलोक सिंह ने कहा कि जन सेवा केंद्र संचालक स्वयं सतर्क रहने के साथ-साथ ग्राहकों को भी साइबर ठगी के प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर पीड़ित व्यक्ति तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराए। जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

बैठक के दौरान जन सेवा केंद्र संचालकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखे, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह राठी ने संचालकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन सुरक्षा मानकों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने संचालकों से पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने का आग्रह किया।

बैठक में उपनिरीक्षक शिवम तायल, महिला उपनिरीक्षक रीनू पंवार, कांस्टेबल रजनीश कुमार, कांस्टेबल विशाल मलिक सहित थाना पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में जन सेवा केंद्र संचालक उपस्थित थे।

# शिविर में वरिष्ठ नागरिकों का नेत्र परीक्षण


कार्यक्रम संयोजक ज्ञान प्रकाश सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्ति समिति स्योहारा द्वारा मंडोरी रोड स्थित ज्ञान प्रकाश के आवास पर नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा के नेतृत्व में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर नेत्र परीक्षण कराया।

प्राप्त समाचार के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अंकुर सिंह ने उपस्थित लोगों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान मरीजों को आंखों की देखभाल संबंधी आवश्यक सलाह दी गई तथा जरूरतमंदों को दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में समिति के पदाधिकारियों सदस्यों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। लगभग 35 लोगों ने शिविर का लाभ उठाते हुए अपनी आंखों की जांच कराई। चिकित्सक द्वारा कई लोगों को नियमित जांच कराने और आंखों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह भी दी गई। समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा ने शि. विर में विशेष सहयोग देने वाले डा. अंकुर सिंह तथा कार्यक्रम के संयोजक ज्ञान प्रकाश को पटका पहनाकर एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज का अनुभव और धरोहर हैं। इसलिए उनके स्वास्थ्य की देखभाल को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

इस मौके पर अमलदेव सिंह, रामकुमार सिंह, यादराम सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, दलवीर सिंह, डा. मुक्तेंद्र सिंह, जयपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, सलीम अहमद, मौहम्मद हसन, विनोद रस्तोगी, सुरेश तोमर, प्यारेलाल सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार शर्मा ने किया। सुरेंद्र सिंह त्यागी ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों, चिकित्सक एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्ति समिति के इस प्रयास की उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए इसे समाजोपयोगी पहल बताया।

# भाजनों से बजरंगबली का गुणगान



**धामपुर।** ग्राम जैतरा में दिनेश राणा के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली का गुणगान किया गया। 'छम छम नाचे वीर हनुमाना, कहते है जिसे राम का दीवाना' यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में दिनेश राणा, बबीता चौहान, नीतू सिंह, विशाल राणा, राधा देवी, लक्ष्य चौहान, पंकज चौहान, अन्नु चौहान, परमेश्वर अग्रवाल आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, सुनील चौहान, नंदकिशोर रस्तोगी, संदीप भारद्वाज, निखिल अरोड़ा, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# मंदिर में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, सामान व नकदी बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पुलिस ने मंदिर में चोरी करने के आरोपी का सामान व नकदी सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

नूरपुर रोड स्थित भगवंत पब्लिक स्कूल के पास मंदिर से तांबे का का नाग देवता व दान पात्र से नकदी चोरी हो गई थी। छह जून को संजीव कुमार पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम शिवाला कलां ने थाना चांदपुर पहुंचकर मंदिर से चोरी हो जाने की तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 324/2026 धारा 305(4)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया था। पुलिस ने आरोपी शादाब अहमद पुत्र बाबू निवासी मौहल्ला अहमदनगर, थाना चांदपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस, सट्टा शराब, चोरी आदि सहित आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने उसके पास से मंदिर का तांबे का नाग देवता व नकद 732 रुपए बरामद कर उसका चालान कर दिया।

# श्रीमद् भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम नौरंगाबाद स्थित पंचायत भवन परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कथा के दौरान विधायक अशोक कुमार राणा की धर्मपत्नी ज्योति किरण राणा का श्रद्धालुओं के सामूहिक जयघोष के बीच सम्मान किया गया। इसके अलावा कथा के मुख्य यजमान ठाकुर शूरवीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डा. सुजाता सिंह को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कथा के दौरान व्यास पीठ पर विराजमान वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध भागवताचार्य स्वामी कृष्ण मोहन महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता नि:स्वार्थ भाव पर आधारित होती है। जहां स्वार्थ आ जाता है, वहां मित्रता की गरिमा और स्थायित्व प्रभावित हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता मानव जीवन के लिए आदर्श है, जो त्याग, प्रेम और समर्पण का संदेश देती है। कथा का शुभारंभ सामूहिक पूजन के साथ हुआ। पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान ठाकुर शूरवीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डा. सुजाता सिंह रहे। वहीं द्वितीय यजमान के रूप में धामपुर शुगर मिल के सेवा. निवृत्त हेड टाइमकीपर सतीश चंद द्विवेदी, उनकी धर्मपत्नी उमा द्विवेदी, पुत्र आकाश द्विवेदी, पुत्रवधू निधि द्विवेदी, पौत्र अद्विक द्विवेदी एवं पुत्री आकांक्षा द्विवेदी ने सहभागिता की। सात दिवसीय महोत्सव के पुरोहित आचार्य पंडित सचिन कुमार शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। इस मौके पर ग्राम मिलक मुकीमपुर निवासी नरेंद्र सिंह चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी उमेश कुमारी चौहान को भी महाराज श्री द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया। बताया कि इस परिवार द्वारा पूर्व में भी महाराज श्री के सान्निध्य में सात दिवसीय कथा का आयोजन कराया जा चुका है। भागवताचार्य स्वामी कृष्ण मोहन महाराज ने अपने प्रवचन में सुदामा चरित्र की विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सुदामा ने कभी अपने मित्र भगवान श्रीकृष्ण के वैभव को देखकर ईर्ष्या नहीं की और न ही अपनी गरीबी का रोना रोया। वहीं भगवान श्रीकृष्ण ने भी अपने मित्र की स्थिति को समझते हुए उन्हें सम्मान और स्नेह प्रदान किया। यह प्रसंग आज भी मानव समाज को सच्ची मित्रता, करुणा और संवे. दनशीलता का संदेश देता है। कथा महोत्सव को सफल बनाने में ग्राम नौरंगाबाद, रानी बाग कॉलोनी और फूल बाग कॉलोनी के श्रद्धालु परिवारों का उल्लेखनीय योगदान बना हुआ है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## एक नजर

### गोविंदा मॉर्निंग क्लब ने अक्षिता को दी बधाई



**बिजनौर।** गोविंदा मॉर्निंग क्लब के वरिष्ठ सदस्य सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष एड. संजीव अग्रवाल की भतीजी डॉ. नवनीत गर्ग पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिजनौर एवं डॉक्टर संगीता अग्रवाल की पुत्री अक्षिता गर्ग का चयन उत्तराखंड पीसीएस में राज्य वित्त अधिकारी के पद पर होने पर गोविंदा मॉर्निंग क्लब के समस्त सदस्यों ने आज प्रात: सात बजे उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने इसे जनपद की ही नहीं बल्कि प्रदेश की उपलब्धि बताया। इस अवसर पर राकेश रस्तौगी, डॉ. प्रमोद कुमार, जिला बार एसो. के पूर्व जिला अध्यक्ष एड. राजीव चौहान, अशोक कुमार अग्रवाल, संजीव कुमार शर्मा, राम मूर्ति गौतम, इंजीनियर चरण सिंह, दिनेश चौहान, अशोक कुमार यादव, कमल वीर सिंह, संजीव कुमार बिश्नोई, एड. गणेश ठाकुर, सोरन सिंह परिहार, संजीव कुमार बिश्नोई, शिव सिंह रावत, वीरेंद्र कुमार वर्मा, आशाराम सिंह, संतराम, अरविंद कुमार शर्मा, संजय गुर्जर एवं प्रकाश वीर रस्तौगी की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

### प्याऊ का शुभारंभ



**धामपुर।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए भारतीय जैन मिलन की महिला जैन मिलन अरिहंत शाखा द्वारा सामाजिक सेवा की सराहनीय पहल करते हुए प्याऊ का शुभारंभ किया गया। प्याऊ का उद्घाटन शाखा मंत्री एवं जैन सम्राट गौरव वर्ष की राष्ट्रीय संयोजिका वीरांगना सीमा जैन के निवास पर किया गया। इस मौके पर भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री वीर पंकज जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय जैन बुकसेलर तथा क्षेत्र संख्या-3 के मुख्य संयोजक एवं अध्यक्ष सुनील वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में प्यासे राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना एक बड़ा पुण्य कार्य है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक संगठनों को समय- समय पर जनहित से जुड़े ऐसे कार्य करते रहना चाहिए, जिससे जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने महिला जैन मिलन अरिहंत धामपुर शाखा की इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। प्याऊ संचालन एवं आयोजन को सफल बनाने में महिला जैन मिलन अरिहंत धामपुर की अध्यक्ष भावना जैन, मीना जैन, नीना जैन, आराधना जैन, अंबुज जैन, अनीता जैन, रेखा जैन, शोभा जैन, बबीता जैन, अर्चना जैन, कल्पना जैन, प्रगति जैन, नीतू जैन सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। आयोजकों ने बताया कि गर्मी के मौसम में यह प्याऊ नियमित रूप से संचालित किया जाएगा, ताकि राहगीरों, श्रमिकों और आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

### एमए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल



**बिजनौर।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा एमए (एजुकेशन) प्रथम सेमेस्टर के घोषित परिणाम के कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंफोर्मेशन टैक्नोलॉजी के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा। एमए (एजुकेशन) प्रथम सेमेस्टर की छात्रा आकांक्षा सक्सेना ने प्रथम, रिया ने द्वितीय तथा सारिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज के चेयरमैन मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्त्म रहा है। हमारा निरंतर यही प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, विभागाधयक्ष एमएस अंसारी, सहायक प्रवक्ता डा.दीपशिखा अग्रवाल, सुनील कुमार, अंशिका राव ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### लोकेंद्र चौधरी ने किया प्याऊ का उद्घाटन



**झालू।** बढ़ती गर्मी और तपती धूप के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति द्वारा नगर में प्याऊ की व्यवस्था की गई। प्याऊ का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना एक नेक और पुण्य का कार्य है। उन्होंने समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए प्याऊ की व्यवस्था की गई है, जिससे लोगों को राहत मिल सके। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह धीमान, मुकेश वर्मा, चांद बाबू, ओमपाल सिंह, अश्विनी कुमार अग्रवाल, विजय कुमार शर्मा, चंद्रपाल सिंह सैनी, सुधीर कुमार, चंद्रपाल, सुमित वर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में समिति की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। उपस्थित लोगों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत

## बड़ौत से शाहदरा जाते समय खेकड़ा रेलवे स्टेशन पर हुआ हादसा, परिवार में कोहराम


मृतक का फाइल फोटो





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। बड़ौत निवासी युवक शाहदरा जा रहा था। घटना के बाद रेलवे अधिकारी और जीआरपी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की।

मृतक की पहचान बड़ौत निवासी मुरसली पुत्र सलीम 23 वर्ष के रूप में हुई है। वह बड़ौत से शाहदरा अपने बहनोई के पास काम करने के लिए जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मुरसली ट्रेन के खेकड़ा स्टेशन पर रुकने के बाद पानी पीने के लिए प्लेटफॉर्म पर उतरा था। पानी पीकर जब वह वापस अपनी ट्रेन की ओर लौटा, तब तक ट्रेन चलना शुरू हो चुकी थी। युवक ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान उसका पैर फिसल गया। संतुलन बिगड़ने के कारण वह ट्रेन की चपेट में आ गया और ट्रेन से कटकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे कर्मी और जीआरपी मौके पर पहुंची। खेकड़ा स्टेशन मास्टर वसंत कुमार ने बताया कि यह हादसा सुबह हुआ है। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## किसानों की पंचायत, सर्किल रेट के स्थान पर वास्तविक बाजार मूल्य से दिया जाये मुआवजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** लहचौडा गांव में 12 गावों के किसानों की जमीन अधिग्रहण को लेकर एक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमे सर्किल रेट की जगह बाजार मूल्य के हिसाब से मुआवजा देने की मांग रखी गयी। इसके अलावा किसान परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी दी जाये।
लहचौडा गांव में जमीन अधिग्रहण करने को लेकर 12 गावों के किसानों की एक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें जमीन अधिग्रहण को लेकर चर्चा की गयी। किसानों नें कहा कि सर्किल रेट से हटकर बाजार भाव के हिसाब से उन्हें मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जमीन अधिग्रहण होने के बाद किसान क्या करेगा क्योंकि जमीन उसकी रोजी रोटी का जरिया है। इसलिए जिस किसान की जमीन अधिग्रहण हो उसके परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी दी जाये। इसके अलावा आवासीय क्षैत्र में एक प्लाट भी दिया जाये। वही सार्वजनिक स्थल समुदायिक स्थान, धार्मिक स्थान का विकास किया जाये पंचायत में जाकिर प्रधान, हरिमोहन, आजाद, विजयपाल, काशीराम प्रधान, महेश यादव, कुलदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पोल्ट्री फार्म से इन्वेटर सोलर का मोटर तार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** पोल्ट्री फार्म के कमरे से अज्ञात चोरो नें इन्वेटर, सबमर्सिबल का मोटर, दो सौ मीटर तार सोलर के तार काटकर चोरी कर ले गये। पीड़ित नें रटौल पुलिस चौकी पर तहरीर दी है।
रटौल निवासी हबीब पुत्र डाक्टर अब्दुल सत्तार का निरोजपुर मार्ग पर पोल्ट्री फार्म है। उसने बताया कि उसके आमने सामने दो पोल्ट्री फार्म है जहा एक और बिजली और सोलर सिस्टम लगा हुआ है। वही एक छोटा गोदाम बना है जिसमे वह समान रखते है। रात्रि चोर छत की चादर हटाकर कमरे में घुस आये और वहा रखा इन्वेटर, स्टार्टर, दो सौ मीटर बिजली का तार, सोलर के तार चोर चोरी कर ले गये। सुबह जब फार्म पर काम करने वाले मजदूरों ने देखा तो हबीब को सूचना दी। मौकें पर जाकर देखा तो



समान चोरी हुआ मिला। पीड़ित नें बताया लगभग 80 हजार का नुकसान हुआ है। पीड़ित नें रटौल पुलिस चौकी पहुंच अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है। वही दो माह पहले भी इसी फार्म पर चोरो नें हजारो की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उधर चौकी ईन्चाज भूपेन्द्र सिंह नें बताया की पोल्ट्री फार्म में चोरी की सूचना मिली है। मौकें पर जाकर देखा गया है।

## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर चलाया चेकिंग अभियान, 100 से अधिक वाहन चालकों के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेसवे पर पुलिस ने देर रात विशेष चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 100 से अधिक वाहन चाल. कों के चालान किए। इस दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया गया।

पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय के निर्देश पर कोतवाली बागपत पुलिस और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने काठा टोल प्लाजा स्थित दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान हूटर और सायरन का अवैध प्रयोग करने, वाहनों पर काली फिल्म लगाने, शराब पीकर वाहन चलाने तथा सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ





कार्रवाई की गई। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 100 से अधिक वाहनों के चालान किए। चेकिंग के दौरान पुलिस अधिका. रियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया। उन्हें शराब पीकर वाहन न चलाने, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने और लंबी दूरी की यात्र के दौरान थकान या नींद महसूस होने पर टोल प्लाजा अथवा सुरक्षित स्थान पर विश्राम करने की सलाह दी गई। पुलिस ने वाहन चालकों से एक्सप्रेसवे पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करने की भी अपील की। अधिकारियों ने बताया कि जिले में लगातार यातायात नियमों के उल्लंघन और प्रतिबंधित उपकरणों के इस्तेमाल की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके चलते यह विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## तीन दिन पहले लापता हुई 16 वर्षीय किशोरी को किया सकुशल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** एक गांव से तीन दिन पहले लापता हुई 16 वर्षीय किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है। किशोरी के मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली है। उसके लापता होने के बाद से परिवार में चिंता का माहौल था।
परिजनों ने बताया कि किशोरी तीन दिन पूर्व घर से लापता हो गई थी। परिवार के सदस्यों ने अपने स्तर पर उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने तीन दिन की तलाश के बाद किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। किशोरी के मिलने की खबर से परिवार में खुशी का माहौल है और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस अब किशोरी से उसके घर से जाने के कारणों और परिस्थितियों के बारे में पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि किशोरी को बरामद कर लिया गया है। उसके बयान दर्ज किए जाएंगे और बयानों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में कार्यक्रम को संबो. धित करते हुये जगद्गुरु इंद्रप्रस्थ पीठाधीश्वर स्वामी कृष्ण स्वरूप महाराज ने कहा सवर्ण समाज के बच्चे प्रतिभावान होते हैं। उनमें प्रतिभा जन्मजात कूट-कूट कर भरी होती है। उस प्रतिभा को सही दिशा में प्रेरित करने की आवश्यकता है जिससे कि बच्चे गलत रास्ते पर न जाएं और जीवन में उन्नति करते हुए उच्च पदों पर पहुंचे।
राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ प्रवेश दत्त भारद्वाज ने कहा संगठन सदैव समाज की उन्नति के लिए कार्य करता रहेगा। शाकंभरी से पधारे राम भावानंद ब्रह्मचारी महाराज दद्दा आश्रम के प्रभारी ने कहा हम सबको अपने जीवन में शिक्षा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। करियर काउंसलर और साइंटिस्ट रामकरण शर्मा ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए मेहनत ही एक साधन है। पैसा अथवा पढ़ा लिखा परिवार होना भी आवश्यक नहीं है, अगर उन्नति चाहते हैं तो कठिन मेहनत जीवन में करनी चाहिए। मंच का संचालन आचार्य उमेश कौशिक जी के द्वारा किया गया। राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष आचार्य प्रवीण पुलस्त्य ने कहा समाज की उन्नति के लिए हमारे द्वारा किया गया। यह एक प्रयास था जिससे कि बच्चो को मोटिवेशन किया जा सके और वह जीवन में आगे चलकर समाज और देश हित के लिए कार्य कर सके। इस अवसर पर आचार्य संजय कौशिक राजीव भारद्वाज अंकुर शर्मा प्रदीप शर्मा चंद्र मोहन शास्त्री अश्वनी शर्मा दीपक शर्मा प्रमोद शर्मा मनीष शर्मा प्रवीन शर्मा अनुज शर्मा, नीरज कौशिक, राजपाल शर्मा, दिनेश शर्मा, पंडित राजकुमार शास्त्री ज्योतिषाचार्य, एडवोकेट राधेश्याम शर्मा अंकुर शर्मा अरविंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सपा कार्यकर्ताओं की कार्यालय पर मासिक बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी की अध्यक्षता में एक मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए जनपद में प्रभावी रूप से पार्टी के लिए काम करने वाले समाजवादियों को संगठन में जिम्मेदारी दी जाएगी ताकि 2027 के चुनाव में जनपद बागपत की तीनों सीटों को जीतने की रणनीति तैयारी की जा सके।



बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, अर्जुन अवॉर्ड, सौकिंदर, रेनू, सुभाष तोमर, काला विधुडी, नाजिम अलवी, पवन गुर्जर, राजवीर गुर्जर, संजीव पवार, महिपाल यादव, निजामुद्दीन, राकेश गुर्जर, मोहित, कृष्णपाल आदि मौजूद रहे।

## बहन-बेटियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताःनीरज शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** वात्सयान पैलेस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव पर (हिंदू स्वाभिमान सम्मेलन) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संत-महात्माओं, भाजपा पदाधिकारियों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक मूल्यों, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता के संदेश को सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम के दौरान कई प्रमुख पदाधिकारियों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इनमें सत्यादेव गिरी महाराज, महामंडलेश्वर सत्यानंद महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, कृष्णपाल शर्मा, धर्मेंद्र कश्यप, पंकज वालिया, मनोज कश्यप और शरद परमार शामिल थे। सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और उनके कार्यों की सराहना की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के नेतृत्व में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने जोर दिया कि बहन-बेटियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शर्मा ने बताया कि महिलाओं के प्रति छेड़छाड़, उत्पीड़न या अपराध की सोच रखने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस और प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य संतों और वक्ताओं ने भी समाज में भाईचारा, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रहित में कार्य करने का आहवान किया। इस अवसर पर पंडित जयभगवान शास्त्री, राजपाल शर्मा, जितेंद्र कश्यप, रवि, ओमप्रकाश, प्रवीण शर्मा, नितिन



और गुड्डी कश्यप सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीर्घायु और प्रदेश की खुशहाली की कामना के साथ हुआ।

## अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन शातिर चोरों को पकड़ा






**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बिनौली थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने बागपत के बिजवाड़ा और बिनौली गांव के साथ-साथ हरिद्वार के रुड़की में हुई चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया है।
गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मेरठ निवासी शोएब और दिल्ली निवासी आफताब आलम के रूप में हुई है। गिरोह में शामिल महिला शोएब की पत्नी है, जो उसके साथ चोरी की वारदातों में शामिल होती थी। पुलिस के अनुसार, बिनौली गांव में एक दुकान से लाखों रुपये की चोरी हुई थी, वहीं बिजवाड़ा गांव में भी लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इन शिकायतों के बाद पुलिस सक्रिय हुई और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने शोएब, अफ़ताब आलम और महिला को गिरफ्तार करने के बाद उनके कब्जे से रुड़की में हुई चोरी की घटना का सामान बरामद किया है। इसके अतिरिक्त, उनके पास से दो अवैध तमंचे, तीन जिंदा कारतूस, 3 लाख 50 हजार रुपये नकद, चोरी के उपकरण और लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद हुए हैं। बागपत सीओ विजय चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार चोरों के कब्जे से चोरी का सामान, नगदी, आभूषण और वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी भी बरामद हुई है।

पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है, जबकि गिरोह का सरगना अभी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार विभिन्न स्थानों पर दबिश दे रही हैं।

## प्रेस क्लब की बैठक में संरक्षक नवीन अग्रवाल ने साझा किए अनुभव

■ स्व. इबादत नूर खां को दी श्रद्धांजलि

**पूरनपुर।** नगर पालिका सभागार में बुधवार को पूरनपुर प्रेस क्लब (रजि.) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्लब के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में पहली बार प्रेस क्लब के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार नवीन अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने पत्रकारिता जीवन के अपने अनुभव और संघर्ष के पल साझा कर पत्रकार साथियों को जागरूक किया।

पत्रकार साथियों ने उनके सुझावों की सराहना की और तालियों से स्वागत किया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सदस्य अमित पाल ने कहा कि सभी पत्रकार साथियों को एक-दूसरे की परेशानियों में साथ खड़ा रहना चाहिए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैदर खान ने भी साथियों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर सहयोग करने की बात कही। अध्यक्ष योगेश वर्मा ने भी अपने विचार रखे।



बैठक के अंत में प्रेस क्लब के पूर्व संरक्षक स्व. इबादत नूर खां के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष योगेश वर्मा, संरक्षक नवीन अग्रवाल, वरिष्ठ महामंत्री संदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष सुहेल अहमद, हसन हैदर खान, जितेन्द्र शर्मा, रामगा. पाल कुशवाहा, जीशान अली, अनिरुद्ध सिंह यादव, मो. रियाज, इस्लामुद्दीन अंसारी, दिनेश कुमार, वेदप्रकाश, अमित पाल, जसबंत कुमार, अनिल शर्मा, अजीम खां, प्रदीप कुमार वर्मा, गुरु प्रसाद पाल, सीएन यादव, मनोज कुमार, ठा. अमित सिंह सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## रंगदारी न देने पर दबंगों का तांडव

■ घर में घुसकर तोड़फोड़ और महिलाओं से की बदसलूकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**वजीरगंज/बदायूं।** नगर पंचायत सैदपुर के वार्ड नंबर 1 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बना रहे एक व्यक्ति को रंगदारी न देना भारी पड़ गया। आरा. प है कि कुछ भू-माफियाओं ने जबरन 2 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और न देने पर उनके निर्माणाधीन मकान में घुसकर तोड़फोड़ की, मकान की दीवारें गिरा दीं और घर की महिलाओं के साथ अभद्रता की। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़ित वेदप्रकाश पुत्र रामगोपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना मकान बनवा रहे हैं। मकान की दीवारें 4-5 फिट ऊंची उठ चुकी हैं दीवारों पर दरवा. जे लग गये थे । उन्होंने आरोप लगाया कि शुभम पुत्र श्रीकृष्ण, पुष्पांजलि पत्नी श्रीकृष्ण और नितिन समेत करीब 10-15 अज्ञात लोग लंबे समय से उनसे 2 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे थे। पैसे न देने पर आरोपियों ने काम रुकवाने और मकान गिराने की धमकी दी थी। पीड़ित के अनुसार बीते 6 जून की रात करीब 9:20 बजे दबंग एकजुट होकर उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने निर्माणाधीन मकान की दीवारें गिरा दीं और दरवाजे तोड़ दिए। इस दौरान जब घर की महिलाओं ने विरोध किया तो दबंगों ने उनके साथ बदसलूकी की और घर पर ईंट-पत्थर बरसाए। इस हमले में घर के कई लोग घायल हुए हैं। पीड़ित वेदप्रकाश का कहना है कि पूरा परिवार इस घटना के बाद से काफी दहशत में है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि उनके पास इस पूरी घटना का वीडियो साक्ष्य भी मौजूद है। जिसमें आरोपी उनके घर की दीवारें और दरवाजे गिरा रहे हैं। पीड़ित ने थाना वजीरगंज पुलिस से तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।


**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सोनू उर्फ घोलू व पुत्रवधू मुस्कान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
साबू पुत्र रसीद निवासी ग्राम अहमद शाहपुर पदडा थाना व जनपद बागपत।

**सूचना**
मै मुबारीक अली, सर्विस संख्या-5003731N पद-RFN/GD, प्रथम असम राइफल्स, मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे माता-पिता का नाम मुन्नी व मेहरबान अली एवं पता-ग्राम पोस्ट खरड़ (मुजफ्फरनगर) गलत दर्ज है। मेरी माता का सही नाम महमूना व मेरे पिता का सही नाम मेहरबान तथा वर्तमान पता मकान न.122, मौ. दक्षिणी मंडी, वार्ड न.9, बुढाना टाऊन मुजफ्फरनगर उ.प्र.251309 है।



**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस लाइन में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर
# पुलिसकर्मियों और परिजनों ने उठाया लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पुलिस लाइन हापुड़ में वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वामा सारथी की अध्यक्षा मीना सिंह ने किया। शिविर में जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय के चिकित्सकों ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया।




शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की सामान्य बीमारियों की जांच की गई और चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। इस अवसर पर वामा सारथी की अध्यक्षा मीना सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मी समाज की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करते हैं। ऐसे में उनका शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए वामा सारथी लगातार विभिन्न सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित कर रही है। मीना सिंह ने कहा, पुलिस परिवार हमारे लिए प्राथमिकता हैं। स्वास्थ्य जीवन का सबसे बड़ा धन है और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। इस शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। हमें विश्वास है कि इस तरह के आयोजन पुलिस परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करेंगे। वामा सारथी आगे भी पुलिस परिवारों के हित में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने भी सहयोग प्रदान किया। शिविर के समापन पर लाभार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पुलिस परिवारों के लिए उपयोगी और लाभदायक बताया।

## मेरठ गेट चौकी के सामने धार्मिक नाम लिखी दीवार को लेकर बवाल, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ गेट पुलिस चौकी के सामने रविवार को एक धार्मिक नाम लिखी दीवार को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई की मांग करने लगे। स्थिति को देखते हुए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। बताया गया है कि चौकी के निकट स्थित एक भवन की दीवार पर धार्मिक नाम और प्रतीक अंकित था। आरोप है कि समीप ठेला लगाने वाले युवक द्वारा उस लिखावट पर रंग कर दिया गया। घटना की जानकारी फैलते ही स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों के लोग मौके पर पहुंच गए तथा विरोध दर्ज कराया।



विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों को पुलिस चौकी बुलाया गया। इस दौरान चौकी परिसर में दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हो गई। हालांकि पुलिस की मौजूदगी में मामला आगे नहीं बढ़ सका और अधिकारियों ने सभी को समझाकर शांत कराया। शिकायतकर्ताओं ने संबंधित युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएं सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती हैं। वहीं क्षेत्र में अवैध रूप से लग रहे ठेलों और अतिक्रमण की भी शिकायत की गई।

## खेत की रखवाली बनी मौत का जाल, करंट वाले तार से युवक की जान गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** खेतों में फसलों को बचाने के लिए लगाए गए झटका तार एक युवक के लिए काल बन गए। करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई, जबकि गांव में मातम का माहौल छा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया गया है कि युवक खेतों की तरफ गया हुआ था। इसी दौरान उसका संपर्क खेत के चारों ओर लगाए गए झटका तार से हो गया। तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आते ही युवक जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना ने एक बार फिर खेतों में अवैध रूप से लगाए जा रहे करंटयुक्त तारों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले में पहले भी ऐसे कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें लोगों की जान जा चुकी है। बावजूद इसके खेतों में करंट छोड़कर फसलों की सुरक्षा करने की प्रवृत्ति पर अंकुश नहीं लग पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में लगाए गए ऐसे तार न केवल इंसानों बल्कि पशुओं के लिए भी बड़ा खतरा बन चुके हैं। कई बार राहगीर और किसान भी अनजाने में इनकी चपेट में आ जाते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



वहीं ग्रामीणों ने मांग उठाई है कि खेतों में करंटयुक्त तार लगाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे भविष्य में किसी और परिवार को इस तरह का दर्द न झेलना पड़े।

## धर्मपरिवर्तन कराने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के एक गांव में धर्मपरिवर्तन कराने की सूचना पर पुलिस में अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो कुछ लोग एक संत की धार्मिक पुस्तकों को बेच रहे थे। मामले की सच्चाई सामने आने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है।

दरसल रविवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली की कुछ लोग क्षेत्र के एक गांव में ग्रामीणें को धर्मपरिवर्तन के लिए जागरुक कर रहे है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान है। मामले की सूचना पर पुलिस में अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि कुछ लोग एक संत के नाम की धार्मिक पुस्तक को बेच रहे है। पुलिस ने मौके पर गहनता से जांच की और आस पास के लोगों से इसकी जानकारी की। धर्मपरिवर्तन से जुडी कोई भी जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस लेते हुए पुलिस के आला अधिका. रियों को मामले की जानकारी से अवगत कराते हुए राहत की सांस ली।

## किराए पर गाड़ी लेकर, वापस न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर निवासी एक व्यक्ति ने हापुड़ निवासी एक व्यक्ति पर किराए पर लिए गए ट्रक को वापस न करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीड़ित हरेंद्र सिंह ने बताया कि उसने एक ट्रक बनाया हुआ है। उस ट्रक को हापुड़ नगर निवासी युवक ने चलाने के लिए हर माह एक लाख रुपये में लिया था। एक माह का किराया उसको मिल गया है, लेकिन पिछले सात माह तक का किराया अभी तक नहीं मिला है। पीड़ित ने अपना किराया मांगा तो आरोपी ने देने से इंकार कर दिया। इसके अलावा उसने अपने ट्रक को वापस करने की मांग की तो आरोपी ने ट्रक को भी वापस नहीं किया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## फूफा ने भाईयों के साथ मिलकर भतीजी से किया दुष्कर्म करने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव में बुआ के घर रहने के लिए आई 15 वर्षीय किशोरी के साथ उसके फूफा ने अपने भाईयों के साथ दुष्कर्म के प्रयास किया। विरा. ध किए जाने पर पीड़िता घायल हो गई। जबकि मौके पर पहुंची उसकी बुआ भी घायल हो गई। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जनपद बुलंदशहर के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसके भाई की मौत हो गई है। भाई की मौत के बाद उसकी बेटी को वह अपने साथ लेकर आ गई और अपने साथ रखने लगी। पीड़िता ने बताया कि उसकी बहन के बच्चा होने पर उसने भतीजी को बहन के घर गढ़ के एक गांव में रहने के लिए भेज दिया। पीड़िता ने बताया कि उसकी भतीजी पर बहन के पति एंव उसके भाईयों ने बुरी नजर रखनी शुरू कर दी। समय समय पर तीन भाई किशोरी के साथ छेड़छाड़ करते। पीड़िता ने बताया कि दो दिन पूर्व गर्मी होने के कारण किशोरी छत पर सोने के लिए चली गई। इसको देखकर आरोपी तीनों भाई भी वहां पहुंच गए और किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध किए जाने पर आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि शोर सुनकर आई उसकी बहन के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पत्नी को चाकू मारने के आरोप में पति दबोचा, घरेलू विवाद ने लिया हिंसक रूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** घरेलू कलह के चलते पत्नी पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी पति को नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज कर रखा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र के मोहल्ला शिवगढ़ी निवासी एक महिला ने अपने पति नदीम पर मारपीट और जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला करने का आरोप लगाया था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना के बाद आरोपी फरार चल रहा था।

नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपी नदीम पुत्र मोहम्मद जाहिद निवासी ईदगाह रोड, अक्शा गार्डन के पास, मोहल्ला शिवगढ़ी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार सतर्क है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## तीन जिलों में वारदात करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का सदस्य दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना पुलिस ने अमरोहा की गजरौला पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया इन्वर्टर, दो मोबाइल फोन, लूटी गई मोटरसाइकिल तथा अवैध तमंचा और कारतूस बरामद होने से पुलिस ने कई मामलों के खुलासे का दावा किया है। बाबूगढ़ थाना पुलिस और गजरौला पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बनखंडा नहर पटरी मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपी यश पुत्र नरेंद्र निवासी कुच. ेसर रोड चौपला, थाना बाबूगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से बरामद काला इन्वर्टर बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित है। इसके अलावा दो मोबाइल फोन बुलंदशहर जनपद के बीबीनगर थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना से जुड़े पाए गए। वहीं बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल अमरोहा जिले के गजरौला थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात की निकली। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर हापुड़, अमरोहा और बुलंदशहर जनपदों में चोरी और लूट की कई घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक



जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। इस संबंध में शस्त्र अधिनियम के तहत अलग मुकदमा दर्ज किया गया है। बरामदगी के आधार पर संबंधित मुकदमों में आवश्यक धाराओं की बढ़ोत्तरी भी की गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं, जिनके आधार पर अन्य घटनाओं के खुलासे की भी संभावना है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गिरोह के फरार सदस्यों की तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया है।

## भाकियू टिकैत ने किसान विश्राम गृह में मीटिंग कर की प्रेसवार्ता

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन जनपद पीलीभीत की पंचायत किसान विश्रामगृह मंडी समिति पीलीभीत में जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुई जिसका संच. ालन जिला महामंत्री नेमचंद वर्मा ने किया पंचायत में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार अजीत सिंह द्वारा जनपद की समीक्षा बैठक की गई। संगठन को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। पंचायत में प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार अजीत सिंह, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश यशपाल सिंह, नगेंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव स्वराज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह विर्क, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष भारत सिंह, निर्मल स्वरूप भोजवाल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्यारेलाल वर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## तीन युवकों पर युवती ने लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव में घेर में पिता को सामान देने के लिए जा रही युवती के साथ तीन युवकों ने छेड़छाड़ की। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी युवती ने बताया कि दो दिन पूर्व वह अपने पिता को सामान देने के लिए घेर में जा रही थी। तभी गांव निवासी तीन युवकों ने उसको हाथ पकड़ कर रोक लिया। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ की। उसने पुलिस में शिकायत करने की बात कहीं तो आरोपियों ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दावत खाने के दौरान हुए विवाद में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जंगल में दावत खाने के दौरान हुई कहासुनी में धक्का मुक्की में कटीले तारों पर गिरकर घायल हुए युवक की घटना के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि शेष आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है। थानाध्यक्ष इंद्रकात यादव ने बताया कि गांव चितौड़ा निवास कपिल कुमार गैस प्लांट में काम करता है। रोजमर्रा के भांति शनिवार की रात को वह प्लाट से ड्यूटी के उपरांत अपने घर के लिए जा रहा था। रास्ते में उसको उसके दोस्त नौशाद ,शाहरुख निवासी पलवाड़ा मिल गए। तीनों ने दावत करने के लिए बाग में गये,दावत के दौरान विवाद होने लगा। तभी धक्का मुक्की में कपिल खेत में लगे कटीले तारों पर गिर गया, जिससे उसको चोट आई है। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने नामजद आरोपी नौशाद को गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी हुई लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा संदिग्ध दशा में लापता हो गई। परिवार के लोगों ने उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी कक्षा नो में पढ़ती थी। पीड़ित ने बताया कि रविवार की दोपहर को परिवार के लोग खाना खाने के सो गए थे। करीब एक घंटे के बाद देखा कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर पर नहीं थी। पीड़ित ने बेटी को काफी तलाश किया, लेकिन उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ के गांव मोहम्मदपुर रूस्तमपुर में झोपड़ी डालकर रहने वाले साधू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव झोपड़ी के पास सड़क किनारे पड़ा हुआ मिला है। हालांकि उनकी सड़क हादसे में मौत होने की आशंका व्यक्त की जा रही है भी मौत का सही कारण जानने के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव के तिराहे पर एक साधू पिछले काफी समय से झोपड़ी डालकर अपना जीवन यापन करता था। बताया गया है कि रविवार की सुबह को उनका शव झोपड़ी के निकट सड़क किनारे पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष इंद्रकात यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टि में मामला सड़क हादसे में मौत होना लग रहा है। मौत का सही कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

### नगर कुंवरगांव के ठाकुरद्वारा मंदिर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टइम्स संवाददाता**

**नगर कुंवरगांव।** तिरपौलिया तिराहे के निकट स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर भक्तों की आस्था का एक मुख्य केन्द्र है,मंदिर में चल रहे प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में रविवार को प्रातः आरती के उपरांत एक विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर कमेटी तथा नगरवासियों के सहयोग से किया गया ।जहां क्षेत्रवासियों तथा नगर के हजारों भक्तों के साथ ही साथ दूर दराज से आये श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद ग्रहण कर भगवान का आशीर्वाद लिया, मंदिर प्रबंधक ऐडवोकेट शैलेन्द्रसिंह ने बताया कि नगर के ठाकुरद्वारा मंदिर में श्रीराम दरबार,श्री राधाकृष्ण,श्री लक्ष्मी नारायण,मां गायत्री,गणेश भगवान तथा शनिदेव महाराज की मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव की प्रथम वर्षगाँठ पर मंदिर प्रांगण में दो दीवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

## खाकी-प्रशासन मौन, रात के अंधेरे में गरज रही जेसीबी

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, फिर भी सरकारी तंत्र मौन
- केवल खानापूर्ती के लिए होती है कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** सहसवान क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हो गए है उन्हें न तो कानून का खौफ है और न ही पुलिस का डर है रात ढलते ही क्षेत्र के भवानीपुर, खेरू, खल्ली और अमनपुर गांवों में जेसीबी मशीनें गरजने लगती हैं। प्रतिबंध होने के बावजूद भी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से मिट्टी ढोने का कार्य बेखौफ होकर धड़ल्ले से चल रहा है। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। प्रशासन की सख्ती के तमाम दावे जमीनी हकीकत के आगे पूरी तरह खोखले और नाकाम साबित हो रहे हैं।

### नींद उड़ी, धूल से घुट रहा दम

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि रात भर तेज रफ्तार में निकलने वाले भारी डंपरों के शोर के कारण उनका सोना दुश्वार हो गया है। वाहनों से उड़ने वाली धूल-मिट्टी के गुबार से पूरा इलाका परेशान है, जिससे लोगों का सांस लेना तक दूभर हो चुका है। प्रशासनिक स्तर पर कोई सुनवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने अब खुद माफियाओं के खिलाफ मोर्चा संभाल लिया है। ग्रामीणों ने रात के अंधेरे में हो रहे इस काले कारोबार के कई वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए हैं। इन वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह बिना किसी डर के मिट्टी से लदे वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं, लेकिन इन्हें रोकने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं है। क्षेत्र में अवैध खनन के पैर पसारने की मुख्य वजह मिट्टी की भारी डिमांड और इसमें होने वाला मोटा मुनाफा है। सूत्रों के मुताबिक, इन गांवों से रात में चोरी-छिपे निकाली जा रही मिट्टी को शहरों में विकसित हो रही अवैध प्लाटिंग और ईंट भट्ठों पर ऊंचे दामों में बेचा जा रहा है। इस अवैध कारोबार के चलते अब शांत ग्रामीण इलाकों में र गुटबाजी की स्थिति पैदा होने लगी है।

### शिकायत पर मिलती है मौत की धमकी

भवानीपुर के एक ग्रामीण ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया, ष्रात भर भारी वाहनों की आवाजाही से हमारे मकानों में कंपन होता है। अगर कोई भी व्यक्ति इस बर्बादी का विरोध करता है या पुलिस से शिकायत की बात कहता है, तो खनन माफिया सीधे जान से मारने की धमकी देते हैं। डरे-सहमे ग्रामीणों के पास इस अंधेरगर्दी को उजागर करने के लिए वीडियो वायरल करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा था।ष अब देखना यह है कि सोशल मीडिया पर सुबूत सार्वजनिक होने के बाद भी जिला प्रशासन और पुलिस कुंभकर्णी नींद से जागती है, या फिर सहसवान में खनन माफियाओं का यह श्काला साम्राज्यश यूं ही फलत-फूलता रहेगा।

## प्रशासन खनन माफियाओं के खिलाफ एक्शन में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** तहसील क्षेत्र के कई गाँवों में शाम ढलते ही खनन माफियाओं का साम्राज्य जाग जाता है। पुलिस की सांठ गांठ से क्षेत्र में दिन-रात हो रहे अवैध खनन की सूचना पर एसडीएम, आईएएस श्री साई आश्रित शाख मुरी के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने छापामार कार्यवाही की। जिससे अवैध खनन स्थल पर वाहन छोड़कर भाग निकले खनन माफिया और वाहन चालक। तहसील क्षेत्र में खाकी की सांठ गांठ से बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन चल रहा था। सूचना पर नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह एवं नायब तहसीलदार अमित चौधरी ने अलग-अलग स्थानों पर छापा मारकर मिट्टी लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह ने एक वार्ता में कहा कि अवैध खनन स्थल की पैमाइश कराकर आकलन रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अवैध खनन करने - कराने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, इस मामले में बड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने चोरी की घटनाओं का किया खुलासा

■ तीन आरोपी गिरफ्तार, आभूषण नकदी और बाइक बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की जेवर पुलिस ने चोरी की कई घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण, 4,160 रुपये नकद, एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 5 जून को जेवर थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें बताया गया था कि अज्ञात चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली थी।



इसके अगले दिन, एक अन्य व्यक्ति ने अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल और पड़ोसी की मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। इन मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच के लिए दो विशेष टीमों का गठन किया।

जांच के दौरान, पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। मुखबिर की सूचना पर रविवार को सिरसा-माचीपुर मार्ग से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पलवल निवासी तेजपाल उर्फ छोटा बनिया, पलवल निवासी कृष्ण उर्फ कुटनिया और जेवर के साहबनगर निवासी गौरव के रूप में हुई है।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रामपुर बांगर क्षेत्र से दो मोटरसाइकिलें चोरी की थीं। उन्होंने रामपुर बांगर और कस्बा जेवर में तीन अन्य मकानों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के आभूषण और 4,160 रुपये नकद बरामद किए हैं। तेजपाल के पास से एक अवैध .315 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी मिला है। पुलिस गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

# महंगाई की आंच रसोई तक पहुंची सिलिंडर फिर हुआ महंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दाल चढ़ाने से पहले अब गैस की खपत का हिसाब लगाया जा रहा है। तीन महीने में दूसरी बार घरेलू गैस सिलिंडर महंगा होने से अब हर चूल्हे पर बढ़ती महंगाई की आंच महसूस की जा रही है। रविवार से सिलिंडर 939.50 रुपये का हो गया है, जिसके बाद कई परिवार गैस बचाने के लिए अपने खानपान और खाना पकाने के तरीकों में बदलाव करने लगे हैं। कई घरों में गैस के साथ ही इंडेक्शन का उपयोग भी किये जाने लगा है। जिले में गैस कंपनियों के लगभग 9.5 लाख उपभोक्ता हैं। अब नई दरों के आधार पर बुकिंग ली जा रही है।



सिलिंडर के दाम बढ़ने से लोगों की परेशानियों में भी इजाफा हुआ है। महंगाई की मार रसोई तक पहुंचने से गृहणियों का खर्च भी बढ़ गया है। इस बार सिलिंडर के दाम 29 रुपये बढ़े हैं इससे पहले मार्च माह में लगभग 60 रुपये का इजाफा हुआ था तो लोगों की जेब पर काफी असर पड़ा था। महिलाओं का कहना है कि सिलिंडर की बढ़ती दरों से खर्च बढ़ गया है। गैस के साथ खाद्य पदार्थ के रेट भी बढ़े हैं। जहां दिन में तीन बार खाना बनाया जाता था अब एक वक्त ही ज्यादा मात्रा में बनाना पड़ रहा है।

**ऐसे बढ़े सिलिंडर के दाम**

मार्च 6 तक सिलिंडर 850 रुपये का मिलता था, फिर सिलिंडर के दाम 60 रुपये बढ़ गए।

जून 6 तक सिलिंडर की कीमत 910 रुपये थी। दर में 29 रुपये इजाफा होने के बाद अब सिलिंडर 939.50 रुपये हो गया है।

## आरोपी के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा

**नोएडा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर 18 साल पहले ट्रक चालक द्वारा रेलवे फाटक तोड़ने के मामले में आरोपी के घर कुर्की की कार्रवाई का नोटिस चस्पा किया गया है। गांव में मुनादी कराकर परिजन को नोटिस थमाया गया है। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि 2007 में फर्रुखाबाद के नंगला कायमगंज गांव निवासी अवधेश पाल ट्रक को लेकर ग्रेटर नोएडा की तरफ जा रहे थे। जब ट्रक चालक रेलवे गेट फाटक संख्या 147 पर पहुंचे तो ट्रेन आने के चलते बंद था। ट्रक से टक्कर मारकर बंद फाटक को तोड़ दिया गया था। आरपीएफ कोतवाली में चालक के खिलाफ रेलवे अधिनियम एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# छुट्टी के दिन भी चार घंटे तक बिजली कटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के लोगों को बिजली कटौती से राहत नहीं मिल रही। अवकाश के दिन रविवार को 20 से अधिक सेक्टरों में लोगों को दो से चार घंटे तक की कटौती झेलनी पड़ी। उपभोक्ताओं का आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा।

दरअसल, बिजली फीडर और लाइनों में ट्रिपिंग और फॉल्ट की वजह से लोगों को बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है। वहीं, गर्मी का सितम शुरू होने पर विद्युत निगम धड़ल्ले से मरम्मत कार्य करा रहा है। रविवार को कई उपकेंद्रों पर मरम्मत और रखरखाव का कार्य




किया गया। इस वजह से लोगों को घोषित और अघोषित बिजली कटौती झेलनी पड़ी। सेक्टर-22 में स्थानीय फॉल्ट की वजह से बिजली गुल हुई। ट्रांसफार्मर का लोड बैलेंस करने की वजह से भी सेक्टर में दो से चार घंटे तक कटौती की गई। वहीं, कंट्रोल रूम के नंबर पर शिकायत करने पर समस्या का समाधान हुआ। सेक्टर-19 आरडब्ल्यूए के महासचिव लक्ष्मी

> विद्युत ढांचे की क्षमता वृद्धि का लगातार कार्य किया जा रहा है। पुरानी लाइनों में फॉल्ट की अधिक समस्या आ रही है। इस वजह से उपभोक्ताओं को बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है। शिकायत के तुरंत बाद समस्या का त्वरित समाधान कराया जा रहा है।
>
> **-विवेक कुमार पटेल, अधीक्षण अभियंता, तकनीकी, पावर कॉरपोरेशन**

नारायण ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ कटौती भी बढ़ती जा रही है। सेक्टर में ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई है। वहीं, सेक्टर-20 में लोकल फॉल्ट की वजह से लोगों को कटौती का सामना करना पड़ा। बी ब्लॉक निवासी आरपी सिंह ने बताया कि दिन भर में तीन से चार बार बत्ती गुल हुई। गर्मी में छोटे बच्चों को सबसे ज्यादा तकलीफ का सामना करना पड़ा। टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं हुई। सेक्टर-122 के निवासी भंवर सिंह भाटी ने बताया कि बगैर बिजली के दैनिक कामकाज पूरी तरह प्रभावित हुआ। सेक्टर-49 के बरौला गांव के निवासी अनिल चौधरी ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही कटौती बढ़ती जा रही है। रविवार के दिन औद्योगिक सेक्टरों की आपूर्ति बंद होने के बाद भी लोगों को कटौती का सामना करना पड़ा। इसी तरह शहर के कई अन्य सेक्टरों में भी लोगों को बिजली कटौती कटौती का सामना करना पड़ा। देहात क्षेत्र दादरी, जेवर, रबूपुरा, शाहबेरी आदि कस्बे और गांवों में भी दिक्कत रही।

**बिजली कटौती की इन नंबरों पर करें शिकायत:** उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 के अलावा जिला स्तर पर 0120-2970431, 2970605 और 9193301659 पर फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। हालांकि कंट्रोल रूम में शुक्रवार को दिन भर में करीब 10 शिकायतें बिजली कटौती की आई है।

## एक नजर

### गंदगी से अटी नालियां, सड़कों के किनारे उगी घास से परेशान

**ग्रेटर नोएडा( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट स्थित सेक्टर-3 के डी ब्लॉक में नालियों की सफाई और सार्वजनिक स्थानों पर उगी घास से निवासी परेशान हैं। आरोप है कि बार-बार शिकायत के बाद भी घास काटने व नालियों को साफ नहीं किया जा रहा है। स्थानीय निवासी मोहित कुमार ने बताया कि डी ब्लॉक की कई नालियों में काफी समय से सफाई नहीं कराई गई। जिसके कारण बारिश के समय पर जलभराव हो जाता है। सफाई नहीं होने की वजह से मच्छर भी बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों, पार्कों और खाली स्थानों के आसपास घास भी काफी बढ़ गई है। बरसात का मौसम आने से पहले नालियों की सफाई जरूरी है। जिससे जल निकासी व्यवस्था अच्छी बनी रहे। स्थानीय लोगों ने नालियों की सफाई और घास कटाई का कार्य जल्द कराने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

### सेक्टर-37 में हॉकी ग्राउंड का निर्माण जल्द

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर -37 में हॉकी ग्राउंड का निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने रविवार को इस हॉकी ग्राउंड का शिलान्यास/भूमिपूजन किया। हॉकी ग्राउंड का निर्माण दो चरणों में होगा। करीब 10.30 करोड़ रुपए की लागत से पहले चरण में ग्राउंड का निर्माण होगा। दूसरे चरण में पवेलियन और दर्शक दीर्घा बनाया जाएगा। हॉकी ग्राउंड बनाने के लिए जेवर विधायक की तरफ से प्रस्ताव दिया गया था, जिस पर निविदा प्रक्रिया को पूरा कर अब ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से निर्माण कराया जा रहा है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खेल हॉकी के प्रति स्थानीय युवाओं में उत्साह भरने के लिए यह ग्राउंड मील का पत्थर साबित होगा। हॉकी ग्राउंड बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के फैसले की विधायक ने सराहना की है। शिलान्यास कार्यक्रम सुबह करीब 10:30 बजे शुरू हुआ और दोपहर 12:30 बजे तक चला। इस दौरान प्राधिकरण की तरफ से वर्क सर्किल- 5 के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश निम, स्थानीय जनप्रतिनिधि, आरडब्ल्यूए पदाधिकारीगण और सेक्टर-37 व आसपास के निवासी मौजूद रहे।

### ऑटो चालक की लापरवाही से मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में ऑटो चालक की लापरवाही से व्यक्ति की मौत होने का आरोप है। मृतक के बेटे की शिकायत पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। तिलपता करनवास निवासी संतोष यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि देवला गांव में उनकी कॉस्मेटिक की दुकान है, जिसे वह पिता नकुल यादव के साथ मिलकर संचालित करते थे। 10 मई 2026 की रात दुकान बंद करने के बाद वह और उनके पिता ऑटो से घर लौट रहे थे। ऑटो चालक वाहन को तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। तिलपता चौक से पहले चालक ने नियंत्रण खो दिया और ऑटो डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में संतोष को मामूली चोटें आईं, जबकि उनके पिता नकुल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायल नकुल को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें दिल्ली स्थित जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया। वहां कई दिनों तक उपचार चलने के बाद 21 मई को उनकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि शनिवार को देर रात पुलिस यमुना गौड़ सिटी के सेक्टर 3 बी में जांच कर रही थी।
तभी एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया जोकि पुलिस टीम को देखकर सेक्टर की ओर भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। आरोपी की पहचान दनकौर कोतवाली क्षेत्र के गांव डेरी उस्मानपुर निवासी नईम खान के रूप में हुई है।

## मेंटेनेंस शुल्क में हुई वृद्धि के विरोध में लोगों ने जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित सुपरटेक इको विलेज-1 के निवा. सियों ने रविवार को मेंटेनेंस शुल्क में हुई वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन किया। निवासियों ने बताया कि एक जून से कॉमन एरिया मेंटेनेंस शुल्क में 89 पैसे प्रति वर्ग फुट की बढ़ोतरी की गई है। आरोप है कि निवासियों की अनुमति के बगैर निर्णय ले लिया गया। आरोप है कि पहले कॉमन एरिया मेंटेनेंस शुल्क को लेकर एक अलग दर का आश्वासन दिया गया था, जबकि उससे अधिक शुल्क बढ़ा दिया गया।

निवासियों के विरोध को देखते हुए पुलिस के सामने मेंटेनेंस के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। निवासियों ने वाईजी प्रबंधन से बढ़ी हुई दर को वापस लेने और शुल्क निर्धारण प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता बरतने की मांग की। फैसिलिटी प्रबंधन के प्रतिनिधियों ने कहा कि बैठक में उठाए गए मुद्दों और चर्चा का विवरण लोगों के साथ साझा किया जाएगा। प्रबंधन ने बताया कि निवासियों की मांगों और सवालों पर अपना पक्ष ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। निवासियों का कहना है कि यह मामले के समाधान तक शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात उठाते रहेंगे, जबकि सभी की नजर अब प्रबंधन के आधिकारिक जवाब पर टिकी हुई है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के छपरौला फ्लाईओवर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के पिता ने पांच दिन बाद कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि गाजियाबाद के न्यू करेहड़ा कॉलोनी मोहन नगर में प्रमोद कुमार परिवार के साथ रहते हैं। दो जून की रात पुत्र आलोक बाइक पर सवार होकर ग्रेटर नोएडा की तरफ से गाजियाबाद आ रहा था। बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के छपरौला फ्लाईओवर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# नोएडा ग्रेनो वेस्ट मेट्रो की पीआईबी में बताएंगे उपयोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट मेट्रो परियोजना के लिए आगामी सप्ताह में पब्लिक इनवेस्टमेंट बोर्ड (पीआईबी) से मंजूरी मिल सकती है। इसके लिए 10 जून तक बैठक हो सकती है। बैठक में नोएडा मेट्रो रेल कापोरेशन के एमडी इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देंगे। जिसके बाद परियोजना की लागत व उपयोगिता को मंजूरी मंत्रालय स्तर पर मिल सकेगी। जिसके बाद प्रस्ताव कैबिनेट में जाएगा।

पीआईबी की बैठक में ही एनएमआरसी अधिकारियों को परियोजना के प्रस्तुतिकरण के लिए बुलाया जाएगा। सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट सेक्टर-4 (किसान चौक) तक मेट्रो परियोजना की अभी लागत 900 करोड़ रुपये है। ग्रेनो वेस्ट मेट्रो में एनएमआरसी ने किसान चौक तक 5 स्टेशन का कॉरिडोर बनाने का निर्णय लिया है। इस लिहाज से इस प्रस्ताव को अलग से मंत्रालय में भेजा गया है। मेट्रो अधिकारियों का कहना है कि अगर आरआरटीएस के प्रस्तावित रूट को भी मंजूरी मिल जाती है तो इस 5 स्टेशन वाले सेक्टर-51 से ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-4 तक के मेट्रो रूट पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

ये रूट आरआरटीएस से अलग होगा और नोएडा-ग्रेनो वेस्ट को जोड़ेगा। 7.5 किलोमीटर के इस रूट पर 5 मेट्रो स्टेशन सेक्टर-61, 70,122, 123 और ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 (किसान चौक के पास) शामिल हैं।

**ये लाइन आरआरटीएस को जोड़ेगा:** ये लाइन ही गाजियाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक प्रस्तावित आरआरटीएस को जोड़ेगा। जिससे नोएडा के निवासी मेट्रो और आरआरटीएस के जरिए जेवर एयरपोर्ट तक जा सकेंगे। हालांकि इसके निर्माण में करीब दो साल का समय लग जाएगी। लेकिन इस लाइन से एक लूप तैयार होगा।

# अरिहंत अंबर सोसाइटी में प्लास्टर गिरने से युवक की मौत मामले में मेंटेनेंस प्रबंधक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की अरिहंत अंबर सोसाइटी में प्लास्टर गिरने से हुई युवक की मौत मामले में पुलिस ने रविवार को मेंटेनेंस प्रबंधक दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ लाप. रवाही से मृत्यु की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई। अरिहंत अंबर सोसाइटी में 45 वर्षीय विकास चावला परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में बच्चे, पत्नी, माता-पिता हैं।

विकास एक कंपनी में कार्यरत थे। वह डी टावर से बाइक पर सवार होकर बाजार जा रहे थे। टावर की ऊपरी मंजिल से प्लास्टर का बड़ा हिस्सा उनके ऊपर गिर गया। इससे उनकी बाइक संतुलन खो बैठी और दीवार में जा टकराई। घटना में विकास गंभीर रूप से घायल हो गए। लोग तत्काल उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद लोगों ने आरोप लगाया था कि जर्जर प्लास्टर के बारे में कई बार बिल्डर प्रबंधन से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे पहले भी ग्रेनो वेस्ट की कई सोसाइटी में प्लास्टर गिरने के कारण लोगों को चोटें लग चुकी हैं।

इस मामले में विकास चावला के भाई ने बिसरख कोतवाली में सोसाइटी प्रबंधन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में मेंटेनेंस प्रभारी को दीपक को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) के तहत मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य लोगों से भी पूछताछ जारी है।

**सोसाइटी के निर्माण पर पहले भी सवाल उठ चुके:** अरिहंत अंबर सोसाइटी के लोगों में इस हादसे के बाद से ही भय व्याप्त है। लोगों का कहना है कि वह पूर्व में भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर कई बार सवाल उठा चुके हैं। एक माह पूर्व जिलाधिकारी को भी इस मामले में पत्र भेजकर भवन की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर शिकायत की गई थी। लोगों का दावा है कि वर्ष 2023 से सोसाइटी की संरचनात्मक कमजोरियों को लेकर हाईकोर्ट और रेरा में मामले लंबित हैं, लेकिन अब तक बिल्डर के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# ज्ञानेंद्र सिंह मलिक बने गुजरात के नए डीजीपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह मलिक को गुजरात का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। ग्रेटर नोएडा के पारसौल गांव के निवासी मलिक ने पूर्व डीजीपी विकास सहाय का स्थान लिया है। गुजरात सरकार ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, जिसे राज्य पुलिस प्रशासन में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले ज्ञानेंद्र मलिक भारतीय पुलिस सेवा के अनुभवी अधिकारियों में गिने जाते हैं। अपनी शांत स्वभाव, अनुशासित कार्यशैली और प्रभावी नेतृत्व क्षमता के लिए वे पुलिस महकमे में अपनी अलग पहचान रखते हैं। उन्होंने अपने लंबे सेवाकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अपराध नियंत्रण, खुफिया तंत्र को मजबूत करने और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पुलिस विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मलिक ने आधुनिक तकनीकों को पुलिसिंग से जोड़ने और सुरक्षा तंत्र को अधिक प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

# आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नर की बैठक

■ जनता से संवाद न करने पर कई अधिकारियों पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने रविवार को सेक्टर-52 स्थित फोनरवा (फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन) कार्यालय में विभिन्न सेक्टरों के आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित कर स्थानीय नागरिक समस्याओं की समीक्षा की। बैठक में शहर की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पुलिस-जन संवाद और जनशिकायतों के निस्तारण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान आरडब्ल्यूए प्रति. निधियों ने सेक्टरों और आवासीय क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को पुलिस कमिश्नर के समक्ष रखा। लक्ष्मी सिंह ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। पुलिस कमिश्नर ने शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि जिन स्थानों पर नियमित रूप से जाम की समस्या उत्पन्न होती है, वहां आवश्यकतानुसार यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सेक्टरों और सोसाइटियों की सड़कों पर अनावश्यक रूप से खड़ी रहने वाली स्कूली बसों के खिलाफ कार्रवाई करने, लंबे समय से खड़े लावारिस वाहनों का सत्यापन कराने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

**पुलिस अधिकारियों को निर्देश:** बैठक में साप्ताहिक बाजारों में यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित रखने, किराएदारों के अनिवार्य पुलिस सत्यापन को बढ़ावा देने तथा सभी सेक्टरों में संचालित पीजी (पेइंग गेस्ट) आवासों का सत्यापन सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। लक्ष्मी सिंह ने सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर आरडब्ल्यूए और फोनरवा



पदाधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित करें तथा सेक्टरों और सोसाइटियों के आसपास मौजूद सुनसान और संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर वहां नियमित गश्त बढ़ाई जाए। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर नए सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्यवाही भी की जाए।

बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर ने पुलिस-जन संवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट किया कि आम नागरिकों की शिकायतों का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए ताकि पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित जोन के पुलिस उपायुक्त प्रत्येक माह एक बार, थाना प्रभारी प्रत्येक 15 दिन में एक बार तथा चौकी प्रभारी प्रत्येक सात दिन में एक बार आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ संवाद और गोष्ठी आयोजित करेंगे। इसके अलावा प्रत्येक पुलिस अधिकारी को फोनरवा और आरडब्ल्यूए के साथ समन्वय स्थापित कर एक-एक पार्क गोद लेने और उसके रखरखाव व सुरक्षा संबंधी कार्यों में सहयोग करने के निर्देश भी दिए गए।

**लापरवाह पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई:** बैठक में पुलिस-जन संवाद में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की गई। जनता की समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया अपनाने पर चौकी इंचार्ज सेक्टर-110 को निलंबित कर दिया गया, जबकि थाना प्रभारी सेक्टर-49 को लाइन हाजिर किया गया। वहीं थाना प्रभारी फेस-2, सेक्टर-24 और सेक्टर-58 को कड़ी चेतावनी जारी की गई। हरिदर्शन चौकी के वर्तमान और पूर्व चौकी प्रभारियों के खिलाफ प्रारंभिक जांच और विभागीय कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।

गोष्ठी में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव नारायण मिश्र, डीसीपी नोएडा जोन साद मियां खान, डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी डीसीपी यातायात अभय कुमार मिश्र, प्रभारी डीसीपी साइबर शैव्या गोयल सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेचकस मारकर महिला समेत तीन को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के फूलपुर गांव में महिला समेत तीन लोगों को पेचकस मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। कोतवाली में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जारचा कोतवाली क्षेत्र के फूलपुर गांव में कप्तान परिवार के साथ रहते हैं। 5 जून को रात में करीब 9 बजे उनका भाई शेर सिंह उर्फ शेरू नल को ठीक करने के लिए उन्हें बुलाकर ले गया और गाली-गलौज करने लगा। जब कप्तान ने गाली देने से मना किया तो पेचकस से हमला कर दिया। बचाव के लिए शोर मचाया तो आवाज सुनकर माता राकेश देवी तथा चाचा सुंदर सिंह आए। उनको भी पेचकस मार दिए गए। प्रभारी निरीक्षक कैलाश नाथ ने बताया कि घायल ने अपने भाई शेर सिंह उर्फ शेरू के खिलाफ कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# निर्धारित ऊंचाई से ऊंचा ताजिया न बनाएं: सीओ

■ कोतवाली में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने की हिदायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** इसी माह शुरू होने वाले मोहर्रम को लेकर रविवार को कोतवाली में ताजियेदारों की बैठक में अधिकारियों ने निर्धारित मार्ग से ही ताजिया निकाले जाने की हिदायत की।

एसडीएम उदित पवार, सीओ नीलेश मिश्र ने क्षेत्र के ताजियेदारों से निर्धारित ऊंचाई 12 फिट से अधिक ऊंचाई के ताजिया न बनाए जाने की हिदायत की। कहा कि मोहर्रम पर कोई नई परंपरा न डाले जाने के साथ ही ताजिया अपने पूर्व निर्धारित रास्तों से ही निकाले जाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि छोटे-छोटे विवाद का पहले से ही निस्तारण कर लेने को कहा। बैठक में कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, रिंकू अवस्थी, खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य, अवर अभियंता विद्युत, पूर्व प्रधान रफीक सिद्दीकी, प्रधान इमरान, पूर्व प्रधान बदर, नगर पालिका का कर्मी कमल भास्कर, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार, चौकी इंचार्ज सचिन कुमार, शहंशाह वली सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ताजियादार शामिल हुए।



# मोहर्रम में खलल डाला तो होगी कड़ी कार्रवाई: एसडीएम

■ मोहर्रम को लेकर थाना मीरगंज में शांति समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना मीरगंज परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ताजियादारों, क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, पुलिस सहयोगियों तथा हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया।

बैठक में एसडीएम निधि शुक्ला,सीओ अजय कुमार, विद्युत विभाग से टीजीटू वाहिद हुसैन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा थाना पुलिस के अधिकारियों ने मोहर्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, ताजिया जुलूस के मार्ग, विद्युत आपूर्ति और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।इस दौरान चौकी प्रभारी पंकज कुमार गौतम, पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन इल्यास अंसारी, ताहिर हुसैन, ग्राम प्रधान यशवंत सिंह, अकील अंसारी सहित बड़ी संख्या में ताजियादार, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और मोहर्रम को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का संकल्प लिया।



## एक नजर

### मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर रविवार को थाना क्योलड़िया परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम प्रधानों, ताजियादारों एवं क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया बैठक को संबोधित करते हुए



प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि माहौल खराब करने या किसी प्रकार की खुराफात करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की बैठक में क्राइम इंस्पेक्टर श्रवण कुमार, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, उपनिरीक्षक देशराज सिंह तोमर, प्रधान आजम आसिफ, लाला राम कश्यप, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद इरफान, बुन्दन बक्स, उसमान अली, राम सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### हनुमान जी राम नाम के परम उपासक हैं : बृजेश पाठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के छठवें दिवस पर कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने श्रद्धालुओं को राम नाम की महिमा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी के जीवन में भगवान राम के नाम, रूप, लीला और धाम चारों की पूर्णता दिखाई देती है, लेकिन उनकी मुख्य उपासना राम नाम की है। हनुमान जी अपने सभी कार्य राम नाम के बल पर ही संपन्न करते हैं। कथा के दौरान उन्होंने लंका गमन का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि हनुमान जी को सदैव यह विश्वास रहा कि प्रभु श्रीराम के नाम की शक्ति से भवसागर पार किया जा सकता है, इसलिए समुद्र पार करना उनके लिए कठिन नहीं था। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी हनुमान जी ने किया, उसका श्रेय उन्होंने कभी स्वयं को नहीं दिया, बल्कि प्रभु राम के नाम की महिमा को दिया।कथा व्यास ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने भी रामचरितमानस में राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए बताया है कि हनुमान जी ने राम नाम के बल पर स्वयं प्रभु राम को अपने प्रेम और भक्ति से वश में कर लिया।कार्यक्रम में मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा, महामंत्री रवि छाबड़ा, उपाध्यक्ष अश्विनी ओबेरॉय, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने कथा व्यास का स्वागत एवं माल्यार्पण किया। महामंत्री रवि छाबड़ा ने बताया कि सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का समापन 8 जून को होगा। कथा प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 9:15 बजे तक आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। युवा मंडल के सदस्यों ने भी सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई।

### रामलीला सोसाइटी कार्यकारिणी चुनाव में दाखिल हुए 24 नामांकन पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** करीब 8 साल बाद हो रहे धार्मिक संस्था रामलीला सोसाइटी कार्यकारिणी चुनाव के लिए रविवार को 24 नामांकन पत्र दाखिल हुए। आज सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच के साथ ही नाम वापस लिए जा सकते हैं। कस्बे के दशरथ भवन पर रविवार को हुई नामांकन प्रक्रिया में दीपक कुमार गुप्ता, राम औतार गुप्ता वाला जी, मंशाराम गंगवार, प्रदीप सूरी, अशोक कुमार चक्रवर्ती, राजेन्द्र प्रसाद कटियार, संजोग कुमार गुप्ता, अमर सिंह राठौर, सुरेन्द्र कुमार गौड़, अखिलेश शर्मा, रामधुन गुप्ता, मदन मोहन दीक्षित, नरेश चन्द गुप्ता, नरेश गंगवार, कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रेमप्रकाश रस्तोगी, शिशुपाल सिंह गंगवार, सुरेंद्र कुमार सक्सेना, रमेश शर्मा पप्पू, शैलेश चन्द्र शर्मा उर्फ मनोज शर्मा, तरुण मेहरोत्रा, शैलेन्द्र शर्मा, दिलीप कुमार गुप्ता और चंद्र प्रकाश गुप्ता ने नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनाव अधिकारियों रमेश चन्द्र श्रीवास्तव और अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि आज 8 जून को 2 बजे से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच के साथ ही नाम वापस लिए जा सकते हैं। 20 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 103 बोर्ड ऑफ कंट्रोल के सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। आज 24 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं इनका चुनवा 14 जून को होगा। दूसरी ओर पूर्व अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने धार्मिक संस्था रामलीला सोसाइटी कार्यकारिणी के चुनाव के निर्विरोध होने पर जोर दिया।

### दरगाह आला हजरत की बड़ी पहल, छत्तीसगढ़ की दरगाहों में डीजे और आतिशबाजी पर पूरी रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरों**

**नियम तोड़ने वालों पर छत्तीसगढ़ वक्पफ बोर्ड लगाएगा 50 हजार रुपये जुर्माना**

**बरेली।** दरगाह आला हजरत से जुड़े प्रमुख संगठन जमात रजा-ए-मुस्तफा ने दरगाहों की पाकीजगी और रूहानी माहौल को बनाए रखने के लिए अहम कदम उठाया है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान की पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य की सभी दरगाहों में डीजे बजाने और आतिशबाजी करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। जारी आदेश के मुताबिक दरगाह परिसर और उसके आसपास डीजे साउंड सिस्टम तथा किसी भी तरह की आतिशबाजी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति या कमेटी पर छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड की ओर से 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। संगठन का कहना है कि उर्स और अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान तेज आवाज वाले डीजे और आतिशबाजी से इबादत का माहौल प्रभावित होता है तथा दरगाहों की गरिमा पर असर पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह सख्त फैसला लिया गया है। दरगाह आला हजरत को सुन्नी मुसलमानों का अहम मरकज माना जाता है। बरेली से शुरू हुई इस पहल का असर अब देशभर की दरगाहों में भी देखने को मिल सकता है।

### सैलरी देने के बहाने स्टाफ नर्स होटल ले गया अस्पताल मालिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बंदूक की नोक पर किया दुष्कर्म, नर्स ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

**बरेली।** थाना इज्जतनगर इलाके में नर्स के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई। अस्पताल संचालक पर अपने स्टाफ की नर्स के साथ रेप करने आरोप लगा। पीड़िता का आरोप है कि अस्पताल संचालक उसको होटल के कमरे में ले गया जहां बंदूक की नोक पर उसके साथ रेप किया गया। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बरेली, अमृत विचार। थाना इज्जतनगर इलाके में नर्स के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई। अस्पताल संचालक पर अपने स्टाफ की नर्स के साथ रेप करने आरोप लगा। पीड़िता का आरोप है कि अस्पताल संचालक उसको होटल के कमरे में ले गया जहां बंदूक की नोक पर उसके साथ रेप किया गया। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता शाहजहांपुर के खुदागंज थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसने इज्जतनगर थाने में पुलिस को तहरीर दी। लड़की के मुताबिक बीती 12 जनवरी को अस्पताल में बतौर नर्स काम शुरू किया था। लेकिन अस्पताल का संचालक उसके साथ फोन पर अश्लील बाते करने लगा। उसने विरोध किया तो नौकरी छोड़ने का दबाव बनाया। आरोपी अस्पताल संचालक ने इस बीच उसके साथ लगातार अश्लील हरकते करनी शुरू कर दीं। लड़की ने अपनी शिकायत में बताया कि अप्रैल महीने में सैलरी देने के बहाने अस्पताल संचालक उसे अपनी कार में ले गया। कार में तमंचा दिखाकर जबरन होटल के कमरे में ले जाकर उसके साथ रेप किया। बाद में बीच सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। लोकलाज की वजह से उसने तब शिकायत नहीं की। बीते गुरुवार वह विश्वविद्यालय किसी काम से आई थी। जहां आरोपी भी आ धमका। आरोपी उसके कमरे तक पहुंच गया। लिहाजा डायल 112 पर शिकायत की। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## घायल बाज को ग्रामीणों ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इलाज को लेकी पशु-पक्षी प्रेमी को सौंपा**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव बहरौली में ग्रामीणों की सतर्कता से एक घायल बाज की जान बच गई। शनिवार शाम गांव निवासी पिंटू सक्सेना को जंगल क्षेत्र में बिजली के तारों के पास एक बाज घायल अवस्था में मिला। बाज उड़ने में असमर्थ था और काफी कमजोर दिखाई दे रहा था। पिंटू सक्सेना ने बाज को सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर पशु प्रेमी सुनीता सिंह को सौंप दिया।

सुनीता सिंह ने बताया कि बाज के पैरों में चोट लगी है, जिसका प्राथमिक उपचार घर पर किया जा रहा है। सोमवार को उसे पशु चिकित्सकों के पास ले जाकर बेहतर इलाज कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी वह कई घायल पक्षियों का उपचार करा चुकी हैं।

एक घायल बाज को स्वस्थ होने के बाद खुले आसमान में छोड़ने का अनुभव भी उनके पास है। सुनीता सिंह ने कहा कि पशु-पक्षी भी प्रेम और संवेदना को समझते हैं। घायल जीवों की मदद करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# बरेली में हवाला सिंडिकेट का भंडाफोड़

■ फर्जी कम्पनी बनाकर करोड़ों का काला खेल

■ बारादरी पुलिस और एसओजी की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 35 लाख कैश, फर्जी आधार कार्ड और मोबाइल बरामद

■ व्हाट्सएप कॉल से जुड़ा दुबई कनेक्शन, टोकन सिस्टम के जरिए चलता था पूरा सिंडिकेट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बारादरी पुलिस और एसओजी टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। संयुक्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फर्जी कम्पनी के माध्यम से हवाला कारोबार संचालित करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 35 लाख रुपये नकद, चार मोबाइल फोन तथा दो फर्जी आधार कार्ड बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद धनराशि संदिग्ध गतिविधियों में प्रयोग किए जाने हेतु हवाला नेटवर्क के जरिए विभिन्न व्यक्तियों तक पहुंचाई जा रही थी।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त एक बंद पड़ी कम्पनी के नाम पर बैंक खाते संचालित कर रहे थे। उन खातों में विभिन्न स्थानों से धनराशि प्राप्त की जाती थी, जिसे नकद निकालकर हवाला तंत्र के जरिए टोकन धारकों तक पहुंचाया जाता था। पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली थी कि केजीएन नामक कम्पनी, जो काफी समय से बंद है, उसके नाम पर संचालित खातों से बड़े पैमाने पर संदिग्ध लेन-देन किया जा रहा है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना बारादरी पुलिस और एसओजी टीम ने मो० माधोबाड़ी क्षेत्र में दबिश दी, जहां से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने 35 लाख रूपए नकद, दो फर्जी आधार कार्ड और चार मोबाइल फोन बरामद किए। बरामदगी के आधार पर थाना बारादरी में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पूछताछ में अभियुक्त जमीर अहमद ने पुलिस को बताया कि उसका संपर्क व्हाट्सएप के माध्यम से स्वयं को दुबई निवासी बताने वाले जीशान अली नामक व्यक्ति से हुआ था। उसके कहने पर मोईन अली के नाम से फर्जी कम्पनी और बैंक खाता खुलवाया गया। उन खातों में अलग-अलग स्रोतों से धनराशि प्राप्त होती थी, जिसे निकालकर टोकन प्रणाली के जरिए हवाला नेटवर्क में पहुंचाया जाता था। इसके बदले उन्हें कमीशन मिलता था।

### हवाला नेटवर्क का दुबई कनेक्शन आया सामने

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि हवाला कारोबार का नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है। अभियुक्त जमीर अहमद ने बताया कि उसका संपर्क व्हाट्सएप के जरिए स्वयं को दुबई निवासी बताने वाले जीशान अली से हुआ था। उसी के निर्देश पर फर्जी कम्पनी और बैंक खाते संचालित किए जा रहे थे। पुलिस अब हवाला नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है और कई संदिग्धों को रडार पर लिया गया है।

### टोकन सिस्टम से होता था पूरा लेन-देन

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हवाला कारोबार में धनराशि भेजने और प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती थी। लेन-देन केवल टोकन प्रणाली के आधार पर किया जाता था, जिससे किसी भी व्यक्ति की सीधी पहचान न हो सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह तरीका संगठित हवाला नेटवर्क में आमतौर पर इस्तेमाल किया जाता है, जिससे जांच एजेंसियों को ट्रांजैक्शन ट्रैक करने में कठिनाई होती है।

वहीं दूसरे अभियुक्त जगदीश चोटियां ने स्वीकार किया कि वह पिछले करीब चार वर्षों से हवाला कारोबार में सक्रिय है और कमीशन के आधार पर धनराशि एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का काम करता है। उसने बताया कि हवाला नेटवर्क में शामिल लोगों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है और केवल टोकन प्रणाली के आधार पर ही लेन-देन किया जाता है।

पुलिस पूछताछ में जीशान अली, मोईन अली, लालचन्द्र और धम्माराम नामक व्यक्तियों की संलिप्तता भी प्रकाश में आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित कर पूरे नेटवर्क की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में जगदीश चोटियां पुत्र उमराव हाल निवासी माधोबाड़ी थाना बारादरी बरेली तथा मूल निवासी ग्राम नकोदेशर थाना कालू तहसील लूनकरंसर जनपद बीकानेर राजस्थान और जमीर अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी हजियापुर चुंगी थाना बारादरी बरेली शामिल हैं।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, निरीक्षक देवेन्द्र सिंह धामा प्रभारी एसओजी, उपनिरीक्षक शिवेन्द्र सिंह भदौरिया, महिला उपनिरीक्षक चंचल चौधरी, कांस्टेबल पवन नागर, कांस्टेबल सागर कुमार, महिला कांस्टेबल गुलशन देवी, उपनिरीक्षक कुशलपाल सिंह तथा हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# किन्नर समाज ने हनुमान मंदिर पर कराया भंडारा भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर के मोहल्ला बिजोरिया रोड स्थित हनुमान मंदिर पर रविवार को किन्नर समाज ने एक भव्य भंडारे का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र से आए लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कई भाजपा के नेताओं ने भी सहयोग किया।

कस्बे की रहने वाली शबनम किन्नर, किरण किन्नर ने मिलकर नगर के बिजोरिया स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर पहुंची भाजपा की जिला मंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने किन्नर समाज द्वारा की गई इस पहल की जमकर सरहाना की। डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने कहा कि किन्नर समाज ने जो पहल की है ये हमारे समाज को जागरूक करती है, जो भेदभाव आज समाज में होता है उसे खत्म करने के लिए है।

डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने कहा कि किन्नर समाज से मेरा 16 साल पुराना रिश्ता है इनका आशीर्वाद मेरे ऊपर सदैव बना रहे। इस दौरान शबनम किन्नर और किरण किन्नर ने डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभासद सोनू राठौर भी मौजूद रहे।



# भाजपा मंडल बैठक में 12 साल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** भाजपा मंडल फतेहगंज पश्चिमी की बैठक रविवार को त्रिलोक चंद्र डिग्री कॉलेज में आयोजित हुई। बैठक में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जा रहे अभियान 12 साल विश्वास के 12 साल विकास के जनकल्याण के की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने तथा आमजन को अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय रखने, जनसंपर्क बढ़ाने और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी राहुल साहू मंडल अध्यक्ष कैलाश शर्मा जिला एवं मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मोहर्रम को लेकर देवरनियां पुलिस अलर्ट

■ ताजियों की ऊंचाई और सुरक्षा व्यवस्था पर कोतवाली प्रभारी ने दिए दिशा-निर्देश

■ क्षेत्र में गश्त तेज, अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी कड़ी नजर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर कोतवाली देवरनियां पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। इसी क्रम में कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, ताजियादारों, धर्मगुरुओं एवं ग्राम प्रधानों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने की।

बैठक में कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, अमन और सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि 12 फीट से अधिक ऊंचाई वाले ताजियों की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि यदि किसी ठेली या वाहन की ऊंचाई 4 फीट है तो उस पर रखा जाने वाला ताजिया अधिकतम 8 फीट का ही होना चाहिए, ताकि जमीन से कुल ऊंचाई 12 फीट से अधिक न हो सके।

बैठक में मौजूद लोगों को कोतवाली प्रभारी ने बताया कि ध्वनि प्रदूषण और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शासन की गाइडलाइन का पालन हर हाल में सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों और माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### त्योहार को लेकर पुलिस ने बढ़ाई चौकसी

मोहर्रम पर्व को लेकर देवरनियां पुलिस ने क्षेत्र में गश्त और भ्रमण तेज कर दिया है। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस टीम लगातार लोगों से संवाद कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रही है, ताकि पर्व सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

मोहर्रम को लेकर देवरनियां पुलिस ने क्षेत्र में भ्रमण भी शुरू कर दिया है। कोतवाली प्रभारी पुलिस टीम के साथ कस्बे और संवेदनशील इलाकों का लगातार दौरा कर रहे हैं। इस दौरान जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया जा रहा है तथा लोगों से संवाद स्थापित कर शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की जा रही है। बाजारों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।बैठक में मौजूद ताजियादारों और संभ्रांत लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। लोगों ने कहा कि मोहर्रम का पर्व हमेशा की तरह अमन और आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाएगा, तथा प्रशासन की गाइडलाइन का पूरी तरह पालन किया जाएगा।

### ताजियों की ऊंचाई को लेकर प्रशासन सख्त

प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जमीन से ताजिए की कुल ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। यदि ताजिया किसी 4 फीट ऊंची ठेली या वाहन पर रखा जाएगा तो ताजिया अधिकतम 8 फीट का ही बनाया जा सकेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## छह दिन से लापता युवक का खेत में मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** अमरिया क्षेत्र में छह दिन से लापता चल रहे युवक का शव खेत में मिलने से हड़कंप मच गया। परिवार वालों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। अमरिया पुलिस मौका मुआयना कर छानबीन कर रही है। फील्ड यूनिट टीम ने भी मौके पर साक्ष्य जुटाने के प्रयास किए। घटना अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम हरहरपुर धुरा की है। रविवार सुबह गांव के ही प्रेमपाल के खेत में 20 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। खेत पर सिंचाई करने पहुंचे प्रेमपाल के बहनोई बाबूराम की शव पर नजर पड़ी तो होश उड़ गए। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। इसके बाद शव की शिनाख्त गांव के ही शिवकुमार पुत्र सोमपाल के रुप में हुई। मृतक के परिजन भी आ गए। उन्होंने बताया एक जून की सुबह मृतक शौच के लिए जाने की बात कहकर निकला था और तब से लापता था। उसकी गुमुशगदी के लिए भी उसी दिन थाना पुलिस को तहरीर दे दी गई थी।

# थाना कटघर में हुई अपराध समीक्षा गोष्ठी

## लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के एसपी सिटी ने दिए निर्देश



**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने थाना कटघर में अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी सहित संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर ने लंबित विवेचनाओं और पुराने प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।बैठक में उपनिरीक्षकों द्वारा माह के दौरान किए गए कार्यों का भी मूल्यांकन किया गया। साथ ही थाने में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान सुनिश्चित करें।

इसके अलावा चौकीवार अपराधियों के सत्यापन, श्रेणीकरण एवं निगरानी व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक नगर ने सक्रिय अपराधियों पर कड़ी नजर रखने तथा उनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित लक्ष्यों एवं विभिन्न पुलिस कार्यों की प्रगति का भी आकलन किया।गोष्ठी के अंत में कुमार रणविजय सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रभावी पुलिसिंग, जनसुनवाई को बेहतर बनाने तथा क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और विश्वास बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पुलिस लाइन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## 100 से अधिक पुलिसकर्मियों व परिजनों ने लिया लाभ



**चन्दौसी।** वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को पुलिस लाइन बहजोई में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में जिला अस्पताल संभल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की गई। शिविर में ऑर्थोपेडिक सर्जन, फिजिशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ तथा महिला चिकित्सा अधिकारी समेत विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित होकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने पुलिसकर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी। स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षण, हड्डी एवं जोड़ों से संबंधित समस्याओं की जांच सहित विभिन्न चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराए गए। जरूरतमंद लोगों को आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। ऐसे स्वास्थ्य शिविर पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए लाभदायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी संभल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने शिविर के सफल आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## एक नजर

### भारत विकास परिषद की मुख्य एवं नवउदय शाखा का दायित्वबोध एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा चन्दौसी एवं नवउदय शाखा चन्दौसी द्वारा संयुक्त रूप से दायित्वबोध एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन झुन्नीलाल धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। समारोह में परिषद के विभिन्न प्रांतीय पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर नवगठित कार्यकारिणी को मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय गतिविधि संयोजक अजय बिश्नोई ने परिषद के सेवा कार्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. सोमप्रकाश वार्ष्णेय ने संस्कार एवं सेवा गतिविधियों को परिषद की पहचान बताते हुए उन्हें प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया। प्रांतीय सचिव नीरज मित्तल ने दोनों शाखाओं के पदाधिकारियों को दायित्वबोध कराते हुए शपथ दिलाई। वहीं प्रांतीय वित्त सचिव राहुल वार्ष्णेय ने वित्तीय प्रबंधन एवं वार्षिक कार्ययोजना निर्माण पर विस्तार से जानकारी दी। प्रांतीय संयोजक संपर्क डॉ. एस.एन. शर्मा ने समाज के उत्कृष्ट व्यक्तियों, समाजसेवियों एवं आदर्श नागरिकों को परिषद से जोड़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रांतीय संयोजक पर्यावरण अतुल शंकर चौधरी ने पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के विषय में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर मुख्य शाखा चन्दौसी के अध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता, सचिव आशा बिसारिया, कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा सहित विभिन्न संयोजकों को दायित्वबोध कराया गया। वहीं नवउदय शाखा में विष्णु शर्मा को अध्यक्ष, मधुर वार्ष्णेय को सचिव एवं नितिन गुप्ता को कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुनीता शर्मा एवं आशा बिसारिया ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान प्रांतीय संयोजक वनवासी सहायता विकास गोयल, जिला संयोजक प्रभात कृष्णा, बहजोई से संभव जैन सहित दोनों शाखाओं के सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे। समारोह में रमेश अधीर एवं सुखपाल सिंह गौर ने काव्य पाठ प्रस्तुत कर समां बांधा। वंदे मातरम् और सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करना पड़ा भारी



**चन्दौसी।** सोशल मीडिया पर की गई एक कथित आपत्तिजनक पोस्ट एक स्वयंभू पत्रकार को भारी पड़ गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया तथा न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुनीश शर्मा पुत्र स्वर्गीय सुरेशचंद्र शर्मा निवासी हनुमानगढ़ी, चन्दौसी जनपद संभल के रूप में हुई है। आरोपी पर सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसी सामग्री प्रसारित करने का आरोप है, जिसे लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में ले लिया और उसके खिलाफ अपराध सं0 167/2026 धारा 196(क) व 352 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी लंबे समय से सोशल मीडिया पर विभिन्न व्यक्तियों, संस्थानों और विभागों के संबंध में विवादित टिप्पणियां और पोस्ट करता रहा था। उसकी कई पोस्ट पहले भी चर्चा और विवाद का विषय बनी थीं। आरोप है कि वह अक्सर ऐसे मुद्दों को सोशल मीडिया पर उठाता था, जिनसे अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। उद्योगपतियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिसकर्मियों तथा अन्य लोगों के संबंध में की गई उसकी टिप्पणियों को लेकर भी समय-समय पर आपत्तियां सामने आती रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन इसका प्रयोग कानून और सामाजिक मर्यादाओं के दायरे में रहकर किया जाना चाहिए। किसी व्यक्ति, संस्था अथवा समुदाय के खिलाफ भ्रामक, आपत्तिजनक या शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाली सामग्री का प्रसारण कानूनन अपराध की श्रेणी में आ सकता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही लोगों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी सामग्री को साझा करने से पहले उसकी सत्यता और कानूनी पहलुओं का ध्यान रखने की अपील की गई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण

**मुरादाबाद।** मुस्लिम इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय स्वयंसेवक इकाई द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया गया ।कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन एवं प्रधानाचार्य नोमान जलील ने छात्रों को इस दिवस के महत्व की जानकारी दी और



बताया कि पर्यावरण को संतुलित रखना हम सभी का कर्त्तव्य है, क्योंकि हमारा जीवन पेड़ पौधों पर निर्भर करता है जिस प्रकार भोजन व जल के बिना हम जीवित नहीं रह सकते, ठीक उसी प्रकार बिना शुद्ध वायु के जीवन असंभव है, जो शुद्ध वातावरण से ही संभव है कार्यक्रम अधिकारी श्री मुशाहिद हुसैन ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पहली बार 5 जून सन 1973 को मनाया गया था आज दुनिया भर के 150 से अधिक देश इस वार्षिक अभियान मे हिस्सा लेते है पर्यावरण दिवस पर हमें ये शपथ लेनी है कि हम सब मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, जल और ऊर्जा की बचत करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करें, पेड़ों की कटाई रोकें, जलवायु परिवर्तन व प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण पर विशेष ध्यान दें और हमें पर्यावरण के अनुकूल कार्य करने चाहिए.इस अवसर पर छात्रों के साथ मिलकर प्रधानाचार्य व कार्यक्रम अधिकारी ने पौधे लगाए, इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक श्री रिया जुल इस्लाम, श्री वाजिद हुसैन, सलमान जलील, मौहम्मद दानिश अली,मोहम्मद अथर खान, स्टॉफ के श्री तस्लीम अहमद, शारीक उस्मानी, अदीम अहमद, पुष्पेंद्र, मुकेश तथा श्री मनीष उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्लॉक भगतपुर टांडा व पीपलसाना उपकेंद्र में किया वृक्षारोपण

**भोजपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखंड भगतपुर टांडा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी अमर सिंह ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया। तो वहीं अधीक्षण अभियंता गुलशन गोयल, एवं उपखंड अधिकारी अंकित कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और उनकी देखभाल करना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने तथा वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने की अपील की। इस दौरान अधीक्षण अभियंता गुलशन गोयल, अधिशासी अभियंता राहुल सिंह, उपखंड अधिकारी अंकित कुमार, तथा विकासखंड भगतपुर टांडा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया।

# बीएमबीएल जैन सेवा न्यास की ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी में 9,987 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बाबू मुकुट बिहारी लाल (बी.एम.बी.एल.) जैन सेवा न्यास द्वारा आयोजित ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 9,987 प्रतिभागियों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया। न्यास द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जीव दया एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी श्रृंखला में ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साह पूर्वक प्रतिभागियों ने भाग लिया। न्यास अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने कहा कि बी.एम.बी.एल. जैन सेवा न्यास सेवा, संस्कार एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि अनियंत्रित वृक्ष कटान और बढ़ता प्रदूषण वैश्विक तापमान वृद्धि के प्रमुख कारण हैं, जिनका प्रभाव समूची मानवता पर पड़ रहा है। इन चुनौतियों का समाधान अधिकाधिक वृक्षारोपण और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील जीवनशैली अपनाने में निहित है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही बताया कि न्यास द्वारा आगामी जुलाई माह में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को और गति मिलेगी। न्यास सचिव नमन जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम निर्णायक मंडल द्वारा परीक्षण उपरांत 21 जून तक घोषित किए जाने की संभावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ऑनलाइन प्रतियोगिता का तकनीकी संचालन संभव जैन एवं अमन जैन एडवोकेट द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अलका जैन, प्रिया जैन, राशि जैन, अक्षय राठौर, अमित कुमार, अंकित कुमार सहित अनेक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। न्यास ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प दोहराया।




# बेरनी में हुई बैलों की दौड़ प्रतियोगिता

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी में रविवार को अपरान्ह चार बजे बैलों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह यादव ने फीता काट कर किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के बरेली, रामपुर, बदायूँ, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, बुलंदशहर आदि जनपदों के बैल दौड़ प्रतियोगिता प्रेमियों ने भारी संख्या में अपने अपने बैलों के साथ भाग लिया। बैल दौड़ प्रतियोगिता से गाँव की संस्कृति व पशु प्रेम की झलक देखने को मिली। जोगेंद्र सिंह निवासी बेरनी व गिरीश बाबू निवासी हरदासपुर के बैलों के बीच हुई प्रतियोगिता में जोगेंद्र सिंह के बैलों ने जीत हासिल की। वहीं सोहनसिंह निवासी मड़ैया के बैलों ने छत्रपाल निवासी बरा भानपुर के बैलों को हराया, ओमवीर निवासी चौकौनी तथा जाकिर निवासी हेमतपुर अमरोहा के बैलों के बीच मुकाबला बराबर रहा, अतरसिंह निवासी चितौरा व वीरेंद्र निवासी खंदेली के बैलों के बीच मुकाबले में अतरसिंह के बैलों ने जीत हासिल की, अतुल निवासी बलकरनपुर के बैलों ने सन्ती निवासी अल्हेपुर के बैलों को हराया, रामवीर निवासी शाह सहाबर के बैलों ने मनोज यादव निवासी बरा थानपुर के बैलों को तथा करतार सिंह निवासी यादपुर के बैलों ने कृष्ण पाल वर्मा निवासी हरदासपुर पुर के बैलों को हराया। बन्टी निवासी सरथल खेड़ा के बैलों ने धूम सिंह निवासी खंदेली के बैलों को हराया, कमल निवासी बलकरनपुर के बैलों ने हरि सिंह निवासी बेरनी के बैलों को हराया, अर्जुन निवासी सुकटिया के बैलों ने बालिस्टर निवासी खंदेली के बैलों को हराया, राकेश निवासी पृथ्वीपुर के बैलों ने देवेंद्र निवासी चितौरा के बैलों को हराकर जीत हासिल की। बैलों की प्रतियोगिता को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विजयी रहे बैलों के पालकों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता आयोजन में रामबीर सिंह ग्राम प्रधान बेरनी, महावीर सिंह यादव की मुख्य भूमिका रही वहीं रामगोपाल, बाबाजी, सत्यपाल सिंह, जोगेन्दर, टीकाराम, चेतेन्द्र, रामवीर सिंह, विमल यादव, रौहन सिंह, अंकित कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# टीएमयू के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी फिर बेस्ट, अब गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्डस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर में रेडियोलॉजी के सीनियर प्रो. राजुल रस्तोगी के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज-एनबीईएमएस, नई दिल्ली ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस, यूनाइटेड किंग्डम की ओर से ऐतिहासिक ऑफिशियल अटेंप्ट में भाग लेने के लिए प्रो. राजुल रस्तोगी को भी सम्मानित किया गया है। हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हुए इस विशाल सामूहिक प्रशिक्षण सत्र का हिस्सा बनने के लिए प्रो. रस्तोगी को इस सम्मान से नवाजा गया है। प्रो. राजुल रस्तोगी एआई इन हेल्थकेयर में जॉन हॉप्किंस यूनिवर्सिटी, यूएसए और आईआईआईटी, हैदराबाद से पहले से ही सर्टिफाइड हैं। यह इस बात का एक सशक्त प्रमाण है, रेडियोडायग्नोसिस का क्षेत्र कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है, यूट्यूब पर हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाइव स्ट्रीम लेसन को सबसे ज्यादा देखने वालों की संख्या 17,999 है, जिसे दिल्ली, भारत के नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज ने हासिल किया है। इस उपलब्धि से गदगद प्रो. राजुल रस्तोगी कहते हैं, चिकित्सा के क्षेत्र में एआई का भविष्य अब स्वर्णिम है, यह एक ऐसा उपकरण है, जिसे हम अगले नए क्षितिज की ओर कदम बढ़ाते हुए आज आकार दे रहे हैं। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज-एनबीईएमएस, केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में पीजी चिकित्सा शिक्षा और परीक्षाओं के मानकों को ऊंचा और मानकीकृत करना है। एनबीईएमएस, चिकित्सा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश, स्क्रीनिंग और एग्जिट परीक्षाएं आयोजित करता है। यह निकाय नीट-पीजी, नीट-एमडीएस और डीएनबी-सीईटी सरीखी प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं संचालित करता है। साथ ही विदेशों से चिकित्सा की डिग्री प्राप्त करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए यह एफएमजीई परीक्षा आयोजित करता है।

चिकित्सा स्नातकों के लिए डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड, डॉक्टरेट ऑफ नेशनल बोर्ड और फेलोशिप ऑफ नेशनल बोर्ड जैसी उच्च स्तरीय उपाधियां और मान्यता प्राप्त विशेषज्ञता पाठ्यक्रम प्रदान करता है। बोर्ड समय-समय पर आधुनिक चिकित्सा और तकनीकी कौशल जैसे- चिकित्सा शिक्षा में एआई पर मुफ्त ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाता है।




# चन्दौसी की वैज्ञानिक प्रतिभा की विश्व पटल पर गूंज

## डॉ. हिमांशु गुप्ता और डॉ. सोनिया धीमान की शोध पुस्तक का हुआ विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर की वैज्ञानिक प्रतिभा ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर चन्दौसी का नाम गौरवान्वित किया है। श्री वार्ष्णेय समाज सेवा समिति चन्दौसी के तत्वावधान में बृज नगर कॉलोनी स्थित भोलेनाथ भवन में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में चन्दौसी के गौरव डॉ. हिमांशु गुप्ता एवं डॉ. सोनिया धीमान द्वारा संपादित तथा विश्व प्रसिद्ध प्रकाशन संस्था स्प्रिंगर द्वारा प्रकाशित शोध पुस्तक ष्सर्वव्यापी पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन प्रदूषणष् का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् डॉ. टी.एस. पाल (प्रबंधक, भारतीय मानव कल्याण समिति), वरिष्ठ शिक्षाविद् राम किशोर वार्ष्णेय तथा सुभाष चन्द्र भोलेनाथ (संयुक्त महामंत्री, अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा) ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया। मुख्य अतिथि डॉ. टी.एस. पाल ने कहा कि ज्ञान और शोध की कोई सीमा नहीं होती। चन्दौसी जैसे नगर से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक योगदान देना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन ऐसे रासायनिक यौगिक हैं, जो कोयला, पेट्रोलियम, डीजल, लकड़ी, कचरा तथा अन्य जैविक पदार्थों के अपूर्ण दहन से उत्पन्न होते हैं। इन्हें सर्वव्यापी इसलिए कहा जाता है क्योंकि ये वायु, जल, मिट्टी तथा खाद्य पदार्थों सहित पर्यावरण के लगभग प्रत्येक घटक में पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेगी। वर्तमान में जर्मनी में उच्च स्तरीय शोध कार्य कर रहे डॉ. हिमांशु गुप्ता एवं डॉ. सोनिया धीमान ने अपने संदेश में बताया कि यह पुस्तक केवल शोध लेखों का संग्रह नहीं, बल्कि पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण के विरुद्ध एक वैज्ञानिक दस्तावेज है। डॉ. हिमांशु ने कहा कि यह पुस्तक भविष्य के शोधकर्ताओं को प्रदूषण मुक्त वातावरण के निर्माण में उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करेगी। वहीं डॉ. सोनिया, जो विश्व प्रसिद्ध मैरी क्यूरी शोध परियोजना के अंतर्गत कार्य कर रही हैं, ने कहा कि पुस्तक का उद्देश्य सूक्ष्म स्तर पर मौजूद प्रदूषकों की पहचान तथा उनके निवारण की आधुनिक तकनीकों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाना है। इस अंतरराष्ट्रीय शोध कृति में जामिया मिलिया इस्लामिया के डॉ. सुघोष माधव तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. प्रमोद कुमार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तक मुख्य रूप से पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन के प्रदूषण, पहचान, उपचार तथा शोधन की आधुनिक तकनीकों पर आधारित है।




कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के महामंत्री विपिन वार्ष्णेय बालाजी ने तथा संचालन सर्वेश चीनी ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुशील वार्ष्णेय, मधुर कुमार वार्ष्णेय, सुभाष चन्द्र वार्ष्णेय, शैलेन्द्र वार्ष्णेय, विष्णु कुमार, सचिन गुप्ता, दीपक वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय, के.जी. गुप्ता, हिमेश चन्द्र गुप्ता, दीपा वार्ष्णेय, श्यामसुन्दर दुबे, मुनीश बाबू, प्रमोद गुरु, अनिमेष गुप्ता एवं वेदांश सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उपस्थित लोगों ने दोनों वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि को चन्दौसी की बौद्धिक एवं वैज्ञानिक पहचान का गौरवपूर्ण क्षण बताया।

### भाजपा कार्यकर्ता पर जान लेवा हमला के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** तहसील अन्तर्गत थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांव दियौरा खास में गांव के ही दबंग युवक द्बारा जानलेवा हमले में वांछित चल रहे आरोपी वीरेश पुत्र जगत सिंह निवासी दियौरा खास को छः जून को कुढफतेहगढ थाने में दर्ज मुकदमा 112/26 धारा 333/74/109(1),115(2),352 तथा मुकदमा 113/26 109(1)/115(2)/351(2)/3(5) के अन्तर्गत शनिवार को सवा पांच बजे दियौरा खास से गंदूपुरा जाने वाले कच्चे मार्ग पर एस आई कपिल कुमार व कांस्टेबल रमन कुमार, मंजीत व रजत कुमार ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



# मुल्लांपुर टेस्ट में भारत ने अफगानिस्तान पर कसा शिकंजा

## मानव-कृष्णा ने दिए पांच झटके, भारत के 564 रन के जवाब में अफगान के पांच विकेट के नुकसान पर 113 रन

**मुल्लांपुर।** भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच में दूसरे दिन मेजबान टीम ने पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। पहले भारतीय बल्लेबाजों ने विशाल स्कोर खड़ा किया, फिर गेंदबाजों ने अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए मैच पर भारत की पकड़ मजबूत कर दी।

भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की। जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अफगानिस्तान ने 39.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाए। मेहमान टीम अभी भी भारत के स्कोर से 451 रन पीछे है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन इसके बाद राहुल और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाल लिया। सुदर्शन ने 104 गेंदों में 81 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल रहे। वहीं राहुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 165 गेंदों में 100 रन की शतकीय पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का 11वां शतक रहा। राहुल के आउट होने के बाद कप्तान शुभमन गिल ने मोर्चा संभाला। उन्होंने पहले राहुल के साथ 67 रन और फिर ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 169 रन की बड़ी साझेदारी की। गिल ने 177 गेंदों पर 126 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और एक छक्का शामिल रहा। ऋषभ पंत ने भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 81 रन बनाए। उनकी पारी में छह चौके



और तीन छक्के शामिल रहे। अंत में वाशिंगटन सुंदर 52 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि कुलदीप यादव नौ रन पर नाबाद रहे। भारत ने 2023 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट मैच में 550 से अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले टीम ने 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 571 रन बनाए थे। इसके अलावा 564 रन अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इस सूची में शीर्ष पर जिम्बाब्वे है, जिसने 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ 586 रन बनाए थे। गिल और पंत के बीच चौथे विकेट के लिए हुई 169 रन की साझेदारी भी भारत की ओर से अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी बन गई। अफगानिस्तान के लिए मोहम्मद सलीम सैफी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 27 ओवर में 140 रन देकर छह विकेट हासिल किए। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में पांच विकेट लेने वाले अफगानिस्तान के तीसरे गेंदबाज बन गए। सैफी अब टेस्ट की एक पारी में अफगानिस्तान के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज भी बन गए हैं। उनसे आगे जियाउर रहमान हैं, जिन्होंने 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 97 रन देकर सात विकेट लिए थे। विशाल लक्ष्य के जवाब में अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 28 रन के स्कोर पर अब्दुल मलिक द्घ16ऋ का विकेट गंवा दिया। इसके बाद रहमानुल्लाह गुरबाज भी 12 रन बनाकर चलते बने। सेदिकुल्लाह अटल ने 17 रन का योगदान दिया, जबकि अफसर जजई सिर्फ 3 रन ही बना सके। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए। हालांकि, रहमत शाह ने एक छक्के और छह चौकों की मदद से 43 रन की नाबाद पारी खेलकर संघर्ष जारी रखा। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक वह क्रीज पर डटे हुए थे। भारत की ओर से पदार्पण कर रहे स्पिनर मानव सुथार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 15.5 ओवर में सिर्फ 21 रन देकर तीन विकेट झटके। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट हासिल किए। भारतीय टीम फिलहाल मैच पर पूरी तरह हावी नजर आ रही है। तीसरे दिन शुरुआती सत्र में अफगानिस्तान को जल्द समेटकर भारत बड़ी बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा, जबकि मेहमान टीम की उम्मीदें रहमत शाह और निचले क्रम के बल्लेबाजों पर डटी हुई हैं।

### श्रीलंका दौरे के लिए भारत ए टीम में रायपुर के आयुष पांडे चयनित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में राजधानी रायपुर के युवा बल्लेबाज आयुष पांडे का चयन आगामी श्रीलंका दौरे के लिए भारत ए टीम में किया गया है। घरेलू क्रिकेट और रणजी ट्रॉफी में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर उन्हें यह अवसर मिला है। 22 वर्षीय आयुष पांडे प्रदेश के उभरते हुए सलामी बल्लेबाजों में शामिल हैं। हाल के सत्रों में उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बल्लेबाजी से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ खेली गई उनकी 183 रन की शानदार पारी को उनके करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में माना जा रहा है। आयुष ने अब तक 19 प्रथम श्रेणी मैचों की 34 पारियों में 1430 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से चार शतक और पांच अर्धशतक निकले हैं। वहीं लिस्ट -ए क्रिकेट में उन्होंने छह मैचों की छह पारियों में 44. 66 की औसत से 268 रन बनाए।

### खेल विशेष

#### ब्राजील ने अभ्यास मैच में मिस्र को हराया

**क्लीवलैंड।** शनिवार को ब्राजील ने मिस्र को 2-1 से हराकर अपनी विश्व कप की तैयारियों को और मजबूत किया। इस मैच में ब्रूनो गुइमारेस और एंड्रिक ने दोनों हाफ में गोल किए। न्यूकैसल यूनाइटेड के कप्तान गुइमारेस ने 18-यार्ड बॉक्स के किनारे पर मोहनद लशीन से गेंद छीनकर और शांति से दूर के कोने में शॉट मारकर स्कोरिंग की शुरुआत की। अफ्रीकी टीम के लिए मुस्तफा जकी ने बराबरी का गोल किया उन्होंने मार्क्विनहोस के गलत बैक पास को इंटरसेप्ट किया और गोलकीपर एलिसन बेकर को छकाते हुए एक लो शॉट मारा। हाफटाइम में इगोर थियागो की जगह मैदान पर आए एंड्रिक ने अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

#### ब्राजील ने अमेरिका की महिला सॉकर टीम को हराया

**साओ पाउलो।** ब्राजील की महिला सॉकर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अमे. रिका की महिला राष्ट्रीय सॉकर टीम द्घयूएसडब्ल्यूएनटीऋ को 2-1 से हराया। शनिवार को खेले गए मुकाबले में सोफिया विल्सन ने शुरुआत में ही गोल करके टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन ताइना मारान्हाओ और बिया जानेराटो के तेजी से किए गए दो गोल ने मेजबान टीम को अमेरिका के खिलाफ 44 मैचों में अपनी पांचवीं जीत दिला दी। एम्मा हेस की टीम को देश से बाहर अपना प्रभाव छोड़ने में केवल दो मिनट लगे। उन्होंने खेल के अपने पहले ही हमले में गोल करके गतिरोध तोड़ा।

#### नबीला सोल बराजा हैं कोहली की फैन

**अहमदाबाद।** जहां एक ओर पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारतीय योगासन खिलाड़ी और भारतीय मूल के कई प्रतिभागी सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं दक्षिण अमेरिका से आई प्रतिभाशाली खिलाड़ी नबीला सोल बराजा भी अपनी सटीकता, सौंदर्य और शानदार प्रदर्शन से दर्शकों और साथी खिलाड़ियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। अर्जेंटीना की नबीला सोल बराजा इस चैंपियनशिप की सबसे सफल विदेशी खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरी हैं।

#### एलीट क्रिकेट कोचिंग : एआई प्लेटफॉर्म लॉन्च

**मुंबई।** कबूनी, एक जबरदस्त एआई-पावर्ड ग्लोबल स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म, मुंबई में अपने पहले प्लेटाइम 2026 इवेंट में लॉन्च हुआ है, जो हर लेवल के क्रिकेट फैंस के लिए आसान, एलीट-लेवल कोचिंग के एक नए दौर की शुरुआत करता है। खेल, टेक्नोलॉजी और खेल के मेल पर मौजूद, कबूनी ट्रेनिग के लिए दुनिया का पहला तरीका पेश करता है: एडवांस्ड एआई टेक्नोलॉजी के जरिए रियल-टाइम, पर्सनलाइज्ड कोचिंग देना, जिससे सभी लेवल के खिलाड़ी कभी भी, कहीं भी अपनी परफॉर्मेंस को बेहतर बना सकें।

## ग्रेस डंगमेई ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान ग्रेस डंगमेई ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में शनिवार को बंगलादेश पर भारत की जीत के बाद, भारतीय महिला फुटबॉल टीम की दिग्गज खिलाड़ी ग्रेस डंगमेई ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की।

30 साल की इस भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी ने अपना तीसरा सैफ महिला चैंपियनशिप खिताब जीतकर और इनाम वितरण समारोह के दौरान कप्तान के तौर पर ट्रॉफी उठाकर शानदार अंदाज में विदाई ली। हालांकि ग्रेस ने मैच की शुरुआत नहीं की थी, लेकिन वह सब्स्टिट्यूट के तौर पर मैदान पर उतरीं और बाद में उन्हें कप्तानी सौंपी गई, जिससे उन्हें भारतीय जर्सी में एक यादगार विदाई मिली। मैच के बाद ग्रेस ने कहा, ष्खेल के आखिर में माहौल बहुत भावुक था, और जिस चीज से मुझे सबसे अधिक प्यार है, उसे अलविदा कहना वाकई बहुत मुश्किल है।ष ग्रेस डैंगमेई ने 2013 में अपना सीनियर अंतर्राष्ट्रीय पर्दापण करने के बाद भारत के लिए 95 मैच खेले और फिर फुटबॉल से संन्यास ले लिया। 15 सालों के दौरान, उन्होंने भारतीय महिला फुटबॉल टीम के लिए खुद को सबसे असरदार खिलाड़ियों में से एक के तौर पर स्थापित किया और टीम के लिए 24 गोल किए। 5 फरवरी 1996 को साइमन डैंगमेई और रीता डैंगमेई के घर जन्मीं ग्रेस डैंगमेई मणिपुर के डिमडाइलॉन्ग गांव की रहने वाली हैं। वह उन भारतीय टीमों की सदस्य थीं, जिन्होंने पिछले दशक में साउथ एशियन महिला फुटबॉल पर दबदबा बनाए रखा।

## नेमार ने वर्ल्ड कप से विदाई का संकेत दिया

**न्यू जर्सी।** ब्राजील के फॉरवर्ड नेमार ने संकेत दिया है कि गुरुवार से शुरू होने वाला फीफा वर्ल्ड कप उनके करियर का आखिरी वर्ल्ड कप होगा। 34 साल के खिलाड़ी ने फीफा के एक सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में यह बात कही। इस पोस्ट में नेमार के करियर की तस्वीरें थीं और साथ में लिखा था, हमने उन्हें बड़े होते देखा है। सैंटोस के इस अटैकर ने कमेंट सेक्शन में जवाब दिया, द लास्ट डांस (आखिरी डांस) दिग्गज खिलाड़ी माइकल जॉर्डन के 1997-98 में शिकागो बुल्स के साथ खेले गए आखिरी सीजन से जुड़ा है। ब्राजील के फॉरवर्ड नेमार, जिन्होंने 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल किए हैं और ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, अक्टूबर 2023 में 'एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट' फटने की चोट के बाद से ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं।

# भारतीय महिला टीम ने सैफ चैंपियनशिप जीती

## फाइनल मुकाबले में डिफेंडिग चैंपियन बंगलादेश को हराया

**मडगांव/नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने बंगलादेश को हराकर दक्षिण एशिया फुटबॉल चैंपियनशिप द्घसैफऋ का खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने छठी बार यह टूर्नामेंट जीता है।

मडगांव के पं.जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने डिफेंडिग चैंपियन बंगलादेश को 3-1 से हराया। भारतीय टीम के लिए प्यारी जाख्सा ने , सनफिदा नोंगरुम ने और लिडा कोम सेर्तो ने एक-एक गोल किया। वहीं बंगलादेश के लिए रितु पोर्ना ने एकमात्र गोल दागा। मेजबान भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। टीम ने सभी चार मुकाबले जीते, 18 गोल किए और केवल



एक गोल खाया। इसी बीच उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर भारतीय महिला फुटबॉल टीम को रविवार कोबधाई दी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों की तारीफ की और भरोसा जताया कि उनकी यह कामयाबी और अधिक युवाओं को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने टीम की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा, ष्सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर भारतीय महिला फुटबॉल टीम को बधाई। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया है। इससे आने वाले समय में और अधिक युवाओं को फुटबॉल खेलने का प्रोत्साहन मिलेगा। टीम को भविष्य के प्रयासों के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। भारत की यह जीत देश में महिला फुटबॉल के लिए एक और बड़ा मील का पत्थर है तथा दक्षिण एशियाई फुटबॉल में टीम के दबदबे को और मजबूत करती है। यह जीत ऐसे समय में मिली है जब जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रमों, बेहतर बुनियादी ढांचे और प्रतियोगिताओं के जरिए महिला फुटबॉल को मजबूत करने के प्रयास तेज हैं।

# बल्लेबाज के तौर पर सूर्यकुमार को और मौके मिलने चाहिए थे : अश्विन

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि सूर्यकुमार यादव को बल्लेबाज के रूप में खुद को साबित करने के लिए थोड़ा और समय दिया जा सकता था, बजाय इसके कि टी 20 विश्व कप खिताब जिताने के सिर्फ दो महीने बाद ही उन्हें भारत की टी20 टीम से पूरी तरह बाहर कर दिया जाए।

बल्लेबाज के तौर पर सूर्यकुमार का टी- 20 विश्व कप साधारण रहा था। उन्होंने 136-72 के स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाए थे। इसके बाद आईपीएल में भी वह लय हासिल नहीं कर सके और 147-54 के स्ट्राइक रेट से 270 रन ही बना पाए। ईएसपीएन क्रिकइंफो के वीडियो शो में अश्विन ने कहा, ष्देखिए, मुझे लगता है कि यह एक बहुत



दिलचस्प मिसाल है। मैं एक पल के लिए खुद को सूर्यकुमार यादव की जगह रखकर सोचता हूं कि इस समय वह कैसा महसूस कर रहे होंगे। मुझे यकीन है कि किसी भी खिलाड़ी को टीम से बाहर किए जाने पर दुखी होने का पूरा हक है और अगर वह बुरा महसूस कर रहे हैं, तो यह पूरी तरह जायज है। उन्होंने कहा, ष्लेकिन जिस तरह यह फैसला लिया गया है, उसे लेकर मुझे थोड़ी झिझक है क्योंकि मैं अपने मन में सोच रहा हूं--- अगर मैं खुद को सूर्यकुमार की जगह रखूं तो? ठीक है, मेरी बल्लेबाजी का फॉर्म पिछले 18 महीनों या 15 महीनों में मेरा साथ नहीं दे पाया। मैं उस स्तर पर नहीं खेल पाया, जैसा खेल सकता था। लेकिन फिर भी मैं देश के लिए टी 20 विश्व कप जीतने में कामयाब रहा।' ष्बल्लेबाज के तौर पर मेरा विश्व कप बहुत शानदार नहीं रहा, लेकिन टीम के बाकी लोगों-कोच, उपकप्तान, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज की तरह, क्या मैं भी एक सफल कप्तान नहीं हूं? मैंने भी तो अपनी भूमिका निभाई है।ष अश्विन ने आगे कहा कि इतना कठोर फैसला भविष्य के चयन के लिए एक नई मिसाल भी कायम करेगा। उन्होंने कहा, ष्क्या हम बड़े-बड़े दिग्गज खिलाड़ियों को उनकी जगह रखकर देख सकते हैं? क्या कभी ऐसा हुआ है कि टी 20 विश्व कप जीतने वाले कप्तान को बिना किसी अंतिम चेतावनी के टीम से बाहर कर दिया गया हो? मुझे यकीन है कि उनसे बात हुई होगी, इस पर मुझे कोई संदेह नहीं है।

# उलानबतोर ओपन: भारतीय पहलवानों ने जीते दो स्वर्ण सहित कुल छह पदक

**उलानबतोर (मंगोलिया)।** सागर जगलान और टीनएजर काजल ढोचक ने अपने-अपने भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए उलानबतोर ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के तीसरे दिन स्वर्ण पदक जीत।

भारतीय पहवानों ने इस दिन दो स्वर्ण सहित छह पदक अपने नाम किए। शनिवार को हुए मुक. ाबले में 21 साल के सागर जगलान ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 74किंग्रा वर्ग के फाइनल में तामिर एशिनिमाएव को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पहलवान ने क्वार्टर-फाइनल में अपने ही देश के जयदीप को 7-2 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। इसके बाद सागर ने सेमीफाइनल में मंगोलिया के टोलुई मुंखबात को टेक्निकल सुप. ीरियरिटी के आधार पर 10-0 से हराया। वहीं, 22 साल के जयदीप ने रेपचेज के जरिए वापसी की और मेडल मुकाबले में मुंखबात को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर 15-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। सागर जगलान और जयदीप, दोनों के लिए ए उनके दूसरे रैंकिग सीरीज पदक है। सागर ने जुहायर सघायर 2022 में रजत पदक जीता था, जबकि जयदीप ने उलानबतोर में लगातार दूसरे साल कांस्य जीता। महिलाओं की रेसलिग में, अंडर 23 एशियाई चैंपियन काजल ने 76 किंग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता। उन्होंने फाइनल में नाइजीरिया की डमोला ओजो (जो एक अफ्रीकन चैंपियन हैं) को 8-0 से हराया। 18 साल की काजल ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाकिस्तान की गुलमारल एरकेबाएवा को 'फॉल' से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की और फिर क्वार्टर-फाइनल में चीन की साइहान आओ को 12-1 से हराया। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की एल्मिरा सिजदिकोवा को 'फॉल' से हराकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। एशियाई खेलों में जाने वाली रेसलर प्रिया मलिक ने इसी कैटेगरी में मंगोलिया की तुवशिनजार्गल ताराव को 8-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। प्रिया सेमीफाइनल में डमोला ओजो से 5-1 से हार गई थीं, जिसके बाद उन्हें कांस्य पदक मुकाबले में खेलना पड़ा। भारत की हंसिका लांबा ने महिलाओं के 55 किंग्रा वर्ग में मंगोलिया की अरिउनजाया ओडोनचिमेग के खिलाफ 10-0 से 'टेक्निकल सुपीरियरिटी' के आधार पर जीत हासिल करके कांस्य पदक जीता। हंसिका को क्वार्टर- फाइनल में उत्तर कोरिया की ह्योग्योंग चो से हार का सामना करना पड़ा था।

# मोहक के विस्फोटक शतक से बाल भवन क्रिकेट अकादमी की शानदार जीत

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के पूल सी लीग मुक. ाबले में बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए भवानी यूथ क्रिकेट क्लब को रविवार को 26 रन से पराजित किया।

टॉस जीतकर भवानी यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 231 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। मोहक कुमार ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में 104 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 10 छक्के शामिल थे। यश भाटिया ने 27 गेंदों पर 60 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि यजस शर्मा ने 26 रन का योगदान देकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। भवानी यूथ की ओर से सभय झा ने 48 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि महाक्ष दीवान और कार्तिक पवार ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। 232 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भवानी यूथ क्रिकेट क्लब की टीम कघ संघर्ष के बावजूद 18-3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। सनत सांगवान ने 66 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 6 छक्के शामिल थे। गुलजार संधू ने 29 और विमन्यु ने 25 रन बनाए, पर टीम को जीत नहीं दिला सके।

# गैबी थॉमस ने जीता 200 मीटर का खिताब

**टेक्सास।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन गैबी थॉमस ने 21-70 समय के साथ लोन स्टार ग्रां प्री में महिलाओं की 200 मीटर दौड़ का खिताब अपने नाम किया। यह इस वर्ष महिलाओं की दौड़ का सबसे तेज समय है। वहीं कैमरीन रोजर्स ने महिलाओं के हैमर थ्रो में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा।

मुकाबले में अमेरिका की स्प्रिंटर थॉमस ने पेरिस 2024 में अपने ओलंपिक-जीतने वाले 21-83 सेकंड के प्रदर्शन से भी तेज दौड़ लगाई, और 2023 में बनाए गए अपने व्यक्तिगत सबसे अच्छे समय से सिर्फ 0-10 सेकंड पीछे रहीं। तीन बार की गोल्ड मेडलिस्ट ने कॉलेज स्टेशन, टेक्सास में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे रहते हुए रेस जीती। अमेरिका की कायला व्हाइट 22-07 सेकंड के साथ दूसरे और नाइजीरिया की



फेवर ओफिली 22-15 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। मुक. ाबला जीतने के बाद थॉमस ने कहा, ष्मैं इस समय को देखकर थोड़ी हैरान हूं, लेकिन मैं कड़ा अभ्यास कर रही हूं। अफ्रीका में मेरा टूर बहुत अच्छा रहा, और अब मेरी कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है। मैं इस 'ऑफ' ईयर (बिना बड़े टूर्नामेंट वाले साल) का आनंद ले रही हूं क्योंकि इसमें ओलंपिक या वर्ल्ड चैंपियनशिप का कोई दबाव नहीं है, इसलिए मैं बस इस सीजन का मजा ले रही हूं।ष थॉमस ने सेंट लूसिया की मौजूदा ओलंपिक 100 मीटर चैंपियन जूलियन अल्फ्रेड द्वारा अप्रैल में ऑस्टिन, टेक्सास में बनाए गए 21-86 सेकंड के 2026 के पिछले वर्ल्ड बेस्ट समय को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इस साल की शुरुआत में नैरोबी द्घकेन्याऋ और अदीस अबाबा द्घइथियोपियाऋ में भी 200 मीटर स्पर्धा जीती थी। ओलंपिक चैंपियन रोजर्स ने महिलाओं के हैमर थ्रो इवेंट में 79-36 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की। उन्होंने अमेरिका की रेचल रिचसन की कड़ी चुनौती का सामना किया। रोजर्स की शुरुआत थोड़ी लड़खड़ाती हुई रही। उन्होंने फाउल के साथ शुरुआत की और फिर 74-43 मीटर का थ्रो किया, जबकि रिचसन ने 74-53 मीटर के थ्रो के साथ शुरुआती बढ़त बना ली थी। बाद में, कनाडा की रोजर्स ने मुकाबले में वापसी की और तीसरे राउंड में 79-36 मीटर का थ्रो करके बढ़त बना ली। उनकी नॉर्थ अमेरिकन प्रतिद्वंद्वी रिचसन ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 79-33 मीटर का थ्रो किया। आखिरकार, केवल तीन सेंटीमीटर के अंतर से मुकाबले का नतीजा तय हुआ। रोजर्स जीतीं, रिचसन दूसरे स्थान पर रहीं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# लो फिर बढ़ गए दाम

पहले से ही महंगाई की आंच में झुलस रहे लोगों को रविवार को एक और झटका लग गया। ऐसा तीसरी बार है जब घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं। तीन महीने में ही यह कीमत दूसरी बार बढ़ाई गई है। इससे पहले सात मार्च को एलपीजी के दाम 60 रुपये बढ़ाए गए थे। कुल बढ़त की बात करें, तो एलपीजी सिलेंडर तीन महीने में 89 रुपये महंगा हो गया है। भले ही इस वृद्धि के लिए सरकार को कोसें, लेकिन सरकार ने अपनी तरफ से साफ कर दिया है कि दुनियाभर में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उतार चढ़ाव के बीच अभी भी भारतीय परिवारों को सबसे सस्ती कुकिंग गैस मिल रही है। सरकार के अनुसार भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत अन्य देशों आस्ट्रेलिया, अमेरिका जैसे एडवांस इकोना.मी के मुकाबले काफी कम हैं और इसका कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत का बोझ सरकार खुद उठा रही है ताकि आम लोगों पर इसका भार न पड़े। कॉमर्शियल सिलेंडर की बात करें, इसमें तो बेतहाशा वृद्धि हुई है। 19 किलोग्राम का कॉमर्शियल सिलेंडर 3113 में बिक रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत को पेट्रोलियम व गैस जैसे पदार्थ भारी मात्रा में आयात करने पड़ते हैं और पश्चिम एशिया में आए व्यवधान ने स्थिति को काफी पैचीदा बनाया है। फरवरी के अंत में जिस तरह ईरान ने होर्मुज बंद किया है, उसने भी गैस की कीमतों में उछाल लाने का काम किया है। दुनिया का करीब एक तिहाई तेल और भारत की 54 प्रति. एलपीजी का आयात होर्मुज के रास्ते ही होता है। हालांकि भारत अपने बेहतर तालमेल के जरिये अपने जहाजों की आवाजाही हो रही है। सरकार अभी भी बड़ी मात्रा में सब्सिडी दे रही है, क्योंकि इस समय में भारत में एक एलपीजी घरेलू सिलेंडर की कोस्ट 1600 रुपये से ऊपर पहुंच रही है। इस तरह सरकारी तेल कंपनियों को हर घरेलू सिलेंडर पर करीब 700 रुपये की अंडर रिकवरी का नुकसान हो रहा है और इस रिकवरी के अंतर को पब्लिक सेक्टर की आइल कंपनियां झेल रही हैं। जिसकी भरपाई सरकार करती है। गैस पर कीमतों का बढ़ना बता रहा है अभी जनता को महंगाई से किसी तरह की राहत नहीं मिलने जा रही है, बल्कि इसकी तपिश और बढ़ती जा रही है। जाहिर है इस तरह की वृद्धि का असर मध्यम व गरीब उपभोक्ताओं पर सबसे अधिक होता है। दिक्कत यह है कि आय के साधन उस अनुपात में नहीं बढ़ रहे हैं, जिस तरह महंगाई बढ़ रही है।

## राम मंदिर पर चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब



अयोध्या के राम मंदिर में भक्तों की ओर से दिए जाने वाले चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब हुई है, यह बेहद शर्मनाक है और कोई भी इस पर सफाई देने के लिए तैयार नहीं है, न्यायालय को मामले में स्वत: संज्ञान लेकर जांच करनी चाहिए, समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवे.दनशील समाचार है कि राम मंदिर' के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पायी गई है, ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है, कोई भी सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है, न्यायालय से स्वत: संज्ञान लेने की मांग है क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है।

**-अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

# गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं सभी महासागर



योगेश कुमार गोयल



पृथ्वी पर मुख्यत: पांच प्रमुख महासागर हैं, प्रशांत महासागर, हिन्द महासागर, अटलांटिक महासागर, उत्तरी ध्रुव महा.सागर और दक्षिणी ध्रुव महासागर। ये सभी महासागर न केवल धरती के पारिस्थितिक संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं बल्कि मानव जीवन के लिए अनेक प्रकार की सेवाएं भी प्रदान करते हैं लेकिन दुर्भाग्यवश आज ये सभी महासागर गंभीर प्रदूषण की चपेट में आ चुके हैं। हर साल 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है, जिससे मानव जीवन में समुद्रों की अहमियत, महासागरों की साफ-सफाई और उनकी सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाई जा सके लेकिन जिस रफ्तार से समुद्रों में प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे यह दिवस केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन बनकर रह गया है। विश्व महासागर दिवस की वर्ष 2026 की थीम है पुनर्कल्पना हमारी जानी-पहचानी दुनिया से परे, हमारे महासागर के साथ एक नया रिश्ता, जो हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करती है कि महासागर केवल जलराशि नहीं बल्कि पृथ्वी के जीवन, जलवायु और जैव विविधता के आधार हैं। दुनियाभर के महासागर बढ़ते मानवीय क्रियाकलापों के कारण बुरी तरह प्रदूषित हो रहे हैं। पर्यावरण वैज्ञानिकों के अनुसार, औसतन हर मिनट एक ट्रक प्लास्टिक कचरा समुद्रों में फैंका जा रहा है। इसके अलावा, भारी मात्रा में सीवेज, औद्योगिक रसायन और जहरीले तत्व भी समुद्रों में पहुंच रहे हैं। अरबों टन प्लास्टिक कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है, जो न तो आसानी से विघटित होता है और न ही पूरी तरह समाप्त होता है। यह वर्षों तक समुद्र में पड़ा रहकर समुद्री जीवन और पारिस्थितिकी को बुरी तरह प्रभावित करता है। समुद्रों में समाते इन प्लास्टिक कणों और रासायनिक तत्वों का समुद्री वनस्पतियों और जीव-जंतुओं पर बेहद घातक असर पड़ता है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित बहुचर्चित पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें के मुताबिक, महासागरों का तापमान बढ़ रहा है, जल का पीएच मान घट रहा है, पोषक तत्वों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और ऑक्सीजन की कमी भी स्पष्ट रूप से दर्ज की जा रही है। इन सभी प्रभावों का सीधा असर समुद्री पारिस्थितिकी पर पड़ता है। भारतीय उपमहाद्वीप से भी हर वर्ष करोड़ों टन भारी धातुएं और लवणीय तत्व हिन्द महासागर में प्रवाहित हो जाते हैं। समुद्रों में सबसे ज्यादा खतरा प्लास्टिक कचरे से है, जिसे समुद्री जीव भोजन समझकर निगल जाते हैं। कई बार व्हेल, समुद्री कछुए और डॉल्फिन जैसे जीव मछली पकड़ने वाले जाल या अन्य प्लास्टिक अपशिष्ट को खा लेते हैं, जिससे उनकी मौत हो जाती है। अनेक अध्ययनों से पता चला है कि प्लास्टिक में मौजूद विषैले रसायन समुद्री जीवों के शरीर में चले जाते हैं। इन मछलियों और समुद्री जीवों को दुनियाभर में लगभग 3 अरब लोग भोजन के रूप में उपयोग करते हैं। इस प्रकार यह प्रदूषण मानव स्वास्थ्य को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहा है। नार्वे के पास वैज्ञानिकों को किलर व्हेल के चर्बी ऊतकों में पीसीबी जैसे विषैले रसायनों के उच्च स्तर मिले हैं, जो कई देशों में दशकों पहले ही प्रतिबंधित किए जा चुके हैं। साथ ही पीएफएएस नामक रसायन भी इन जीवों में पाए गए हैं, जो हार्मोन संतुलन, प्रजनन क्षमता और जीवनचक्र पर बुरा असर डालते हैं। वैज्ञानिकों ने व्हेल्स के शरीर में ब्रॉमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स भी खोजे हैं, जो पीढ़ियों में ट्रांसफर होकर अगली पीढ़ी तक जहरीले असर छोड़ते हैं। स्पेनिश नेशनल रिसर्च काउंसिल द्वारा किए गए एक शोध में समुद्री कछुओं के पेट और मांसपेशियों में प्लास्टिक यौगिकों के उच्च स्तर पाए गए हैं। पूर्वी स्पेन के कैटलन तट पर और बेलिएरिक द्वीपों में मृत पाए गए लॉगरहेड प्रजाति के 44 समुद्री कछुओं के विश्लेषण में यह तथ्य सामने आए। इनके शरीर में मौजूद यौगिक हार्मोन सिस्टम, न्यूरोलॉजिकल और कैंसरजनक गतिविधियों को प्रभावित करते हैं। महासागरों में प्लास्टिक पहुंचने का सबसे बड़ा जरिया नदियां हैं। हर साल लाखों टन प्लास्टिक कचरा नदियों के जरिए समुद्रों तक पहुंचता है। प्लास्टिक वेस्ट मेकर्स इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2019 में पूरी दुनिया में 130 मिलियन मीट्रिक टन एकल उपयोग वाला प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ। इसमें से केवल 35 प्रतिशत को ही जलाया गया, 31 प्रतिशत को जमीन में दबाया गया और 19 प्रतिशत को खुले में या समुद्रों में फैंक दिया गया। 'साइंस एडवांसेज' जर्नल में प्रकाशित 'ओ.शियन क्लीनअप' संगठन के अनुसार समुद्रों में प्लास्टिक प्रदूषण फैलाने वाली नदियों की संख्या हजारों में है लेकिन केवल एक हजार नदियां ही 80 प्रतिशत प्लास्टिक कचरे के लिए जिम्मेदार मानी जाती हैं। इन नदियों में से अधिकांश छोटी और मध्यम आकार की ही हैं, न कि केवल विशाल नदियां, जैसा पहले माना जाता था। फिलीपींस, चीन, भारत और मलेशिया जैसी देशों की नदियां समुद्रों में प्लास्टिक पहुंचाने के मामले में अग्रणी हैं। अकेले फिलीपींस की 4800 नदियां हर साल 3.5 लाख मीट्रिक टन प्लास्टिक समुद्रों तक पहुंचाती हैं। भारत की 1100 से ज्यादा नदियां हर साल 1.25 लाख टन प्लास्टिक समुद्र में पहुंच.ाती हैं। प्लास्टिक प्रदूषण के अलावा जलवायु परिवर्तन भी महासागरों के लिए खतरा बन चुका है। महासागरों का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इसके कारण तूफानों की तीव्रता और संख्या में वृद्धि हो रही है। अरब सागर, जो पहले अपेक्षाकृत ठंडा क्षेत्र माना जाता था, अब गर्म हो चुका है। इससे मानसून के पूर्व सत्र में लगातार पांच वर्षों तक चक्रवातों की संख्या में तेजी आई है। आईपीसीसी की जलवायु वैज्ञानिक डॉ। रोक्सी कौल के अनुसार, यह स्थिति जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट संकेत हैं और इससे समुद्री पारिस्थितिकी और मानव जीवन दोनों को खतरा है। बहरहाल, वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों की राय में समुद्रों की निगरानी के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक कठोर उपाय अपनाने होंगे। प्लास्टिक उत्पादन, खपत और निपटान को नियंत्रित करने के लिए ठोस नीति और जन-जागरूकता अभियान चलाना बेहद जरूरी हो गया है। तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए समुद्रों को सुरक्षित और स्वच्छ बना पाएंगे।

# मुस्लिम युवाओं को शिक्षा व मीडिया से जुड़ने की जरूरत

**एजुकेशन के मामले में तो मुसलमानों में काफी सुधार देखा जा रहा है और लड़कों के साथ-साथ लड़कियां भी शिक्षा के मामले में आगे कदम बढ़ा रही हैं और इस तरफ काफी अच्छे रिजल्ट भी देखने को कुछ सालों में मिले हैं लेकिन यदि हम मीडिया की बात करें तो ऐसा नहीं है कि मीडिया में मुसलमान नहीं हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में मुसलमानों की भागीदारी की बात की जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर कुछ चंद नाम तो मीडिया में मुसलमानों में जरूर नजर आते हैं।**



शिबली रामपुरी

मौजूदा दौर में मुसलमानों के सामने कितनी परेशानियां है इसके बारे में सब कुछ आईने की तरह साफ है पॉलिटिक्स से लेकर हर जगह पर उनको कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजनीति में हार जीत राजनीतिक पार्टियों की और उनके नेताओं की होती है लेकिन निशाने पर मुसलमानों को कई तरीके से लेने का एक चलन सा चल पड़ा है जबकि हकीकत यह है कि मुसलमानों में राजनीतिक तौर पर आज भी उतनी जागरूकता नहीं है कि जितनी होनी चाहिए और इसी का खामियाजा वह लगातार भुगत रहे हैं।

मुस्लिम युवाओं की एक बड़ी आबादी राजनीति में दिलचस्पी तो रखती है और भावनात्मक तौर पर वह नेताओं को वोट भी करती है लेकिन जितनी जागरूकता अपने वोट को लेकर या राजनीतिक पार्टियों में से कौन बेहतर है इसको लेकर होनी चाहिए वैसी जागरूकता अभी तक भी मुस्लिम युवाओं में नहीं आ सकी है या फिर बहुत ही कम देखने को ऐसा मिल रहा है कि जहां पर मुस्लिम युवा बहुत ज्यादा समझदारी के साथ राजनी.ति में हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे हालात में युवाओं को चाहिए कि वह शिक्षा में ज्यादा से ज्यादा अपनी पहुंच बनाएं और बेहतर से बेहतर एजुकेशन हासिल कर अपना भविष्य उज्जवल बनाएं इसके अलावा उनको मीडिया में भी जाना चाहिए क्योंकि मीडिया आज सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है और मीडिया के माध्यम से ही मुसलमानों के बारे में तमाम तरह की गलतफहमियां फैलाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जा रही है। टीवी चैनलों की डिबेट का क्या स्तर हो चुका है यह सभी जानते हैं इसके अलावा मुसलमानों के खिलाफ लगातार बयानबाजी का सिलसिला जारी है और मामूली से मामूली बातों पर भी मुसलमानों को बयानबाजी के मामले में निशाने पर ले लिया जाता है और फिर सियासी रोटियां भी सेंकने का काम होता है। एजुकेशन के मामले में तो मुसलमानों में काफी सुधार देखा जा रहा है और लड़कों के साथ-साथ लड़कियां भी शिक्षा के मामले में आगे कदम बढ़ा रही हैं और इस तरफ काफी अच्छे रिजल्ट भी देखने को कुछ सालों में मिले हैं लेकिन यदि हम मीडिया की बात करें तो ऐसा नहीं है कि मीडिया में मुसलमान नहीं हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में मुसलमानों की भागीदारी की बात की जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर कुछ चंद नाम तो मीडिया में मुसलमानों में जरूर नजर आते हैं लेकिन अभी उस स्तर तक मुस्लिम मीडिया में नहीं पहुंच सके हैं कि जितना उनको होना चाहिए हालांकि यह बात भी



अपनी जगह कायम है कि जहां-जहां भी मुसलमानों को मीडिया में मौका मिल रहा है वहां पर वह बेहतरीन काम कर रहे हैं अपने शहर अपने मां-बाप और देश का नाम रोशन करने में खूब मेहनत कर रहे हैं। राजनीति में भी मुस्लिम युवाओं को जाना चाहिए लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए राजनीति से ज्यादा जरूरी एजुकेशन और मीडिया में जाकर मेहनत करना है।

# व्यवस्था के बाहर ही नहीं भीतर भी भरी है कॉकरोच



तनवीर जाफरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में लोगों से गर्मी से बचाव करने हेतु सावधानी बरतने की अपील की थी। इस अपील में दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलना और चक्कर आने पर छायादार जगह पर लेटना जैसे अनेक देसी उपाय शामिल थे। परन्तु इस अपील के बावजूद गत 6 जून को हजारों छात्रों व युवाओं को दिल्ली की चिलचिलाती धूप में जंतर मंतर पर इकट्ठा होने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह युवा व छात्र देश के शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। जेन जी ने जंतर मंतर पर यह घोषणा की कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते तो इस तरह के प्रदर्शन देशभर में किए जाएंगे। गौरतलब है कि धर्मेंद्र प्रधान विगत लगभग 5 वर्षों से लगातार भारत सरकार के शिक्षा मंत्री के पद पर आसीन हैं।

उन्हीं के कार्यकाल के दौरान NEET-UG 2024 जिसकी परीक्षा 5 मई 2024 को निर्धारित थी,का पेपर बिहार में लीक हुआ था। इस मामले में कई आरोपी गिरफ्तार भी हुए थे। अभी पिछले दिनों उन्हीं के कार्यकाल में NEET-UG का पेपर लीक हुआ। इस से दुखी होकर चार छात्रों ने आत्महत्या कर ली और लगभग 22 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया। हालांकि कांग्रेस ने 2014-2024 तक 25 परीक्षाओं की सूची जारी की है जिसमें बिहार TET-UPSC तथा बिहार, उत्तर प्रदेश व राजस्थान आदि की राज्य स्तर की भर्ती परीक्षाओं में धांधली अथवा पेपर लीक की शिकायत है। इनमें से कई मामले धर्मेंद्र प्रधान के पिछले कार्यकाल यानी 2021-2024 में हुए। ऐसे में



युवा बेरोजगार छात्रों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है। अभी पेपर लीक पर युवाओं का आक्रोश सोशल मीडिया के माध्यम से सत्ता व व्यवस्था पर फूट ही रहा था कि अचानक भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने गत 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह कह दिया कि कॉकरोच की तरह ऐसे देश के कई युवा हैं, जिन्हें रोजगार नहीं मिल रहा है। यह युवा आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं। जस्टिस सूर्यकांत के इस बयान के सार्वजनिक होते ही पहले से ही बेरोजगारी व अनिश्चितता के माहौल में जी रहे देश के युवाओं में स्वभाविक रूप से उबाल आ गया। हालांकि विवाद बढ़ने पर मौके की नजाकत को भांप मुख्य न्यायाधीश ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि उनकी बात को तोड़-मरोड़ के पेश किया गया है। उनका निशाना युवा नहीं थे, बल्कि फर्जी डिग्रियों और गलत तरीकों से प्रतिष्ठित पेशों में घुसपैठ कर रहे लोग थे। उन्होंने कहा कि मुझे हर भारतीय युवा पर गर्व है और हर युवा मुझे प्रेरणा देता है और वह युवाओं को विकसित भारत के स्तंभ के तौर पर देखते हैं परन्तु मुख्य न्यायाधीश का स्पष्टीकरण आने तक देश का बेरोजगार युवा और व्यवस्था से नाराज नई युवा पीढ़ी जेन जी आक्रोशित हो चुकी थी। अभिजीत दीपके जोकि पूर्व में आम आदमी पार्टी के साथ एक राजनीतिक संचार रणनीतिकार के रूप में भी काम कर चुके हैं, ने 16 मई 2026 को सोशल मीडिया पर आधिकारिक रूप से कॉकरोच जनता पार्टी के नाम से पहले एक मजाकिया ऑनलाइन पेज शुरू किया बाद में यह इंस्टाग्राम, ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हुआ और देखते ही देखते मात्र चार दिन में इस पेज ने रिकार्ड 44 लाख से अधिक युवा समर्थक जुटा लिए। इंस्टाग्राम पर तो सिर्फ 5 दिन में 1.87 करोड़ फॉलोवर्स हो गए। इस अभियान से भयभीत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर इसका ट्विटर अकाउंट भारत में ब्लॉक करवा दिया।

जस्टिस सूर्यकांत द्वारा देश के युवाओं को काकरोच अथवा परजीवी कहे जाने के बाद व अपने इस बयान पर सफाई दिए जाने के बावजूद कॉकरोच की परछाई उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। गत 4 जून को लंदन विश्वविद्यालय के बर्कबेक कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अंतर्राष्ट्रीय कानून विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में कई प्रतिभागियों ने भारत में लोकतंत्र के रिकॉर्ड और असहमति के प्रति बढ़ती शत्रुता को लेकर जस्टिस सूर्यकांत के समक्ष सवाल उठाया। यह हंगामा भी जस्टिस सूर्यकांत के 15 मई के बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच बताने वाले बयान से जुड़ा है। गोया भारतीय युवाओं का आक्रोश अब भारत से बाहर भी नजर आने लगा है। युवाओं का गुस्सा केवल कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के रूप में दिल्ली में ही नहीं फूटा बल्कि कांग्रेस, युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय छात्र संगठन ने भी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा तथा पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

ऐसा लगता है कि शिक्षा मंत्री की प्राथमिकता पारदर्शी व साफ सुथरी परीक्षाएं कराना नहीं बल्कि शिक्षा जैसे नाजुक व गंभीर क्षेत्र में भी अपना एजेंडा लागू करना है। इसी एजेंडे के तहत कहीं पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव किया जा रहा है तो कहीं इतिहास को ही बदलने की कोशिश की जा रही है। कहीं सर्वधर्म समभाव व साम्प्रदायिक सौहार्द की सीख देने वाले अध्यायों को पाठ्यक्रमों से निकाला जा रहा है तो कहीं पाठ्यक्रमों में आधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के बजाय धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त विशेष विचारधारा के अनेक अयोग्य लोगों को वॉइस चांसलर जैसे पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर, उत्तर प्रदेश) के इसी तरह के एक पूर्व वाइस चांसलर का नाम डॉ. राजाराम यादव था। जिन्होंने छात्रों को भीख मांगने को रोजगार बताया था। उन्होंने कहा था कि बेरोजगार युवा ट्रेन में खंजरी बजाकर भीख मांग कर कमाई कर सकते हैं।

# ट्रम्प ने भारत में बाइक चलाने का एआई वीडियो शेयर किया

■ शेर की सवारी करते दिखे अमेरिकी राष्ट्रपति चांद पर झंडा भी लगाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर एक एआई-जनरेटेड वीडियो शेयर किया। करीब एक मिनट के इस वीडियो में ट्रम्प कभी भारत की सड़कों पर बाइक चलाते दिखते हैं, तो कभी शेर की सवारी करते नजर आते हैं।

वीडियो में ट्रम्प के कई अलग-अलग अवतार दिखाए गए हैं। उन्हें रेगिस्तान में ऊंट पर बैठे, पैराग्लाइडिंग करते और स्पेससूट पहनकर चांद पर अमेरिकी झंडा लगाते हुए भी दिखाया गया है। इतना ही नहीं, उनका चेहरा पिज्जा, बस, होर्डिंग, माउंट रशमोर और नार्दर्न लाइट्स पर भी नजर आता है। वीडियो के बैकग्राउंड में एक गाना चलता है, जिसके बोल ट्रम्प की तारीफ पर केंद्रित हैं। इसमें बार-बार कहा जाता है कि दुनिया भर के लोग ट्रम्प को पसंद करते हैं और उनका समर्थन करते हैं। वीडियो के गाने में दावा किया गया है कि मेक्सिको, मिडिल ईस्ट, चीन और भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में लोग ट्रम्प को पसंद करते हैं। महज एक मिनट लंबे वीडियो में 'ट्रम्प' शब्द 45 बार और 'डोनाल्ड' नाम 29 बार सुनाई देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कि एवरीबडी लव्स डोनाल्ड ट्रम्प नाम का यह गाना ट्रुथ सोशल पर 'एसी132' नाम के यूजर ने बनाया था। वीडियो के आखिर में इसका क्रेडिट एंथनी कान्स्टैंटिनो को दिया गया है, जो न्यूयार्क से ट्रम्प समर्थित रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं।

# उत्तर कोरिया ने अमेरिका को दी खुली चुनौती

## किम जोंग उन की बहन बोलीं: परमाणु हथियार नहीं छोड़ेंगे



■ उत्तर कोरिया को परमाणु शक्ति राष्ट्र के रूप में मान्यता मिल चुकी

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर अमेरिका को खुली चुनौती देते हुए साफ कर दिया है कि वह अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को बंद नहीं करेगा। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने अमेरिका की परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग को पुराना और अव्यावहारिक सपना बताया।

उन्होंने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों से मिल रहे खतरे के बीच उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु हथियारों को मजबूत करेगा। इस बयान ने एक बार फिर कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ा दिया है। किम जोंग उन की बहन और उत्तर कोरिया की वरिष्ठ नेता किम यो जोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया को परमाणु शक्ति राष्ट्र के रूप में मान्यता मिल चुकी है और अमेरिका की तरफ से इसे बदलने की कोशिश का कोई कानूनी महत्व नहीं है। उन्होंने अमेरिका के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अभी भी पुराने दौर की सोच में फंसा हुआ है। उत्तर कोरिया अब पीछे हटने वाला नहीं है और अपनी सुरक्षा के लिए परमाणु ताकत बढ़ाता रहेगा। उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु हथियार और मिसाइल कार्यक्रम को मजबूत कर रहा है। साल 2019 में ट्रंप और किम जोंग उन के बीच बातचीत विफल होने के बाद उत्तर कोरिया ने हथियार कार्यक्रम को और तेज कर दिया था। हाल ही में किम जोंग उन ने एक परमाणु सामग्री उत्पादन संयंत्र का दौरा किया था। वहां उन्होंने कहा था कि देश की परमाणु ताकत को तेजी से कई गुना बढ़ाया जाएगा। रविवार को उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने बताया कि किम जोंग उन ने एक हथियार फैक्ट्री का भी दौरा किया और मिसाइल उत्पादन क्षमता को ढाई गुना बढ़ाने का आदेश दिया। यह बयान ऐसे समय आया है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग उत्तर कोरिया के दौरे पर जाने वाले हैं। माना जा रहा है कि चीन इस दौरे के जरिए उत्तर कोरिया पर अपना प्रभाव फिर मजबूत करना चाहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन सीधे परमाणु निरस्त्रीकरण का मुद्दा नहीं उठाएगा बल्कि आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर जोर देगा। दूसरी तरफ उत्तर कोरिया रूस के और करीब जाता दिख रहा है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया का आरोप है कि उत्तर कोरिया ने रूस को यूक्रेन युद्ध में मदद के लिए हथियार और सैनिक भेजे हैं। इसके बदले रूस से उसे आर्थिक और सैन्य सहायता मिल रही है। किम यो जोंग ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर लगातार हथियार बढ़ाने का आरोप लगाया।

# ट्रम्प की टेक टीम को बड़ा झटका

■ व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति के प्रमुख सलाहकार श्रीराम कृष्णन देंगे इस्तीफा

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति के प्रमुख सलाहकार रहे भारतीय मूल के श्रीराम कृष्णन जून के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के कार्यकाल में एआई रणनीति तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले कृष्णन ने खुद सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अब वह अमेरिका के सामने एआई से जुड़े बड़े मुद्दों पर नए स्तर पर काम करेंगे। उनके इस्तीफे को ट्रम्प प्रशासन की टेक नीति के लिए बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। श्रीराम कृष्णन ने कहा कि व्हाइट हाउस में काम करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा। उन्होंने कहा कि वह जून के आखिर में अपना पद छोड़ देंगे और कुछ समय के ब्रेक के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के लिए एआई से जुड़े बड़े संस्थागत काम करेंगे। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व के बिना अमेरिका एआई की वैश्विक दौड़ में आगे नहीं होता। कृष्णन ने अपने 18 महीने के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिकी एआई एक्शन प्लान तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही उन्होंने एआई एक्सेलेरेशन पार्टनरशिप, राष्ट्रीय एआई नीति फ्रेमवर्क और एआई से जुड़े कई अंतर्राष्ट्रीय समझौतों पर काम किया। उन्होंने फ्रांस, भारत, ब्रिटेन और मध्य पूर्व में आयोजित एआई बैठकों का भी जिक्र किया। श्रीराम कृष्णन ट्रम्प प्रशासन की उस टीम का हिस्सा थे जिसने अमेरिका में एआई सेक्टर के विस्तार के लिए रोडमैप तैयार किया। उन्होंने डेटा सेंटर बढ़ाने, एआई निवेश को आसान बनाने और नियमों में ढील देने जैसी नीतियों पर काम किया।

# अमेरिका ने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन गिराए

## ईरान का आरोप: अमेरिका ने सीजफायर तोड़ा, इजरायल पर आतंकी हमला, एक की मौत

■ इजरायली हमलों में लेबनानी सेना के एक ब्रिगेडियर जनरल समेत 12 लोगों की मौत

**तेल अवीव/तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने आज होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। सेना का कहना है कि ये ड्रोन वहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकोम) के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने शनिवार को यह कार्रवाई की।

सेना ने कहा कि वह इलाके में किसी भी तरह के खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अमेरिका पर सीजफायर तोड़ने का आरोप लगाया। ईरानी फारेन मिनिस्ट्री का कहना है कि अमेरिका तनाव कम करने के बजाय अपनी सैन्य कार्रवाई से पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है।

दूसरी तरफ सेंट्रल इजरायल में आज एक पेट्रोल पंप हुए आतंकी हमले में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मेडिकल अधिकारियों के अनुसार, इनमें एक की हालत गंभीर है। लेबनान में मौतों का आंकड़ा 3,593 पहुंचा, 2 मार्च से जारी इजरायली हमलों में अब तक 3,593 लोगों की मौत और 10,990 लोग घायल हुए हैं। पिछले 24 घंटे में 35 लोगों की जान गई और 120 घायल हुए। शनिवार को इजरायली हमलों में लेबनानी सेना के एक ब्रिगेडियर जनरल समेत 12 लोगों की मौत हुई। हमलों के बाद कई इलाकों में लोगों को घर खाली करने के आदेश दिए गए।



तेहरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सीरिक और केश्म द्वीप पर तटीय रडार ठिकानों पर हमला कर युद्धविराम का उल्लंघन किया। ईरान ने कहा कि इसके बाद पैदा होने वाले हालात की जिम्मेदारी अमेरिका की होगी। संभावित शांति समझौता ईरान की 24 अरब डॉलर (करीब 2.29 लाख करोड़) की फ्रीज संपत्ति जारी होने पर टिका है। ईरान चाहता है कि समझौते के साथ ही 12 अरब डॉलर जारी किए जाएं, जबकि अमेरिका इस पर अभी सहमत नहीं है। ईरान ने कहा है कि अमेरिका के साथ बातचीत में सबसे बड़ी परेशानी उसका बार-बार बदलता रुख है।

ईरान का कहना है कि अमेरिकी अधिकारी अलग-अलग बयान देते हैं, जिससे किसी समझौते तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि दोनों देशों के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता से मैसेज का एक्सचेंज जारी है, लेकिन बातचीत आगे नहीं बढ़ पा रही है। बगाई ने कहा कि अमेरिका को ईरान के अधिकारों को स्वीकार करना होगा।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत ईरान को शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम चलाने और यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है। ईरान ने यह भी मांग दोहराई कि विदेशों के बैंकों में जमा उसके अरबों डॉलर के फंड पर लगी रोक हटाई जाए और यह पैसा ईरान को वापस दिया जाए। उनका कहना है कि अमेरिका राहत देने की बात तो करता है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाता। अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। सेना का कहना है कि ये ड्रोन वहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (रसेंटकोम) के मुताबिक, मध्य पूर्व में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने शनिवार को यह कार्रवाई की। सेना ने कहा कि वह इलाके में किसी भी तरह के खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इससे पहले शनिवार को भी अमेरिका ने चार ईरानी ड्रोन मार गिराने का दावा किया था। लगातार दूसरे दिन ड्रोन गिराए जाने के दावे के बाद होर्मुज में तनाव और बढ़ गया है। सेंट्रल इजरायल के कोखाव याइर स्थित पेट्रोल पंप पर हुई गोलीबारी में इस्तेमाल किया गया हथियार पुलिस ने बरामद कर लिया है। राहत एजेंसियों के मुताबिक, हमला सिर्फ कोखाव याइर में नहीं बल्कि पास के त्जूर नातान और त्जूर यित्ज़हाक कस्बों में भी हुआ। पुलिस ने बताया कि एक दूसरे संदिग्ध को पकड़ लिया गया है। इसके बाद भी पुलिस, सेना और विशेष सुरक्षा टीमें इलाके में बाकी संदिग्धों की तलाश कर रही हैं।




**आंध्र प्रदेश। श्री सत्य साई जिले में स्थित प्रशांति निलयम के दौरे के दौरान लोगों के साथ प्रार्थना करती बोलिवेरियन गणराज्य वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी एलोइना रोड्रिग्ज गोमेज।**

# अमेरिकी फेस्टिवल के दौरान गोलीबारी, 12 लोग घायल

**टोलेडो।** अमेरिका में ओहायो राज्य के टोलेडो शहर में आयोजित ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवल के दौरान कम से कम 12 लोगों को गोली मार दी गई, जिनमें दो की हालत गंभीर है। ओहायो के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। यह गोलीबारी ऐसे समय में हुई जब पूरे अमेरिका में बंदूक हिंसा को लेकर अधिकारी और समुदाय चितित हैं। टोलेडो पुलिस विभाग ने बताया कि 10 लोगों की हालत स्थिर है, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। टोलेडो पुलिस के डिप्टी चीफ जो हेफरनन ने कहा कि ऐसा लगता है कि दो शूटर थे जो 'शायद एक-दूसरे पर गोली चला रहे थे' और उनमें से कोई भी अभी हिरासत में नहीं है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक गोलियों की तेज आवाज सुनकर फेस्टिवल में आए लोग घबराकर ऐतिहासिक इलाके में भागने लगे। गोलीबारी से घबराई भीड़ चिल्ला रही थी और फूड ट्रकों तथा गोल्फ कार्ट के बीच छिपने की कोशिश कर रही थी। टोलेडो के मेयर वेड कैप्सजुकिविज ने कहा कि सभी घायलों की हालत बेहतर हैं।

# कनाडा ने टेक्सास के मवेशियों पर लगाया प्रतिबंध

■ अमेरिकी मवेशियों में 'स्क्रूवर्म' मिलने के बाद खाद्य निरीक्षण एजेंसी ने लिया फैसला

**ओटावा/वॉशिंगटन।** कनाडा की खाद्य निरीक्षण एजेंसी ने बछड़ों में मांस खाने वाले 'स्क्रूवर्म' (एक प्रकार का परजीवी) मिलने के बाद अमेरिकी राज्य टेक्सास से आने वाले मवेशियों पर अस्थाई प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी राज्य टेक्सास के ला प्रियोर शहर और जवाला काउंटी में बछड़ों के भीतर ये स्क्रूवर्म मिला है।

इसके मद्देनजर टेक्सास में भी आपदा घोषित कर दिया गया है। एजेंसी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कनाडा की सीमा पार करने से पहले 21 दिनों के भीतर जो भी गाय और घोड़े टेक्सास में रहे होंगे, उन्हें देश में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह घोषणा अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) के उस बयान के बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका के सबसे बड़े गोमांस और मवेशी उत्पादक राज्य टेक्सास में दो अलग-अलग बछड़ों में यह परजीवी पाया गया है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इस प्रकोप से पैदा हुए 'आसन्न खतरे' के मद्देनजर शुक्रवार को आपदा की घोषणा कर दी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान इसके और फैलने की आशंका है। 'न्यू वर्ल्ड स्क्रूवर्म' एक परजीवी मक्खी है, जिसकी मादा जीवित गर्म खून वाले जानवरों और इंसानों के खुले घावों व लेष्मा झिल्ली में अंडे देती है। जब इन अंडों से लार्वा निकलते हैं, तो सैकड़ों की संख्या में ये नुकीले मुंह वाले लार्वा मांस को कुतरते हुए भीतर तक रास्ता बना लेते हैं। यदि समय पर इसका इलाज न किया जाए, तो अंततः संक्रमित जीव की मौत हो जाती है।

# अमेरिका में भारत के आईटी प्रोफेशनल की हत्या

## हमलावरों ने फेक पिज्जा ऑर्डर देकर बुलाया, फिर सिर में गोली मारी



■ हमलावर वारदात के बाद मौके से फरार हो गए
■ अमेरिका में अच्छी नौकरी होने के बावजूद अंशुल एक्स्ट्रा कमाई के लिए वीकेंड पर पिज्जा डिलीवरी का पार्ट-टाइम काम करते थे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया शहर में तेलंगाना के 28 साल के भारतीय युवक अंशुल कुंचा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिवार का आरोप है कि यह कोई लूटपाट नहीं बल्कि पहले से रची गई साजिश थी। उनका कहना है कि अंशुल को एक फेक पिज्जा आर्डर देकर सुनसान इलाके में बुलाया गया और वहां पहुंचते ही हमलावरों ने उनके सिर में गोलियां मार दीं।

शनिवार देर रात उन्हें फिलाडेल्फिया के रेमंड रोसेन होम्स नामक हाउसिंग काम्प्लेक्स के एक पते पर पिज्जा पहुंचाने का आर्डर मिला। जब वह वहां पहुंचे तो वहां कोई ग्राहक मौजूद नहीं था। इसी दौरान दो अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया और उनके सिर में कई गोलियां मार दीं। हमलावर वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। अमेरिका में अच्छी नौकरी होने के बावजूद अंशुल एक्स्ट्रा कमाई के लिए वीकेंड पर पिज्जा डिलीवरी का पार्ट-टाइम काम करते थे। अंशुल ने बिजनेस एनालिटिक्स में मास्टर्स की पढ़ाई पूरी की थी। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, फिलाडेल्फिया हाउसिंग अथारिटी के सीसीटीवी कैमरों में अंशुल पिज्जा लेकर जाते हुए दिखाई देते हैं। फुटेज में उनके पीछे काले कपड़े पहने और बैकपैक लिए दो लोग भी नजर आते है पुलिस इन्हीं तस्वीरों के आधार पर हमलावरों की तलाश कर रही है। हालांकि ये फुटेज सार्वजनिक नहीं की गई है। अंशुल की बहन तन्वी का कहना है कि यह पूरी तरह एक जाल था। उन्होंने कहा कि जिस जगह पिज्जा पहुंचाने के लिए बुलाया गया, वहां कोई नहीं था। बाद में पता चला कि वह सिर्फ एक फर्जी आर्डर था। मेरे भाई को सिर्फ मारने के लिए वहां बुलाया गया था। हमें नहीं पता कि हमलावरों को इससे क्या मिला, लेकिन उन्होंने हमारे भाई की जान ले ली। परिवार ने विदेश मंत्रालय से अंशुल का पार्थिव शरीर जल्द भारत लाने की अपील की है। तन्वी ने कहा कि अधिकारियों ने सोमवार तक शव सौंपने की बात कही है, लेकिन परिवार चाहता है कि प्रक्रिया जल्दी पूरी हो ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके। उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की भी मांग की। मीडिया से बातचीत में तन्वी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि मेरा भाई अमेरिका जाना ही नहीं चाहता था, लेकिन परिवार के कहने पर वह वहां गया।

# मेजर अभिलाषा बराक को मोदी ने दी बधाई

■ संयुक्त राष्ट्र के सैन्य जेंडर एडवोकेट पुरस्कार से सम्मानित हो पर उपलब्धि की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित होने पर मेजर अभिलाषा बराक को बधाई देते हुए इसे उनकी उत्कृष्ट सेवा और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भारत के दीर्घकालिक योगदान की मान्यता बताया है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में मेजर बराक की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि वैश्विक शांति स्थापना में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का भी प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित होने पर मेजर अभिलाषा बराक को बधाई। मेजर बराक वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल लेबनान (यूएनआईएफआईएल) में एंगेजमेंट टीम कमांडर और जेंडर फोकल प्वाइंट के रूप में सेवाएं दे रही हैं। यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट सेवा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत के लंबे समय से चले आ रहे योगदान की भी पहचान है।

# गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में मतदान जारी

## एसी के एक सदस्य की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ा, वजीरिस्तान में गोलीबारी, पांच की मौत



■ संगठन 38 सूत्रीय मांगपत्र को लागू करने की मांग कर रहा था

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थानीय संगठन जाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद प्रशासन ने शनिवार को उसके दर्जनों सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए शुक्रवार को संगठन को गैरकानूनी घोषित किया था।

प्रशासन द्वारा जुलाई में आम चुनाव कराने की घोषणा के बीच जेएएसी ने अपनी मांगों को लेकर 9 जून को विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। इसके बाद सरकार ने संगठन पर प्रतिबंध लगाते हुए उसके कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। पिछले वर्ष जेएएसी और उसके विरोधी समूहों के बीच हुए प्रदर्शनों और जवाबी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी और अनेक घायल हुए थे। संगठन 38 सूत्रीय मांगपत्र को लागू करने की मांग कर रहा था। इनमें सस्ती दरों पर आटा और बिजली उपलब्ध कराना तथा क्षेत्रीय विधानसभा में कश्मीरियों के लिए आरक्षित 12 सीटों को समाप्त करना शामिल था। एक रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को रावलाकोट में गोलीबारी की एक घटना में जेएएसी के एक सदस्य की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया। गृह विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि जेएएसी को अवैध घोषित किए जाने के बाद उससे जुड़े लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शन की घोषणा के कारण क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। एहतियात के तौर पर जम्मू-कश्मीर विश्वविद्यालय और मीरपुर इंटरमीडिएट बोर्ड ने 8 जून से शुरू होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। संभावित विरोध प्रदर्शन से निपटने के लिए प्रशासन ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों की मांग की है। भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के भारतीय क्षेत्रों के एक हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है।

गुप्त समस्याएं
बचपन की गलतियाँ
धात, स्वपनदोष, नामर्दी, शीघ्रपतन
लिंगदोष, वीर्यदोष, नसों में ढीलापन ल्यूकोरिया, शुक्राणुहीनता, पेशाब रोग
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नुमाईश ग्राउंड के ठीक सामने मेरठ रोड, मुजफ्फर नगर
M-9359406499



NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एम.बी.बी.एस., एम.एस.
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004